RNI NO.: MAHHIM/2013/52540

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 11 ■ अंक 207 ■ नाशिक, शनिवार 2 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह




मालदीव के साथ प्रगाढ़ होते भारत के संबंध

पेज-4



यूपी बनेगा फुटवियर-लेदर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र

पेज-6



वास्तु शास्त्र में भगवान की फोटो लगाने से जुड़े नियम

पेज-8



वानखेड़े स्टेडियम में बनेगी सुनील गावस्कर की स्टैच्यू

पेज-9

## Short News एक नजर

### अनिल अंबानी को ED का समन

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ( ED) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और MD अनिल अंबानी को 3000 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में समन जारी किया है। ED उनसे 5 अगस्त को पूछताछ करेगी। ED ने पिछले हफ्ते अनिल के मुंबई और दिल्ली समेत 50 से ज्यादा कंपनियों और लोकेशन पर छापेमारी की थी। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई थी। ये छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) की धारा 17 के तहत की गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये समन इसी मामले में पूछताछ के लिए भेजा गया है।

### यूपी में भीषण हादसा पांच लोगों की मौत

**मैनुपुरी।** यूपी के मैनपुरी में शुक्रवार की दोपहर भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से कार सवार पति, पत्नी, दो बेटियों और पति के बहन की मौत हुई है। कार में छह लोग सवार थे। केवल 11 साल की एक बच्ची की जान बची है। हालांकि उसकी हालत भी गंभीर है। हादसा बेवर के ग्राम नगला ताल के पास हुआ। पूरा परिवार जन्मदिन की पार्टी मना कर आगरा से लौट रहा था। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर आला अधिकारी भी पहुंचे और राहत कार्य तेज कराया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएम योगी ने भी हादसे पर शोक जताया है।

### कंगना रनौत को हाईकोर्ट से झटका

**चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कंगना रनौत की तरफ से दायर उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बठिंडा की अदालत में उनके खिलाफ चल रही आपराधिक मानहानि की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति त्रिभुवन दहिया की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ धारा 499 और 500 आईपीसी के तहत अभियोग बनता है और मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन आदेश विधि सम्मत है।

### उत्तराखंड पंचायत चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में जिला पंचायत सदस्यों के लिए 358 सीटों पर कांग्रेस बीजेपी और निर्दलीय चुनावी मैदान में है। भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 101 सीटों पर भारी मतों से जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस ने एक बार फिर से सरकार और चुनाव आयोग पर सवालिया निशान खड़ा किया है। बीजेपी के सीधे उम्मीदवारों को कुल 101 सीटें मिलीं और बीजेपी समर्थित (BJP+) उम्मीदवारों को 23 सीटें मिलीं। कुल मिलाकर बीजेपी गुट को 124 सीट पर जीत मिली है। कांग्रेस के सीधे उम्मीदवारों को 64 सीटें मिलीं और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को 30 सीटें मिलीं।

## इलेक्शन का आया शेड्यूल


# नौ सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली उपराष्ट्रपति का पद 9 सितंबर को भर जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से इलेक्शन की डेट जारी कर दी गई है। आयोग का कहना है कि 21 अगस्त तक नामांकन स्वीकार किए जाएंगे और उसके बाद 9 सितंबर को चुनाव होगा। उसी दिन शाम तक वोटों की गिनती के बाद नतीजे का ऐलान होगा। चुनाव आयोग की ओर से इसका पूरा शेड्यूल जारी किया है। इसके तहत 7 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल करने की डेट रहेगी। 22 अगस्त को नामांकन पत्र जांचे जाएंगे और 25 तारीख तक उन्हें वापस लिया जा सकेगा।

यदि एक से ज्यादा उम्मीदवारों का नामांकन हुआ तो फिर चुनाव कराना



पड़ेगा और ऐसी स्थिति में 9 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग होगी और शाम तक रिजल्ट आ जाएगा। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की शाम को अचानक ही पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इसकी जानकारी भी खुद ही एक्स अकाउंट पर लेटर शेयर करके दी थी। इससे पहले वह राष्ट्रपति भवन गए और प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंप आए थे।

**धनखड़ के इस्तीफे को लेकर कयासों का दौर जारी**

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर अब तक कयासों का दौर जारी है। भले ही उन्होंने अपने इस्तीफे में बिगड़ते स्वास्थ्य का हवाला दिया था, लेकिन विपक्ष की ओर से लगातार कयास लगाए जा रहे हैं कि आखिर उन्होंने अचानक पद क्यों छोड़ा है। सरकार के साथ उनके रिश्ते बिगड़ने को लेकर भी तमाम अपुष्ट दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन सरकार या फिर जगदीप धनखड़ की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ कहा नहीं गया है। गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ ने किसानों के मुद्दे पर तीखी राय जाहिर की थी। इसके अलावा बीते कुछ महीनों में विपक्ष के साथ उनके रिश्ते ज्यादा गहराने की भी चर्चाएं चलती रही हैं।

# दो गुटों में हिंसा और आगजनी

## पुणे में महापुरुष की प्रतिमा का अपमान, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**महानगर संवाददाता**

**पुणे**

एक महापुरुष की प्रतिमा के अपमान के आरोप को लेकर पुणे के दौंड यवत इलाके में शुक्रवार को जमकर बवाल हुआ। आगजनी और पथराव किया गया। हालात को काबू करने के लिए पुलिस को मैदान में उतरना पड़ा। दरअसल इस हंगामे के तार तीन दिन पहले की घटना से जुड़े हैं। एक समुदाय विशेष के लोगों ने दौंड इलाके में उस महापुरुष की प्रतिमा से बदसलूकी की, जिसे महाराष्ट्र के लोग भगवान की तरह पूजते हैं। इस घटना को लेकर इलाके में तनाव था। बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर ने गुरुवार को एक जनसभा भी की और उस समय तक हालात नियंत्रण में रहे। लेकिन शुक्रवार को बवाल तब हुआ, जब विशेष समुदाय से जुड़े एक युवक ने



उस घटना का व्हाट्सऐप स्टेटस लगाया। अचानक ये बात पूरे इलाके में फैल गई और दूसरे समुदाय के लोग इस व्हाट्सऐप स्टेटस के विरोध में सड़क पर उतर आए। दोनों तरफ से पथराव हुआ। पुलिस को सिचुएशन पर कंट्रोल करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने उस युवक को भी हिरासत में ले लिया है, जिसने ये व्हाट्सऐप स्टेटस लगाया था। एसपी संदीप सिंह गिल ने कहा कि यवत गांव में दोपहर लगभग 12-12.30 बजे, पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने व्हाट्सएप/फेसबुक पर आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया है। शिकायत के बाद लड़के को पुलिस स्टेशन लाया गया। कार्रवाई शुरू की गई। कुछ गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। हमारी पुलिस टीम ने गांव में शांति बनाए रखने के लिए गांव के प्रतिनिधियों के साथ बैठक शुरू की। लेकिन तब तक सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल हो गई थी। गांव में एक सप्ताह पहले एक घटना घटी थी, इसलिए यहां स्थिति पहले से ही तनावपूर्ण था।

**सीएम बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

इस घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक शख्स ने बहुत ही आपत्तिजनक स्टेटस लगाया था। हंगामे की वजह से पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है। अब हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं। दोनों समुदायों के लोग साथ बैठकर संवाद कर रहे हैं और शांति स्थापित करने की कोशिश हो रही है।

# भारत ने ठुकराया F-35 जेट खरीदने का ऑफर



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

टैरिफ को लेकर अमेरिका से तनातनी के बीच ऐसी खबरें आ रही थीं कि अमेरिका ने भारत को F-35 जेट खरीदने का ऑफर दिया था लेकिन अब भारत ने जेट्स खरीदने से इंकार कर दिया है। इस खबर पर विदेश मंत्रालय की टिप्पणी सामने आई है। लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि इस मुद्दे पर अमेरिका से अभी तक कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। दरअसल, विदेश


**विदेश मंत्रालय का आया जवाब**

मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या अमेरिका ने भारत को F-35 जेट खरीदने का ऑफर दिया है? ब्लूमबर्ग की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया कि भारत ने अमेरिका के इस ऑफर को ठुकरा दिया है। जबाव में विदेश मंत्रालय ने लोकसभा में लिखित रूप से कहा, 'इस मुद्दे पर अभी तक कोई औपचारिक वार्ता नहीं हुई है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'भारत और अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी है और हाल के समय में इसमें और मजबूती आई है।

## 'भागवत को अरेस्ट करके...', पूर्व ATS इंस्पेक्टर का दावा

# कांग्रेस पर भड़के सीएम फडणवीस





**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर ने हलचल मचा दी है। मालेगांव बम ब्लास्ट केस की जांच करने वाले महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (ATS) के एक पूर्व पुलिस अधिकारी ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पूर्व एटीएस अफसर महबूब मुजावर ने दावा किया है कि उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत को अरेस्ट करने का ऑर्डर था। उसके लिए उन्हें बाकायदा रिवॉल्वर और वारंट देकर भेजा गया था। अब इस दावे के बाद महाराष्ट्र में सियासी घमासान छिड़ गया है। महाष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ की गई साजिश अब खुल रही है। इसी साजिश की ये कड़ी है। कई हिंदूवादी नेता और संघ के लीडर टारगेट पर थे। सीएम फडणवीस शुक्रवार को नागपुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने मोहन भागवत के साथ कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय रामटेक के नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उस समय की सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के लिए 'हिंदू आतंकवाद' और 'भगवा आतंकवाद' जैसे शब्द गढ़े। अदालत के फैसले के बाद 2008 की यह साजिश सबके सामने आ गई है। फडणवीस ने आरोप लगाए कि कांग्रेस ने हिंदुत्ववादी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारी व पदाधिकारियों को टारगेट करने का षड्यंत्र रचा था। उन्होंने कहा कि लोगों को अरेस्ट किया गया। हिंदुत्ववादी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारी व पदाधिकारियों को टारगेट करने का यह षड्यंत्र था। बहुत जद्दोजहद के बावजूद उनके खिलाफ पुख्ता सबूत नहीं मिल पाया।

# रेप मामले में प्रज्वल रेवन्ना दोषी करार

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हासन सीट से पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को रेप मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। आज उन्हें सजा सुनाई जाएगी। रेवन्ना पर उनके फार्महाउस में ही काम करने वाली नौकरानी ने रेप का आरोप लगाया था। कोर्ट ने इन आरोपों को सही पाया है। बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में इस मामले की सुनवाई चल रही थी। जिस मामले में उन्हें दोषी करार दिया गया है वह उनके खिलाफ पहला केस था जो कि होलेनारासीपुरा ग्रामीण थाने में दर्ज किया गया था। रेवन्ना ऐसे ही चार मामलों में मुख्य आरोपी हैं। बाकी मामलों की

**आज सुनाई जाएगी सजा**



सुनवाई अभी चल ही रही है। विशेष जनप्रतिनिधि अदालत ने चार मामलों में से एक में सुनवाई पूरी कर शुक्रवार को अपना फैसला 30 जुलाई के लिए सुरक्षित रख लिया। रेवन्ना इस मामले में न्यायिक हिरासत में हैं, जिसकी पड़ताल विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की गई थी और बाद में इसे सीआईडी को सौंप दिया गया था। पुलिस निरीक्षक शोभा ने जांच का नेतृत्व किया और 26 गवाहों के बयान दर्ज करते हुए एक विस्तृत आरोपपत्र दाखिल किया।

# राहुल के बयान पर चुनाव आयोग की फटकार

**बुलाने पर आए नहीं और आरोप लगाते हैं**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आयोग ने कहा कि जब राहुल गांधी को आपत्ति जताने के लिए बुलाया जाता है तो वह आते नहीं और अब आयोग के कर्मचारियों को धमकाने तक लगे हैं। आयोग ने राहुल के बयानों को 'बेबुनियाद' और 'गैर-जिम्मेदाराना' करार देते हुए कहा कि वह ऐसे आरोपों को नजरअंदाज करता है। साथ ही आयोग ने अपने सभी चुनावी कर्मियों को ऐसी टिप्पणियों पर ध्यान





न देने और निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से काम जारी रखने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि राहुल गांधी को 12 जून 2025 को ईमेल भेजा, लेकिन वह पेश नहीं हुए। 12 जून 2025 को उन्हें पत्र भी भेजा गया, लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं आया। राहुल गांधी ने अब तक किसी भी मुद्दे पर आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब वह आधारहीन आरोप लगा रहे हैं और आयोग व उसके कर्मचारियों को धमकाने तक लगे हैं। चुनाव आयोग ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करता है और अपने सभी कर्मचारियों से अपील करता है कि वे निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ कार्य करते रहें। आयोग ने अपने कर्मियों से अपील की कि वे बिना किसी दबाव के अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा को बनाए रखें। दरअसल, राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया और कहा कि हमारे पास इसके पुख्ता सबूत हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इस वोट चोरी में चुनाव आयोग शामिल है और मैं ये हल्के में नहीं कह रहा हूं। मैं ये पुख्ता सबूत के साथ बोल रहा हूं। जैसे ही हमने ये रिलीज किया, वैसे ही पूरे देश को पता चल जाएगा कि इलेक्शन कमीशन वोट चोरी करा रहा है और किसके लिए कर रहा है? आयोग बीजेपी के लिए ऐसा कर रहा है। इस पर कोई सवाल नहीं उठा सकता।

**चुनावों में वोट चोरी का शक : राहुल**

राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी को मध्य प्रदेश और लोकसभा चुनावों में वोट चोरी का शक था। महाराष्ट्र में ये शक और बढ़ गया, जहां उन्हें लगा कि राज्य स्तर पर बड़े पैमाने पर धांधली हुई। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए, लेकिन जब कांग्रेस ने वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी की मांग की तो आयोग ने कोई सहयोग नहीं किया। राहुल ने कहा, 'चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट नहीं दिखाई। हमने वीडियोग्राफी मांगी तो उन्होंने उसका कानून ही बदल दिया।'

## 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा

# शाहरुख पहली बार बने बेस्ट एक्टर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली/मुंबई**

शुक्रवार को राजधानी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। केंद्री इन्फोमेशन और ब्राडकास्टिंग मिनिस्टर अश्विन वैष्णव ने शाम 6 बजे पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा कर दी है। ज्यूरी ने इन खिताबों को देने के लिए 22 भाषाओं की 115 से ज्यादा फिल्में देखीं और अपने नॉमिनेशन दिए। बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड हिंदी भाषा के लिए द 'फर्स्ट फिल्म' को मिला है। इस फिल्म को पियूष ठाकुर ने डायरेक्ट किया है। बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवॉर्ड गिद्ध द



स्केवेंजर को हिंदी भाषा में मिला है जिसे मनीष सैनी ने डायरेक्ट किया है।

बता दें कि हिंदी भाषा में बेस्ट नॉन फीचर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड 'द साइलेंट एपिडेमिक' को मिला है। इस फिल्म को अक्षत गुप्ता ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म रोड एक्सीडेंट्स और सिविल अवेयरनेस को अड्रेस करती है। वहीं बेस्ट डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड 'गॉड वल्चर एंड ह्यूमन' को मिला है। इस डॉक्यूमेंट्री को ऋषिराज अग्रवाल ने डायरेक्ट किया है। बेस्ट आर्ट्स/कल्चर फिल्म का अवॉर्ड टाइमलैस तमिलनाडू फिल्म को मिला है। इसे अग्रेजी भाषा में बनाया गया है और कामाख्या नारायण सिंह ने इसे डायरेक्ट किया था। बेस्ट बॉयोग्राफिकल फिल्म का अवॉर्ड उड़िया भाषा में बनी फिल्म मा बोउ मो गाान (मेरी मां मेरा गांव) को मिला है। इस फिल्म को संजीव प्रसार ने डायरेक्ट किया है।

# बिहार में वोटर लिस्ट से कटे 65 .2 लाख नाम

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद आज संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। शुक्रवार की दोपहर को प्रारूप मतदाता सूची को जिलावार निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर भी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट अपलोड कर दिया गया है। जिसमें 65.2 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इन नामों की सूची जिलावार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गई है। इसके साथ ही प्रारूप मतदाता सूची की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी भी दी गई है। आंकड़ों के मुताबिक किशनगंज में 1 लाख 45 हजार 913 लोगों के नाम लिस्ट से हटाए गए हैं। सहरसा में 1 लाख 31 हजार 596 वोटर्स के नाम काटे गए हैं। राजस्तरीय बैठक में बिहार के सीईओ ने इसकी जानकारी शुक्रवार को मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों को दी। इस बैठक में आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी को छोड़कर शेष 9 दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**TORRENT POWER LIMITED**
**CIN: L3I200GJ2004PLC044068**
**Address: Aadeshwar Tower, A Wing, Kamatghar, Narpoli Road, Bhiwandi-421302 (Maharashtra)**
**Phone No.: 02522-241900, Website: www.torrentpower.com**

**PUBLIC NOTICE**

**Clearance of Buildings, civil structures, balconies, gallery, roofs, chhajjas, temporary structure, etc. from electricity mains or electrical installations in Torrent Power Distribution Operational area**

We hereby notify and draw the attention of the owners/occupiers and the member of the general public, who have constructed buildings, done civil works, extended/made changes in buildings, existing structures, balconies, roofs, chhajjas boundary walls, temporary structures, etc. during or after the erection of authorised electrical mains or associated electrical installation are in violation of the provision of regulations 62 & 63 of the Central Electricity Authority (Measures relating to Safety and Electric Supply) Regulations, 2023 (as amended from time to time), MERC Regulations & related provision of Electricity Act, 2003.

Regulations 62 & 63 of Central Electricity Authority Regulations (Measures relating to Safety and Electric Supply) Regulations, 2023 (as amended from time to time) stipulate the following minimum vertical and horizontal clearance essentially required to be maintained from the electrical mains or associated electrical installation to avoid any mishap or fatal accident.

| Sr. No. | Lines / Installations | Minimum vertical clearance where line is passing above a building / structured balcony etc. | Minimum horizontal clearance where line is passing above a building / structured balcony etc. |
|---|---|---|---|
| 1 | Line of Voltage up to 650 Volts | 2.5 Meters from the highest point | 1.2 Meters from the nearest point |
| 2 | High Voltage lines exceeding 650 Volts up to and including 11000 Volts. | 3.7 Meters from the highest point | 1.2 Meters from the nearest point |
| 3 | High Voltage lines exceeding 11000 Volts up to and including 33000 Volts. | 3.7 Meters from the highest point | 2 Meters from the nearest point |
| 4 | Extra High Voltage lines exceeding 33000 Volts. | 3.7 Meters from the highest point (plus 0.30 Meters for every additional 33000 volts or parts thereof) | 2 Meters from the nearest point (plus 0.30 Meters for every additional 33000 volts or parts thereof) |

By this public notice, owners/occupiers and the member of the general public are advised to remove unauthorized structures, civil works, buildings, projections, balconies, chhajjas or boundary walls, temporary structure etc. immediately which are in violation of the minimum clearance required from the electricity mains or electrical installations (as stipulated and mentioned above), failing which action may be initiated against the concerned owners/occupiers and the member of the general public in line with the provisions of the Central Electricity Authority (CEA), MERC Regulations & Central Electricity Authority Regulations (2023).

It may be noted that such violators will be held personally responsible and liable for any loss of life and/ or property. Torrent Power Ltd shall not be held responsible for any compensation, damage or injuries arising from such violation.

**-General Manager**

**Torrent Power Limited**

**For Your Safety**

Stay away from all electrical installations like poles, sub-stations, transformers, mini section pillars etc., especially if they are water-logged

Install a Residual Current Circuit Breaker (RCCB) to avoid shocks or mishap

Don't Park your vehicles and keep flammable materials near electricity meter

Don't fly kites near electrical installations as it can be fatal

# कसता जा रहा पूर्व वीवीसीएमसी आयुक्त अनिल पवार पर शिकंजा

### ईडी की कार्रवाई में 1.33 करोड़ रुपए नकद और कई दस्तावेज जब्त, पूर्व कमिश्नर को प्रति वर्ग फिट 20 से 25 रुपए तय था कमीशन!

**महानगर संवाददाता**

**वसई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वसई - विरार शहर महानगरपालिका में हुए बड़े घोटाले के मामले में पूर्व आयुक्त अनिल पवार से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई जयेश मेहता और अन्य के खिलाफ दर्ज वीवीसीएमसी घोटाला मामले में की गई कार्रवाई में ईडी ने 1.33 करोड़ रुपए नकद,आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और बेनामी संपत्तियों के कागजात जब्त किए हैं।





**क्या है यह पूरा मामला?**

यह घोटाला 2009 से वीवीसीएमसी के अधिकार क्षेत्र में चल रहे अवैध निर्माणों से जुड़ा है। इसमें सरकारी और निजी जमीन,खासकर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और डंपिंग ग्राउंड के लिए आरक्षित जमीन पर 41 अवैध इमारतें खड़ी की गईं। इन इमारतों को फर्जी दस्तावेजों के सहारे आम लोगों को बेच दिया गया, जिससे सैकड़ों फ्लैट खरीदारों को भारी नुकसान हुआ।

बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के बाद इन सभी 41 इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया था। ईडी की जांच में पता चला है कि इस पूरे घोटाले में वीवीसीएमसी के तत्कालीन आयुक्त, उपनिदेशक टाउन प्लानिंग, इंजीनियरों, आर्किटेक्ट्स और लाइजनिग बिल्डरों का एक संगठित रैकेट शामिल था।

#### पवार के घर 25 मिनट तक नहीं खुले गेट

छापेमारी के दौरान, ईडी की टीम को अनिल पवार के वसई स्थित सरकारी आवास पर 20-25 मिनट तक बाहर इंतजार करना पड़ा, क्योंकि उन्होंने गेट नहीं खोले। ईडी को शक है कि इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण डेटा डिलीट किया गया होगा। इससे पहले भी, ईडी ने इस मामले में 8.94 करोड़ रुपए नकद, 23.25 करोड़ रुपये के हीरे जड़े गहने और 13.86 करोड़ रुपए के बैंक बैलेंस जब्त किए थे। ईडी ने साफ किया है कि इस घोटाले में शामिल अन्य लोगों और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की जांच अभी जारी है।

#### कमीशन का खेल

जांच के अनुसार, तत्कालीन कमिश्नर अनिल पवार इस घोटाले के प्रमुख थे। आरोप है कि उनके कार्यकाल में अवैध निर्माण के लिए प्रति वर्ग फुट 20 से 25 रुपए का कमीशन तय किया गया था, जिसमें से 10 रुपए उपनिदेशक टाउन प्लानिंग और अन्य अधिकारियों को दिए जाते थे।

# चुनाव को लेकर मनपा ने वार्डों की बाउंड्री की निश्चित

### सोमवार को राज्य सरकार के नगरविकास को होगा सुपुर्द

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने राज्य सरकार द्वारा मुंबई महानगर पालिका चुनाव को लेकर दी अधिसूचना के तहत वार्डों की बाउंड्री निश्चित की है। मनपा प्रशासन सोमवार तक बाउंड्री की जानकारी राज्य सरकार के नगरविकास विभाग को सौंप देगी। नगरविकास विभाग 11 अगस्त तक वार्ड की निश्चित हुई बाउंड्री को राज्य चुनाव आयोग को सौंप देगा। मनपा मुख्यालय में 8 अगस्त को राज्य चुनाव आयुक्त खुद बैठकर मनपा चुनाव की तैयारियों के चल रहे काम काज का जायजा लेने वाले हैं।

**5 अगस्त के पहले राज्य सरकार के नगरविकास को सौंपना है**

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को राज्य के नगर पंचायत नगरपालिका और महानगर पालिका के पिछले चार साल रुके पड़े चुनाव को कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार चुनाव करने की अधिसूचना जारी की, जिसके तहत मुंबई मनपा का चुनाव को लेकर 31 जुलाई तक वार्डों के बाउंड्री निश्चित करना था और निश्चित हुई बाउंड्री को 5 अगस्त के पहले राज्य सरकार के नगरविकास को सौंपना था। मनपा प्रशासन ने 31 अगस्त तक मुंबई के 227 वार्डों की बाउंड्री की जांच पड़ताल कर वार्डों की बाउंड्री निश्चित कर मनपा आयुक्त के पास हस्ताक्षर के लिए भेज दिया है। मनपा आयुक्त भूषण गरगरानी वार्डों के सीमांकन का जांच कर सोमवार को राज्य के नगरविकास विभाग को सौंप देंगे। राज्य नगरविकास विभाग 11 अगस्त तक राज्य चुनाव आयुक्त को वार्ड बाउंड्री की रिपोर्ट सौंप देंगे। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि मनपा के 227 वार्ड में वर्ष 2017 के अनुसार ही मतदाता सूची तय होगी, जिसके आधार पर प्रत्येक वार्ड में 59 हजार के करीब मतदाता रहेंगे। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी की इस संख्या से 10 प्रतिशत अधिक अथवा 10 प्रतिशत कम मतदाता रहेंगे। यह मतदाता की संख्या 2011 में हुई जनगणना के आधार पर निश्चित हुई है।



# भिवंडी में 'चिन्या' गिरफ्तार

### नौ चोरी और सेंधमारी के मामलों का पर्दाफाश, छह लाख का सामान जब्त

**ठाणे।** भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन हद्दीत घटी चोरी की एक घटना की गुत्थी सुलझाते हुए ठाणे शहर की अपराध शाखा यूनिट-2 ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आकाश उर्फ चिन्या शशिकांत जाधव (25 वर्ष), निवासी मानपाड़ा,ठाणे के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 58 ग्राम सोने के गहनों सहित कुल 5.98 लाख रुपये की मालमत्ता जब्त की है।

बता दें कि यह कार्रवाई वापोनी/जनार्दन सोनवणे, पूपानी/रवींद्र पाटिल और उनकी टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चिन्या को हिरासत में लिया गया, जहां पूछताछ के दौरान उसने भिवंडी के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज कुल 9 चोरी और सेंधमारी की घटनाओं को स्वीकार किया।आरोपी के खिलाफ नारपोली, भिवंडी सिटी, निजामपुरा और शांतिनगर पुलिस स्टेशनों में भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 305(ए), 331(3), 331(4) और 303(2) के तहत मामले दर्ज हैं। ऑपरेशन को डॉ. पंजाबराव उगले (अतिरिक्त पुलिस आयुक्त), अमरसिंह जाधव (पुलिस उपायुक्त, अपराध), और शेखर बागड़े (असिस्टंट कमिश्नर) के निर्देशन में अंजाम दिया गया। कार्रवाई में कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे, जिनमें सपोनी श्रीराज माली, पौपानी रविंद्र पाटिल, पोहवा शशिकांत यादव और अन्य अधिकारी शामिल हैं।पुलिस की इस तगड़ी कार्रवाई से भिवंडी क्षेत्र में नागरिकों को बड़ी राहत मिली है, वहीं आरोपी के खिलाफ आगे की जांच जारी है।



# मनपा के जी दक्षिण वार्ड को मिला ग्रीन बिल्डिंग का अवॉर्ड

### मनपा की है यह पहली इमारत

**मुंबई।** मनपा जी दक्षिण विभाग कार्यालय को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ने ग्रीन बिल्डिंग का अवार्ड दिया है। मनपा की पहली बिल्डिंग है जिसे ग्रीन अवार्ड मिला है। मनपा जी दक्षिण विभाग को यह प्रमाणपत्र टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल उपायों को प्रभावी रूप से अपनाने के लिए दिया गया है। 'बता दें कि मनपा जी दक्षिण वार्ड ने स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा, जल पुनः उपयोग व संरक्षण, ऊर्जा बचत, सतत कचरा प्रबंधन और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। वार्ड में 20 किलोवाट क्षमता वाला सौर ऊर्जा प्रकल्प, 10 केएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, 131 घनमीटर क्षमता की वर्षा जल संचयन टंकी, एलईडी लाइट्स, जलमापक यंत्र, 100 प्रतिशत कचरा वर्गीकरण और जैविक खाद निर्माण प्रकल्प सफलतापूर्वक शुरू किए गए हैं। मनपा आयुक्त भूषण गगराणी के नेतृत्व और अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी के मार्गदर्शन में साथ ही तत्कालीन व वर्तमान सहायक आयुक्तों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से संभव हो सकी है। इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल भारतीय उद्योग महासंघ के अंतर्गत कार्यरत एक राष्ट्रीय संस्था है, जिसका उद्देश्य भारत में हरित इमारतों की पहल को प्रोत्साहित करना है।



# 3.39 करोड़ की चरस के साथ अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार




**महानगर संवाददाता**

**ठाणे**

ठाणे शहर की अपराध शाखा की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को धर दबोचते हुए उसके कब्जे से 3 किलो 390 ग्राम चरस जब्त की है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 3.39 करोड़ रुपये बताई गई है। माननीय पुलिस आयुक्त, ठाणे द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) डॉ. पंजाबराव उगले और पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमरसिंह जाधव के मार्गदर्शन तथा प्रशासन के षष्ठम पुलिस आयुक्त विनय घोरपड़े के सुझाव पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल मस्के के नेतृत्व में यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया। गोपनीय जानकारी के आधार पर 31 जुलाई की रात 10:30 बजे उथलसर नाका स्थित सुप्रभ सोसाइटी के पास ट्रैप ऑपरेशन लगाया गया। यहां 42 वर्षीय आरोपी मोहम्मद मकसूद मोहम्मद अहमद, निवासी दुनियागंज, फूलपुर, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चरस, नकद रुपये, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य सामान बरामद किया गया।

# शिवराज मोरे प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

### सागर सालुंखे प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष

**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर शिवराज मोरे तथा महाराष्ट्र प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष पद पर सागर सालुंखे की नियुक्ति की गई है। भारतीय युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने नई दिल्ली में मोरे की नियुक्ति की घोषणा की।

शिवराज मोरे ने कॉलेज में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एनएसयूआई से की थी। वे दो बार महाराष्ट्र एनएसयूआई के अध्यक्ष भी रहे। इसके बाद उन्हें एनएसयूआई का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। मोरे ने 8-9 राज्यों में संगठन विस्तार का कार्य किया। इसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के महासचिव, उपाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष जैसे विभिन्न पदों पर काम किया और पूरे राज्य में युवाओं का एक मजबूत संगठन खड़ा किया। अपनी नियुक्ति पर शिवराज मोरे ने कहा कि वे युवक कांग्रेस के माध्यम से राज्य के युवाओं को संगठित कर उनकी समस्याओं को लेकर आंदोलन खड़ा करेंगे। हम शिक्षा, रोजगार और महंगाई जैसे मुद्दों पर सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे। युवाओं को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। छत्रपति संभाजी नगर के वैजापुर से ताल्लुक रखने वाले सागर सालुंखे पिछले कुछ वर्षों से एनएसयूआई के माध्यम से छात्रों को संगठित करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर लगातार विरोध प्रदर्शन किया है।



# स्वच्छता विजय रैली का आयोजन

**भायंदर।** देशभर के 3 से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत मीरा-भायंदर शहर ने देश में प्रथम क्रमांक प्राप्त कर राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किया है। इसी गौरवपूर्ण क्षण को विशेष रुप से मनाने आज सुबह 10 बजे मीरा-भायंदर मनपा मुख्यालय से 'जल्लोष स्वच्छता विजयी रैली' निकाली जा रही है। यह रैली मनपा आयुक्त तथा प्रशासक राधाविनोद शर्मा के नेतृत्व में निकाली जाएगी,जिसमें मनपा के सभी अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में सहभागी होंगे।

# 7 अगस्त से अभियान के सावन महोत्सव में बरसेगी कजरी

### मुंबई को गुलजार करेंगी अयोध्या की संजोली पांडेय

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था अभियान द्वारा दो दशकों से हो रहे कजरी महोत्सव व स्त्री शक्ति सम्मान में अयोध्या, उत्तरप्रदेश की मशहूर लोकगायिका संजोली पांडेय इस बार भी अवधी-भोजपुरी के गीतों की छंटा बिखेरेंगी। सावन महोत्सव की विशेषता यह है कि अयोध्या से आई संजोली पांडेय मराठी गीत भी प्रस्तुत करेंगी। 7 अगस्त से 17 अगस्त तक विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के संग अभियान संस्था मुंबई और उसके आसपास के इलाक़े को कजरीमय कर देगा।

मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष व इस महोत्सव के संयोजक अमरजीत मिश्र ने कहा कि मुंबई के आसमान पर बादलों ने डेरा जमा लिया है और रोज जमकर बरसात हो रही है। ऐसे में मुंबई की आबोहवा में पूरबिया रंग घोलने के लिए संजोली पांडेय का आगमन हो रहा है। महोत्सव की शुरुआत 7 अगस्त को शाम 6 बजे से दीपक जायसवाल व जयनारायण तिवारी की संस्था बेलीफ़ फाउंडेशन द्वारा अंधेरी पूर्व के जे बी नगर स्थित गोयंका हॉल से होगी। अपने लोकगीतों की थाती को बचाने के अभियान के इस पुनीत कार्य में डॉ शीतलाप्रसाद दुबे,भाजपा नेता आई पी मिश्र, दिनेश दुबे,संतोष दीक्षित,अमित ओमप्रकाश दुबे, संतोष जायसवाल,शिवदयाल मिश्र,अखिलेश मिश्र, राकेश सिंह, शम्भू सिंह ,ममता गुप्ता, जय तिवारी, दीपक जायसवाल, जटाशंकर दुबे, जिलाजीत तिवारी, रमेश यादव, मनोज सिंह,अरविंद यादव, अनिल कनौजिया, उपेंद्र सिंह आदि आयोजकगण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



# कमलादेवी महाविद्यालय में जादू और ज्ञान का अद्वितीय संगम

**कल्याण।** कमलादेवी शिक्षण संस्था द्वारा संचालित कमलादेवी महाविद्यालय में आज सुबह एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे लंबे समय तक भुलाया नहीं जा सकेगा। विश्वविख्यात दृष्टिभ्रमकार एवं भ्रमनिर्मितिकार सतीश देशमुख ने अपने अद्वितीय प्रदर्शन से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे हुआ, जिसमें सरस्वती पूजन के साथ शुभ संकल्प लिए गए। इस गरिमामयी अवसर की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सदानंद तिवारी ने की, वहीं सचिव नीलम तिवारी और श्वेता पांडे ने भी अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। जैसे ही मंच पर सतीश देशमुख प्रकट हुए, प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपनी शब्दों की शक्ति और चेहरे पढ़ने की विलक्षण क्षमता से उन्होंने हर किसी को हैरत में डाल दिया। छात्रों और शिक्षकों को उन्होंने कुछ शब्द पढ़ने दिए और बिना देखे उनकी पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से साझा कर दी। इसके बाद उन्होंने 'फेस रीडिंग' (मुख पठन) की कला का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को अपने ही व्यक्तित्व की नई परतों से परिचय हुआ।

# भिवंडी से लापता हुआ 17 वर्षीय मासूम

### अपहरण का मामला दर्ज

**भिवंडी।** ठाणे जिले के भिवंडी शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां एक 17 साल का मासूम बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। बच्चे की मां ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके बेटे का अपहरण कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय ममता अवधेश सिंह, जो भिवंडी के खंडोबा कॉलोनी, फेणगांव रोड, कामतघर में रहती हैं, ने भिवंडी शहर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनका साढ़े 17 साल का बेटा दिपांशु अवधेश सिंह 28 जुलाई 2025 की शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक लापता हो गया। महिला ने बताया कि बच्चा घर के आसपास खेल रहा था, लेकिन थोड़ी देर बाद वह नजर नहीं आया। परिजनों ने आस-पड़ोस के इलाकों और रिश्तेदारों में बच्चे की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, शिकायतकर्ता को शक है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बच्चे को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया और उसे कहीं ले गया है। महिला ने यह भी आशंका जताई कि बच्चे का किसी आपराधिक मंशा से अपहरण किया गया हो सकता है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पोलीस उप निरीक्षक विजय कडाले कर रहे हैं। पुलिस टीम अब बच्चे की तलाश के लिए विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही है।




# लंबे संघर्ष के बाद मिली सफलता, नोटिफिकेशन जारी

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट की कोल्हापुर खंडपीठ आगामी 18 अगस्त से कामकाज शुरू करेगी। यह आदेश शुक्रवार 1 अगस्त को बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे की तरफ से जारी किया गया है। यह बॉम्बे हाईकोर्ट की चौथी बेंच होगी। कोल्हापुर के पहले नागपुर, छत्रपति संभाजी नगर और गोवा में हाईकोर्ट की बेंच कार्यरत थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया 'एक्स'पर कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने कोल्हापुर में उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच प्रदान की है। यह बेहद खुशी की बात है। यह बेंच 18 अगस्त से शुरू होगी और यह कोल्हापुर, सातारा, सांगली, सोलापुर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जैसे 6 जिलों के लिए होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र के नागरिकों की बहुत पुरानी मांग थी। इसके लिए लंबा संघर्ष चला। पहली बार जब मैं मुख्यमंत्री बना था,तभी से इसके लिए फॉलोअप शुरू किया था। आखिरकार सफलता मिली। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर,छत्रपति संभाजी नगर और गोवा खंडपीठ थी, इसमें अब कोल्हापुर सर्किट बेंच भी जुड़ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई, महाराष्ट्र के मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे को बहुत-बहुत धन्यवाद। कोल्हापुर में बेंच बनने से निश्चित रूप से न्याय के काम को अधिक गति मिलेगी, इसके अलावा इससे नागरिकों का समय, श्रम और पैसे भी बचेंगे।

**कोल्हापुर में हाईकोर्ट की बेंच**


**Government of Chhattisgarh**

**Directorate of Town & Country Planning Department in coordination with AMRUT State Mission Directorate**

**REQUEST FOR PROPOSALS (RFP) FOR CONSULTANCY SERVICES FOR SUB SCHEME ON 'FORMULATION OF GIS BASED MASTER PLAN FOR CLASS II TOWNS WITH POPULATION OF 50,000-99,999 UNDER AMRUT 2.0 IN CHHATTISGARH STATE**

Directorate of Town & Country Planning, Government of Chhattisgarh in coordination with AMRUT State Mission Directorate proposes to undertake GIS-based Master Plan Formulation for Class II Towns with Population of 50,000-99,999 under AMRUT 2.0 GIS Sub-Scheme in Chhattisgarh State under the Chhattisgarh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973.

Proposals are invited to conduct the assignment and submit the deliverables from Public Sector Undertakings/Autonomous Bodies/ Organizations and consulting firms/ consortium that have requisite experience and infrastructure.

| Event Description | Scheduled Date |
|---|---|
| 1. Pre-Proposal Conference | Date 18.08.2025 |
| 2. Proposal Due Date (PDD) and time | Date 29.08.2025 |

Details may be accessed and the RFP/application forms can be downloaded from the website: https://tcp.cg.gov.in/ or https://uad.cg.gov.in The RFP/application forms can also be obtained in person from the following address between 10.30 am to 4.30 pm on all working days. The completed application, as per instructions in the RFP document, should reach the following address latest by 29 August 2025 upto 3.00 pm:

Mr. Sandeep Bangde, Nodal Officer & Additional Director,
Directorate of Town & Country Planning,
3rd Floor, 4th Block, Indrawati Bhawan, HOD Building,
Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh
Phone: 0771-20511852 Fax: 0771-2511854
Email: cgtownplan@gmail.com

Directorate of Town & Country Planning, Government of Chhattisgarh in coordination with AMRUT State Mission Directorate reserves the sole right to accept or reject any or all proposals without assigning any reason whatsoever.

Sd/-
(Sandeep Bangde)
Nodal Officer cum Additional Director
Directorate of Town & Country Planning
Nava Raipur Atal Nagar Chhattisgarh

G-252602558/2


# पश्चिम रेलवे वेलांकन्नि त्योहार के लिए बांद्रा टर्मिनस से चलाएगी स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा के लिए तथा वेलांकन्नि त्योहार की पूर्व संध्या पर अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और वेलांकन्नि के बीच एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है।

ट्रेन संख्या 09093/09094 बांद्रा टर्मिनस - वेलांकन्नि स्पेशल [4 फेरे]

ट्रेन संख्या 09093 बांद्रा टर्मिनस-वेलांकन्नि स्पेशल 27 अगस्त और 6 सितंबर को बांद्रा टर्मिनस से 20:40 बजे प्रस्थान करेगी और क्रमशः शुक्रवार एवं सोमवार को 07:40 बजे वेलांकन्नि पहुंचेगी।



इसी तरह, ट्रेन संख्या 09094 वेलांकन्नि-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल शनिवार, 30 अगस्त, और मंगलवार, 09 सितंबर को वेलांकन्नि से 00:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वसई रोड, पनवेल, लोनावला, पुणे, दौंड, सोलापुर, कलबुरगि, वाडी, यादगिर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनि, गुंतकल, गूटी, ताडिपत्रि, यर्रगुंटला, कडप्पा, राजमपेटा, रेणिगुंटा, काटपाडी, वेलूर छावनी, तिरुवण्णामलै, विल्लुपुरम, मयिलाडुतुरै और नागप्पट्टिनम स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 09093 की बुकिंग 03 अगस्त से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच रविवार को जम्बो ब्लॉक



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार को 10:35 बजे से 15:35 बजे तक चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशन के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशन के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जाएगा। इसके कारण, ब्लॉक अवधि के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और चर्चगेट की कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशन से शॉर्ट टर्मिनेट/रिवर्स किया जाएगा। इस ब्लॉक के बारे में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि उपर्युक्त व्यवस्था को ध्यान में रखकर यात्रा करें।

# जीशान सिद्दीकी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को भेजे गए धमकी भरे ईमेल के मामले बड़ा एक्शन हुआ है। पुलिस ने धमकी भेजने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इसे इंटरपोल की मदद से त्रिनिदाद और टोबैगो में गिरफ्तार किया गया था,जिसे अब मुंबई लाया गया है। जीशान सिद्दीकी को 19, 20 और 21 अप्रैल को कई धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे। आरोपी का नाम मोहम्मद दिलशाद मोहम्मद नौवेद है,ऐसा आरोप है कि इसी ने धमकी के जरिए 10 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। इंटरपोल के ज़रिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद त्रिनिदाद और टोबैगो में गिरफ्तारी की गई थी। आरोपी को अब आगे की जांच के लिए मुंबई वापस लाया गया है।



# मलेरिया डेंगू और चिकनगुनिया के तेजी से बढ़ रहे मरीज

## पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज


**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष जनवरी से जुलाई 2025 तक मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और हेपेटाइटिस के मामलों में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि लेप्टोस्पायरोसिस और गैस्ट्रो के मामलों में कमी आई है। इस साल मई महीने से ही बारिश शुरू हो जाने के कारण मच्छरजन्य बीमारियों के लिए अनुकूल वातावरण बन गया था, जिससे संक्रमण के मामलों में वृद्धि हुई। मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मलेरिया कबाब तक 4151 मरीज पाए गए हैं जबकि पिछले साल जुलाई आखिरी



तक 2852 मरीज थे,इसी तरह डेंगू के 1160 मरीज अब तक पाए गए हैं, जबकि पिछले साल 966 थे। चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या में काफी तेजी से इजाफा हुआ है इस साल अब तक 265 मरीज पाए गए है, जबकि पिछले साल मात्र 46 मरीज लाए गए थे। मनपा ने मच्छरों की रोकथाम के लिए "शून्य मच्छर प्रजनन अभियान" की शुरुआत की है, ताकि सार्वजनिक और निजी परिसरों में एनोफेलीस व एडीज मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके। इसके तहत मच्छरदानी के उपयोग को प्राथमिक सुरक्षा उपाय के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक की गई कार्रवाई के अनुसार, कुल 14,39,978 घरों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 69,89,093 लोगों की जांच की गई।




**69,89,093 लोगों की जांच**

**14,39,978 घरों का सर्वेक्षण**

### कई स्थानों पर मच्छरों के लावा पाए गये

संपर्क ट्रेसिंग के लिए 2,31,112 रक्त स्लाइड एकत्र की गईं। 63 स्वास्थ्य शिविर और 5,002 कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य हस्तक्षेप किए गए। मलेरिया नियंत्रण के तहत 46,413 स्थानों पर मच्छरों के प्रजनन स्रोतों की जांच की गई, जिसमें 6,472 स्थानों पर एनोफेलीस मच्छरों के लार्वा पाए गए। डेंगू नियंत्रण के तहत 29,841 स्थानों पर एडीज मच्छरों के लार्वा मिले, जबकि 86,915 अनुपयोगी वस्तुएं और टायर हटाए गए।

## आख़िरकार दस साल बाद जागी सरकार

**मुंबई।** पिछले दस साल से पुर्नविकास का इन्तजार कर रहे कांदिवली (पूर्व) स्थित समता नगर रहिवासी 440 मराठी परिवारों को आखिरकार न्याय मिल गया है। महायुति की सरकार में यह न्याय संभव हो पाया है,जिसके लिए न्याय पाने वाले परिवार ने फडणवीस सरकार की जमकर सराहना की है। समता नगर की झोपड़पट्टी वासियों ने पिछले दस पहले अपने घर खाली कर दिया था,लेकिन विकासक की तरफ से कोई निमार्ण कार्य नहीं शुरू किया गया। जिसके कारण वृद्ध नागरिकों समेत परिवारों को मामूली किराये पर निर्भर रहना पड़ रहा है जो समय पर वो भी नहीं मिलता है,पिछले दस साल से पुनर्विकास का इंतजार कर रहे समता नगर निवासियों ने भाजपा युवा नेता देवांग दवे से मुलाकात की इसके बाद दवे के अथक प्रयास के बाद गृह निर्माण राज्य मंत्री पंकज भोयर की अध्यक्षता में एक आयोजित की गई इस बैठक में पंकज भोयर ने विकासक को फटकार लगाते हुए पीड़ित परिवारों का काल्ड से जल्द पुनर्विकास करने का निर्देश दिया है।

## जुहू बीच पर दो युवक डूबे

### एक युवक को लाइप गार्ड ने बचाया, दूसरा लापता

### समुद्र में हाईटाइड के कारण रोका बचाव कार्य



**मुंबई।** शुक्रवार सुबह 8.30 बजे जुहू बीच पर समुद्र में नहाने उतरे दो युवक पानी में डूब गए। युवक को डूबते देख बीच पर तैनात लाइफ गार्ड ने एक युवक को बचा लिया,लेकिन दूसरा युवक समुद्र के लहरों के बीच पानी में दूर बह गया। लाइफ गार्ड ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुंचकर डूबे युवक को खोजने की शुरुआत की । दोपहर 2 बजे तक युवक की तलाश में फायर विभाग ने सर्च ऑपरेशन चलाया,लेकिन समुद्र में डूबे युवक का पता नहीं चल सका। इस बीच समुद्र में उच्च ज्वार आने के कारण फायर ब्रिगेड ने सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया।

मनपा आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार बचाए गए युवक का नाम राजकुमार गोविंद सुब्बा 22 है। जबकि लापता युवक का नाम विघ्नेश मुरुगेश देवेंदन (20) है। इस मानसून में पर्यटक के समुद्र में डूबने की यह पहली घटना है। मनपा की तरफ से समुद्री बीच पर लाइप गार्ड तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस की भी तैनाती की गई है। बावजूद इसके लोग पुलिस की नजरों से बचते बचाते समुद्र में नहाने उतर जाते हैं। उन्हें लहरों का अंदाजा नहीं रहता इसलिए जान जोखीम में डाल देते है।

## सावली डांस बार:आर्केस्ट्रा का लाइसेंस किया गया सरेंडर

### आबकारी विभाग ने बार को 15 से दो महीने तक बंद का दिया आदेश




**मुंबई।** गृह राज्य मंत्री (शहर) योगेश कदम के मां के नाम पर डांस बार को लेकर पिछले कई दिनों से राज्य की सियासत गर्म है। यूबीटी के विधायक अनिल परब सहित विरोधी दल के नेता बार बार योगेश कदम के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं,इस बीच डांस बार में ली गई आर्केष्टा की लाइसेंस को सरेंडर कर दिया गया है। पूर्व मंत्री और गृह राज्य मंत्री योगेश कदम के पिता रामदास कदम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी यूबीटी विधायक अनिल परब के आरोपों के बाद सावली डांस बार के मालिक ने पुलिस विभाग को आर्केस्टा का लाइसेंस सरेंडर कर दिया है। लाइसेंस को सरेंडर के बाद मुंबई पुलिस ने नियम उल्लंघन के कारण लाइसेंस को रद्द कर दिया है। सूत्रों से ऐसी जानकारी मिली है,वहीं मिली जानकारी के अनुसार उत्पादन शुल्क विभाग की तरफ से आबकारी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बार को 15 दिन से 2 महीने तक पूरी तरह बंद करने के आदेश दिया गया हैं। इसके अलावा खाद्य एवं औषधि विभाग ने लाइसेंस और शराब के लाइसेंस को अभी तक रद्द नहीं किया है। अनिल परब के आरोपों के बाद,रामदास कदम ने आर्केस्ट्रा का लाइसेंस वापस ले लिया है। परब ने शुक्रवार को समता नगर पुलिस से स्टेशन जाकर पुलिस निरीक्षक से मुलाकात की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पुलिस राज्य सरकार के दबाव में कार्रवाई नहीं कर रही है। परब ने साफ कर दिया था कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई,तो वे अदालत का दरवाजा खटखटाएँगे। इसके बाद पुलिस ने डांस बार कार्रवाई करते हुए बार के आर्केस्ट्रा का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बता दें कि डांस बार शुरू करने से पहले तीन अलग -अलग विभाग का लाइसेसं लेना पड़ता है इसमें आर्केस्टा के लिए पुलिस दारू के परोसने के लिए आबकारी और खाद्य पदार्थ के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग का लाइसेंस लेना पड़ता है.सावली डांस बार का पुलिस द्वारा जारी की गई आर्केस्ट्रा का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है जबकि आबकारी विभाग ने बार को चेतावनी देते हुए 15 से दो महीने तक दारू परोसने पर पाबंदी लगा दी है।

## मकरंद पाटिल का इंकार, भरणे को मिला कृषि विभाग

### भुजबल का दावा, मुझे भी मिला था ऑफर



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

विधान परिषद में मोबाइल पर पत्ते खेलने के मामले में माणिकराव कोकाटे से कृषि विभाग लेकर दत्ता भरणे को सौंप दिया गया है। भरणे का खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोकाटे को दिया गया है। सूत्रों के अनुसार पहले राहत एवं पुनर्वास मंत्री मकरंद पाटिल को कृषि विभाग का जिम्मा सौंपे जाने की तैयारी थी, लेकिन उनके इंकार के बाद दत्ता भरणे को यह विभाग दिया गया।

विधान परिषद में मोबाइल पर पत्ते खेलने का वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष की तरफ से कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के इस्तीफे की मांग हो रही थी। गुरुवार देर रात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोकाटे से कृषि विभाग छीन लिया। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की तरफ से जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि वर्तमान खेल मंत्री और राकांपा नेता दत्तात्रेय भरणे नए कृषि मंत्री होंगे, जबकि कोकाटे नए खेल एवं युवा कल्याण मंत्री होंगे। अधिसूचना में कहा गया कि कोकाटे अल्पसंख्यक विकास और औकाफ विभागों का भी प्रभार संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कोकाटे से कृषि विभाग लेकर उसे राहत एवं पुनर्वास मंत्री मकरंद पाटिल को देने का फैसला लिया था। हालांकि पाटिल ने यह पद स्वीकार करने से इंकार कर दिया। फिर पवार ने कृषि विभाग दत्ता भरणे को देने का फैसला किया। इस बीच खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने नाशिक में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि जब महायुति सरकार सत्ता में आई थी, तो अजित पवार ने सबसे पहले मुझे कृषि मंत्री पद की पेशकश की थी। वहीं माणिकराव कोकाटे ने कहा कि वे कृषि विभाग वापस लेने से नाराज नहीं हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का फैसला स्वीकार्य है। बता दें कि खेल और युवा कल्याण विभाग दिए जाने से दत्ता भरणे नाराज थे।

### यह सजा नहीं सम्मान है: सपकाल

इधर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने माणिकराव कोकाटे को खेल और युवा कल्याण विभाग देने के सरकार के फैसले पर कड़ा प्रहार किया। सपकाल ने कहा कि मंत्री को विधानमंडल सत्र के दौरान रमी गेम खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उन्हें बर्खास्त करने के बजाय, सरकार ने उन्हें खेल मंत्रालय देकर पुरस्कृत किया। यह सजा नहीं, सम्मान है। हो सकता है कि अब वह रमी को ओलंपिक खेल के रूप में अनुशंसित करें और उन्हें शिव छत्रपति पुरस्कार भी दें।

## लोकमाता अहिल्यादेवी की बायोपिक के लिए 21 करोड़ स्वीकृत

### फिल्म के पहल चरण के लिए वित्तीय स्वीकृति

### समय-समय पर होगी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा



**मुंबई।** पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर 31 मई को अहिल्यानगर जिले के चौंडी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनके जीवन पर आधारित बहुभाषी बायोपिक बनाने की घोषणा की थी। शुक्रवार 1 अगस्त को राज्य सरकार के पर्यटन व सांस्कृतिक कार्य विभाग ने एक शासनादेश (जीआर) में फिल्म निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। सरकार ने फिल्म निर्माण के प्रथम चरण के लिए 21 करोड़ 60 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। यह फिल्म मराठी और कई क्षेत्रीय भाषाओं में बनाई जाएगी और इसे दूरदर्शन और प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने की योजना है। जीआर में कहा गया है कि इस प्रयोजन के लिए उप सचिव पर्यटन एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग को नियंत्रण अधिकारी के रूप में घोषित किया गया है। अवर सचिव (नकद शाखा) पर्यटन व सांस्कृतिक कार्य विभाग को आहरण और संवितरण अधिकारी घोषित किया गया है। उन्हें प्रबंध निदेशक महाराष्ट्र चित्रपट रंगभूमि और सांस्कृतिक विकास महामंडल मर्यादित, दादासाहेब फालके चित्रनगरी गोरेगांव को यह रकम एकमुश्त वितरित करनी होगी।

### परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की जानकारी

## एसटी महामंडल बेचेगा डीजल-पेट्रोल



**मुंबई।** आर्थिक संकट से जूझ रहे महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल (एसटी) ने अब राज्य भर में डीजल-पेट्रोल की खुदरा बिक्री का निर्णय लिया है। केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त साझेदारी में एसटी महामंडल पेट्रोल पंप परियोजना शुरू करेगी। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शुक्रवार को कहा कि एसटी की आय का एक नया स्रोत बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। सरनाईक ने कहा कि एसटी महामंडल की आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक है। ऐसे में केवल यात्री टिकटों की बिक्री से होने वाली आय पर निर्भर रहना उचित नहीं है, इसके लिए आय के नए स्रोत बनाना जरूरी है। एसटी महामंडल 70 से अधिक वर्षों से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम से ईंधन खरीद रहा है। वर्तमान में एसटी के अपने परिसर में 251 पेट्रोल पंप हैं,जिनके माध्यम से केवल एसटी बसों को डीजल वितरित किया जाता है। भविष्य में केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी तेल कंपनियों के साथ समझौता कर आम उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल, डीजल और इसी तरह के ईंधन बेचने वाले पंप स्थापित करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि राज्य भर में एसटी के सभी स्थानों का संबंधित तेल कंपनियों द्वारा व्यावसायिक सर्वेक्षण किया जाएगा। एसटी के 251 स्थानों पर स्थित पेट्रोल पंपों को नए व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। इन पेट्रोल पंपों पर एसटी महामंडल को अपनी बसों में ईंधन भरने की सुविधा होगी और आम उपभोक्ताओं को खुदरा ईंधन बेचना भी संभव होगा।


**मुंबई गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास मंडल**
(म्हाडा की एक इकाई)

म्हाडा MHADA

कार्यकारी अभियंता/विद्युत विभाग/मुंबई मंडल का कार्यालय
कमरा नं. 367, 368, 2री मंजिल, गृहनिर्माण भवन, कलानगर, बांद्रा (पू), मुंबई – 51
क्र. ई‍ई/इलेक्ट/एमबी/10/2025, दिनांक : 31.07.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विनिर्देशनों के अनुसार निम्नलिखित की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| ई-निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जीएसटी के बिना | ऑनलाइन निविदा की आरंभिक तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 20, कांदिवली पश्चिम, मुंबई में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली प्रदान करना | 12,64,562.00 | 02.08.2025 |
| 2 | वार्ड 47, मालाड पश्चिम मुंबई में विभिन्न स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट्स प्रदान करना | 8,42,363.00 | 02.08.2025 |

सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया दो बोली प्रणाली में ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी. एतद्पश्चात उक्त निविदा सूचना के संबंध में आगामी सभी अधिसूचना/जानकारी तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएंगे. शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा.

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/631

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
विद्युत विभाग/मुंबई मंडल, म्हाडा

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था



**मिरा-भाईंदर महानगरपालिका**

स्व. इंदिरा गांधी भवन, मुख्य कार्यालय, छत्रपती शिवाजी महाराज मार्ग. भाईंदर पश्चिम, ता.जि.ठाणे, ४०११०१

**माहिती व तंत्रज्ञान विभाग**

संकेतस्थळ - wwyy.mbmc.gov.in  ई-मेल - it@mbmc.gov.in  संपर्क - २८१९२८२८-२५१

जा.क्र.मनपा/ माहिती व तंत्रज्ञान / ३३०/२०२५-२६  दि.३१/०७/२०२५

**// फेर निविदा प्रथम मुदतवाढ सुचना //**

मिरा भाईंदर महानगरपालिका मनपा शाळेतील संगणक, प्रिंटर, प्रोजेक्टर, संगणकीय साहित्य स्पेअर पार्टसह देखभाल दुरुस्ती करणे, संगणक व वाढीव साहित्य पुरवठा करणे व विद्यार्थ्यांना संगणक प्रशिक्षण देणेकामी (2) वर्ष कालावधीकरिता) जा.क्र. मनपा/पी.आर.ओ./E-5917216/2025-26 दि. 15/07/2025 रोजी Online E-Tendering व्दारे (2025_MBMC_1200897_1) निविदा मागविण्यात आलेल्या होत्या. सदर निविदेस अल्प प्रतिसाद मिळाल्याने मुदतवाढ दि.07/08/2025 रोजी दुपारी 1.00 वाजेपर्यंत देण्यात येत आहे. सदर बाब मिरा भाईंदर महानगरपालिका वेबसाईट N.I.C (National Information Centre, pune) https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे. सदर निविदा शक्यतो दि. 12/08/2025 रोजी दु. 1.00 वाजता उघडणेत येतील.

जा.क्र. मनपा/ मावज/ जाहि./ ई-६२९४९३०/२०२५-२६
दि.०१/०८/२०२५

सही/-
(कल्पिता पिंपळे)
उपायुक्त (माहिती व तंत्रज्ञान)
मिरा भाईंदर महानगरपालिका



**E-AUCTION FOR DISPOSAL OF FIRE AFFECTED MS (LINE REACTOR, STRUCTURE & PIPE) SCRAP, SS (PACKING, REACTOR) SCRAP, COPPER SCRAP, ALUMINIUM SCRAP & CABLE, PPGL SHEET SCRAP.**

E-auction forms are invited from interested buyers for **DISPOSAL OF FIRE AFFECTED DISPOSAL OF FIRE AFFECTED MS (LINE REACTOR, STRUCTURE & PIPE) SCRAP, SS (PACKING, REACTOR) SCRAP, COPPER SCRAP, ALUMINIUM SCRAP & CABLE, PPGL SHEET SCRAP** "AS IS WHERE IS" & "NO COMPLAINT BASIS" BELONGING TO **M/S. INDO AMINES LIMITED, PHASE-II, W/44, MIDC, PHASE-II, DOMBIVLI EAST THANE STATE MAHARASHTRA PIN CODE: 421204** on "As Is Where Is Basis, No Complaint Basis with all its defects", as per CVC guidelines.

The offered material can be inspected between **02/08/2025 TO 07/08/2025 (BOTH INCLUSIVE),** after the prior appointment with **MR. SHARAD DAREKAR AT +91 9819072115**

For participating in above E-auction to be held on **08/08/2025** Please contact **INDIAN SALVAGE SETTLER at +91 9636548111/ +91 9829509009.**

INDIAN SALVAGE SETTLER (Auctioneers) REG. ADDRESS at D-94, Chitrakut Nagar, Sanganer Road, Bhilwara (Raj) 311001 or Download from website www.indiansalvagesettler.com

Last date for submission for the form is **07/08/2025 BEFORE 05.00 PM.**

*THE COMPETENT AUTHORITY RESERVES THE RIGHTS TO ACCEPT/ REJECT ANY AND/ OR ALL QUOTATIONS / BIDS WITHOUT ASSIGNING ANY REASON THEREOF.*



**पश्चिम रेलवे**
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्री की आपूर्ति
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/49/2025 दिनांक : 29.07.2025

| अ.क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 403 | लैटरल बम्प स्टॉप | 8658 नग | 22-अगस्त-25 |
| 404 | लीड एसिड बैटरी क्षमता 8वी, 290 एएच | 663 नग | 23-अगस्त-25 |
| 405 | अपग्रेडेड हाई टेन्साइल सीबीसी हेतु नकल | 15886 नग | 23-अगस्त-25 |
| 406 | कम्प्रेसर टाइप आरआर20100सीजीएम, मेक मेसर्स ईएलजीआई हेतु वार्षिक ओवरहॉलिंग किट | 142 सेट | 25-अगस्त-25 |
| 407 | कैसनब हेतु बोगी सेंटर पाइवोट टॉप | 5957 नग | 25-अगस्त-25 |
| 408 | स्लैक अडजस्टर टाइप आईआरएसए-600 कम्प्लीट | 1610 नग | 25-अगस्त-25 |
| 409 | अपग्रेडेड हाई टेन्साइल सीबीसी हेतु लॉक | 24174 नग | 25-अगस्त-25 |
| 410 | अपग्रेडेड उच्च क्षमता ड्राफ्ट गियर | 1386 नग | 25-अगस्त-25 |
| 411 | मेमोरेंडम 1जी इंजे. | 18240 नग | 25-अगस्त-25 |
| 412 | ग्लैरजाइन इंसुलिन 100आईयू प्रति एमएल 3एमएल कार्ट्रिज (प्रति 30 कार्ट्रिजेस पर एक पेन डिवाइस निशुल्क प्रदान करनेयोग्य) | 29908 नग | 25-अगस्त-25 |
| 413 | कूलिंग सिस्टम एंड एक्सेसरीज के साथ ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर कम्प्लीट | 1 नग | 25-अगस्त-25 |
| 414 | ब्रेन एंडोस्कोपी सिस्टम | 2 नग | 25-अगस्त-25 |
| 415 | ऑटो ड्रॉपिंग डिवाइस प्रोविजन के साथ ईएमयू पैंटोग्राफ हेतु सुयोग्य मेट एलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप्स | 2363 नग | 28-अगस्त-25 |
| 416 | शैंक वीयर्स प्लेट के साथ कपलर बॉडी | 6617 नग | 28-अगस्त-25 |
| 417 | सीसी पॉल यूरेथेन साइड बेयरर पैड असेम्बली | 2430 नग | 08-सितंबर -25 |
| 418 | पॉली रिंग (डोनट्स) | 104833 नग | 10-सितंबर-25 |
| 419 | कैसनब 22एनएलबी बोगीज हेतु वेड्ज | 10565 नग | 01-अक्तूबर-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया निविदा सूचना क्र. **एस-41-2025, दिनांक : 30.06.2025** में अ.क्र. 343 हेतु निर्धारित तिथि 11.08.2025 पढ़ें.

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों युक्त निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें.

0446

हमें लाइक करें www.facebook.com/WesternRly  हमें फॉलो करें www.twitter.com/WesternRly



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना -**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (क) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में परिमंडल – V में एल वार्ड से 01 प्रस्ताव, एम/ई वार्ड से 01 प्रस्ताव और एम/डब्ल्यू वार्ड से 01 प्रस्ताव तथा परिमंडल – VI में एन वार्ड से 01 प्रस्ताव और टी वार्ड से 03 प्रस्ताव अर्थात प्रभावित वृक्षों के निष्कासन हेतु **कुल 07** प्रस्ताव, वृक्ष प्राधिकरण/मनपा आयुक्त, चेयरमैन, वृक्ष प्राधिकरण की मंजूरी के लिये प्राप्त हुये हैं.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी बीएमसी की वेबसाइट – https://portal.mcgm.gov.in → About us → wards / Departmetns → Department manuals → Gardens & Tree Authority → Tree Authority → 47-Public Notice 7 days अंतर्गत उपलब्ध है.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों हेतु नागरिकों से आपत्तियां/सुझाव, यदि है, उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में उक्त सूचना प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं.

आप निर्धारित प्रारूप में अपने सुझाव/आपत्तियां उक्त ईमेल आईडी dysg.ta@mcgm.gov.in पर भी जमा कर सकते हैं. निर्धारित समय में निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आपके सुझाव/आपत्तियों पर ही विचार किया जायेगा. उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त ईमेल्स अथवा लिखित सुझाव/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा. आपत्तियों/सुझावों हेतु सुनवाई उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दि. 11.08.2025 को सायं. 4.30 बजे से सायं. 5.00 बजे तक आयोजित की जायेगी. जो व्यक्ति उक्त सुनवाई में उपस्थित रहना चाहते हैं, वे अपने ईमेल, सुझावों/आपत्तियों की एक प्रति के साथ उपस्थित रह सकते हैं.

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी का कार्यालय
2री मंजिल, हम्बोल्ट पेंग्विन बिल्डिंग,
वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणिसंग्रहालय, संत सावता माली मार्ग,
भायखला (पूर्व), मुंबई – 400 027,
टेली. नं. 23742162
ईमेल :dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

पीआरओ/1181/विज्ञा./2025-26

अगर महसूस हो बुखार और कंपकंपी, तो जांच करायें अपने खून की



**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to the public at large that we are investigating the title of M/S. SHAH HOUSECON PVT LTD ("said Owner") a Private Limited Company registered under the Companies Act, 1956 (CIN No.: U45102MH2001-PTC131226) having its registered Office at A/101-103, Shah Arcade I, Rani Sati Marg, Malad (East), Mumbai -400 097 with respect to the said Units as more particularly described as in the Schedule hereunder written.

All and any person(s) having any direct or indirect, written or oral, share, right, title, benefit, interest, claim, objection and/or demand of any nature whatsoever against, into or upon the said Units or any part/portion thereof including transferable development rights (TDR),FSI arising out of the said Units as and by way of sale, transfer, exchange, lease, sub-lease, agreement to lease, assignment, encumbrance, mortgage, charge, lien, partnership, inheritance, bequest, succession, gift, maintenance, easement, trust, tenancy, sub-tenancy, leave and license, care-taker basis, occupation, possession, joint venture, development rights, family arrangement, settlement, contracts/ agreements, barter arrangement, guarantee, covenant, trust, wakf, right of way, reservation, lis-pendens, beneficial interest, relinquishment, partition, power of attorney, pledge, loans, advances, order or decree or direction or order of any court of law or any other statutory or adjudicating authority or arbitration memorandum of deposit of title documents, security or otherwise howsoever, are hereby required to notify the same in writing along with supporting documentary evidence to the undersigned at 204-B, 2nd floor, "Hallmark Business Plaza", Near Gurunanak Hospital, Bandra (East), Mumbai -400 051 within 14 days from the date hereof, failing which any such right, title, benefit, interest, claim and/or demand in/qua the said Units shall be deemed to have been waived and/or abandoned and no such right, title, benefit, interest, claim and/or demand exists and such claim and/or objections if any shall be considered as waived and/or abandoned

**The Shedule Above Referred to :**
(Description of the said Units)

| Sr. No. | Unit No. | Floor No. | Admeasuring (in sq.ft MOFA carpet area) |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2nd | 300sq.ft./unit |
| 2 | 4 | 2nd | 300 sq.ft./unit |
| 3 | 5 | 2nd | 300 sq.ft./unit |
| 4 | 1 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 5 | 2 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 6 | 3 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 7 | 4 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 8 | 5 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 9 | 6 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 10 | 7 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 11 | 8 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 12 | 9 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 13 | 10 | 3rd | 300 sq.ft./unit |
| 14 | 1 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 15 | 2 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 16 | 3 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 17 | 4 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 18 | 5 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 19 | 6 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 20 | 7 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 21 | 8 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 22 | 9 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 23 | 10 | 4th | 300 sq.ft./unit |
| 24 | 1 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 25 | 2 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 26 | 3 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 27 | 4 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 28 | 5 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 29 | 6 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 30 | 7 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 31 | 8 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 32 | 9 | 5th | 300 sq.ft./unit |
| 33 | 10 | 5th | 300 sq.ft./unit |

In the building known as "Rehab Building No. 7" being constructed on all that piece and parcel of Plot of land admeasuring in aggregate 33804.20 sq.mtrs bearing CTS No. 521, 521/1 to 8, 521/10 to 17, 522, 522/1 to 11, 523, 524, 524/1 to 12, 525, 525/1 to 4, 527, 527/1 to 25, 528, 528/1 to 11, 529, 529/1 to 15, 530, 530 /1 to 16, 532, 532/1 to 13, 533(pt),533/1 to 100,533/107 to 484, 533/486 to 643, 533/648, 536,536/1 to 5,537,537/1 to 7, CTS No. 580,580/1 to 13, 580, 580/1to 13, 580/1 to 13, 581/A/3B(pt), 581A/3B/1/10 to 33 of Village Malad, Taluka Borivali in the Registration District of Mumbai Suburban situate, lying and being at Rani Sati Marg, Malad (East), Mumbai -400 097 as per the plans and specifications duly sanctioned by the competent authority

Dated this 2nd day of August, 2025
M/s. Law Origin
Sd/-
Namita Natekar
Partner

# हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता!

आपरेशन सिन्दूर पर संसद में हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।' गृहमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए उसने भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धान्त बनाया। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की लेकिन भारत की जनता ने इस झूठ को नकार दिया। शाह के इस बयान के बाद चर्चा छिड़ी है कि उन्होंने आखिर ऐसा दावा कैसे कर दिया कि हिन्दू कभी आतंकी नहीं हो सकता? पूछा जा रहा है कि उन्होंने भावावेश में आकर अतकथनी कर दी या हिन्दू अस्मिता के प्रेम में फंस कर ये दावा कर दिया? अमित शाह का उक्त कथन उन लोगों के तो गले बिल्कुल नहीं उतर रहा जो अभी तक इसी विमर्श को पल्लवित- पोषित करते आ रहे हैं कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता', तो फिर कैसे हिन्दुओं को इस मामले में एकतरफा चरित्र प्रमाणपत्र दिया जा रहा है? निष्पक्ष हो कर अमित शाह के ब्यान को जांचा-परखा जाए तो सामने आता है कि इसमें न तो अतिरंजना है न मनोवेश या अतिश्योक्ति, बल्कि यह एतिहासिक सत्य, भारत-भूमि पर पनपा प्रमाणिक हिमालयी तथ्य है कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। आइए सबसे पहले जानें कि आतंकवाद आता कहां से है, इसका वीर्य क्या है? असल में विश्व में ईश्वर को लेकर दो तरह की अवधारणाएं या मार्ग हैं, एक सनातन व दूसरा सेमेस्टिक या सामी। सभी मार्ग सम्मानित हैं, पर इनमें मौलिक अन्तर हैं। सेमेस्टिक मजहब में ईश्वर का एक निश्चित संदेशवाहक या पैगम्बर या दूत, एक ही धर्म ग्रन्थ रहता है-जैसे इस्लाम, ईसाई व यहूदी मजहब। उक्त सभी मजहब अपने- अपने पैगम्बर को ईश्वर का अंतिम दूत और अपने-अपने धर्म ग्रन्थों में वर्णित बातों को ही ईश्वर का अंतिम सन्देश मानते हैं। सामी मजहब वाले केवल ऐसा मानते ही नहीं बल्कि अपने पैगम्बर व ग्रन्थों की बातों को दूसरे से श्रेष्ठ मानते हुए उन पर थोपने का प्रयास भी करते हैं। धीरे-धीरे इनके अनुयायियों में श्रेष्ठता की यही ग्रन्थी केवल मजहबी उन्माद तक ही सीमित नहीं रहती बल्कि रहन-सहन, खान-पीन, भाषा-वाणी अर्थात जीवन के हर क्षेत्र को संक्रमित कर देती है। दूसरे को हीन समझ उस पर अपने विचार व आस्था लादने के लिए कोई क्रूसेड करता है तो कोई जिहाद। दुनिया में ईसाईयत व इस्लाम के नाम पर जो अत्याचार, हिंसा, खूनखराबा हुआ सभी इसी श्रेष्ठता की ग्रंथि के संक्रमण के चलते हुआ। दूसरे की आस्था के प्रति असम्मान, हिकारत, तिरस्कार में ही आतंकवाद के बीज छिपे रहते हैं। मध्ययुग में ईसाईयत के नाम पर आतंकवाद फैला परन्तु पश्चिमी समाज में आई नवचेतना के चलते इसने रूप बदल कर सेवा व लालच का ले लिया परन्तु इस्लाम के प्रचार-प्रसार का अमानवीय ढंग निरंतर जारी रहा, जिसे आज इस्लामिक आतंकवाद कहा जाने लगा है। आज ईसाई मिशनरी सेवा व लालच के बल पर धर्मपरिवर्तन करते हैं और जिहादी बंदूक की नोक पर, दोनों का लक्ष्य एक ही है कि अपने-अपने मजहबों की संख्या बढ़ाना चाहे साधन अलग-अलग हैं। इस्लामिक जिहाद की तरह अगर ईसाईयों की सेवा व प्रलोभन के प्रपंचों को भी आतंकवाद का नाम दे दिया जाए तो कोई विषय भटकाव नहीं होगा। सामी मजहबों के विपरीत दूसरी विचारधारा है सनातन जिसे हिन्दू धर्म भी कहते हैं। 'श्री अरविन्द की दृष्टि में हिन्दू धर्म और सामी मजहब' पुस्तक में महर्षि अरविन्द कहते हैं-''जिस धार्मिक संस्कृति को हम आज हिन्दू धर्म के नाम से पुकारते हैं, उसने अपना कोई नाम नहीं रखा क्योंकि उसने स्वयं अपनी कोई साम्प्रदायिक सीमा नहीं बांधी। उसने सारे संसार को अपना अनुयायी बनाने का कोई दावा नहीं किया, किसी एकमात्र निर्दोष सिद्धांत की प्रस्थापना नहीं की, मुक्ति का कोई एक ही संकीर्ण पथ या द्वार निश्चित नहीं किया। वह कोई मत या पन्थ की अपेक्षा कहीं अधिक मानवआत्मा के ईश्वरोन्मुख प्रयास की एक सतत् विकासशील परम्परा है।' सनातन का विचार है 'एकम सत विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात सत्य एक है जिसे विद्वान उसे विभिन्न नामों से बुलाते हैं। 'अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।। अर्थात तेरे-मेरे की भावना छोटे मन का प्रतीक है, उदारचित्त वालों के लिए तो सारी पृथ्वी ही एक परिवार है। सनातन धर्म मानता है तेरा धर्म तुझे मुबारक और मेरी आस्था मुझे। दोनों ही मार्ग श्रेष्ठ हैं। मार्ग अलग-अलग हैं परन्तु सभी की मंजिल एक है, जैसे सभी नदियां अंततः एक समुद्र में विलीन हो जाती हैं उसी तरह सभी पथ उसी एक मंजिल पर ही मिलते हैं। यही भावना है जो हिन्दू को आतंकवादी बनने से रोकती है। इतिहास साक्षी है कभी भारत ने तलवार के जोर पर न तो किसी के भू- भाग को कब्जाया और न ही दूसरे पर अपना धर्म या विचार थोपा। इसी सर्वसमावेशी व सर्वपन्थ समादर भाव वाली जीवन शैली के आधार पर ही अमित शाह ने राज्यसभा में डंके की चोट पर दावा किया कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। केवल आस्था ही क्यों, हिन्दू ने तो कभी नास्तिक या अनिश्वरवादियों को भी नहीं दुत्कारा। महर्षि चारवाक ईश्वरवाद के उलट और पूर्णतः भौतिकवादी थे। वेदों के बारे उनके विचार नकारात्मक थे परन्तु हिन्दू समाज ने उन्हें भी महर्षि की उपाधि दी जबकि सेमस्टिक मजहबों में नास्तिकों को 'नोन-बिलीवर या काफिर' कह कर दण्डित करने का प्रचलन है। सनातन समाज ने कभी अपने आप को किसी देव विशेष, ग्रन्थ विशेष या व्यक्ति विशेष से नहीं बांधा बल्कि सत्य की यात्रा को अनवरत बताया। हमारी परम्परा में देह वासना और लोकवासना की भान्ति देववासना व शास्त्र वासना को भी मुक्ति मार्ग की बाधा बताया गया है। इसी तरह की अनेक विशेषताएं हैं जो सत्य सनातन धर्म के मानने वाले अनुयायी को संकीर्ण, कट्टर व आततायी होने की अनुमति नहीं देती। अमित शाह ने संसद में हिन्दू धर्म को लेकर जो दावा किया है वह ऐतिहासिक सत्यता व प्रमाणिकता की कसौटी पर सौ टंच खरा उतरता है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*चिदंबरम पगला गया, बोले बोल कुबोल*
*बेशर्मी तो देखिए, पीटे पाकी ढोल*
*पीटे पाकी ढोल, शत्रु के मन जो भाए*
*पप्पू का पगलेट, वही जीभर चिल्लाए*
*कह सुरेश कविराय बिखेरे जनता में भ्रम*
*देशद्रोहियों हेतु क्यों चिंघियाय चिदंबरम*

# मालदीव के साथ प्रगाढ़ होते भारत के संबंध

**विगत कुछ वर्षों से मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भारत विरोध का राग अलाप रहे थे एवं भारत सरकार के ऊपर अनर्गल आरोप लगा रहे थे लेकिन बदलते परिदृश्य में भारत की उपादेयता एवं चीन के ऋण के मकड़जाल से मुक्त होने के लिए भारत की महनीय आवश्यकता, महत्व एवं उपादेयता मालदीव के लिए अत्यंत आवश्यक है।**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं मधुर संबंध को बनाए रखने की प्राथमिकता दे रहे हैं । मोदी जी विगत जुलाई महीने में 25 एवं 26 को मालदीव की यात्रा पर गए थे। सामरिक एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पड़ोसी, मालदीव अपने देश का 60वा स्वतंत्रता दिवस मना रहा था। इस महत्वपूर्ण एवं गरिमावान दिवस के मुख्य अतिथि मोदी जी थे। मोदी सरकार के वैदेशिक संबंधों में 'पड़ोसी प्रथम' की प्रासंगिकता एवं उपादेयता की दृष्टि से यह यात्रा अति महत्वपूर्ण है। विगत कुछ वर्षों से मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भारत विरोध का राग अलाप रहे थे एवं भारत सरकार के ऊपर अनर्गल आरोप लगा रहे थे लेकिन बदलते परिदृश्य में भारत की उपादेयता एवं चीन के ऋण के मकड़जाल से मुक्त होने के लिए भारत की महनीय आवश्यकता, महत्व एवं उपादेयता मालदीव के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में मालदीव के चहुमुखी विकास के लिए भारत जैसे 'बड़े भाई' की आवश्यकता है। मालदीव के विकास के लिए अनुदान की आवश्यकता है। बदहाली की अवस्था एवं आसन्न संकट के निवारण के लिए भारत सरकार का संकट मोचन की स्थिति में आना शुभ एवं श्रेयस्कर है। आर्थिक बदहाली से ग्रस्त मालदीव को संकट से उबारने वाला देश भारत है। मालदीव के राष्ट्रपति मोदी जी के आगमन पर माले हवाई अड्डे पर स्वयं अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ स्वागत किया जो मालदीव के मोदी जी के प्रति संसदीय शिष्टाचार को प्रस्तुत कर रहा है। उनका यह शिष्टाचार भारत विरोध के प्रति नरम नीति (Soft policy) का संकेत है। वैदेशिक संबंधों में कहा गया है कि राष्ट्रीय हितों के सापेक्ष वैदेशिक संबंध बदलते रहते हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने मोदी जी का हृदय तल से आभार जताया एवं यह भी कहा कि "भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी एवं विश्वसनीय मित्र हैं जो प्राकृतिक आपदा एवं महामारी जैसे संकटों में हमेशा खड़ा रहा है।"



इस अवसर पर भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि" भारत को मालदीव का सर्वाधिक भरोसेमंद मित्र होने का गर्व है। हम मात्र पड़ोसी ही नहीं, बल्कि सहयात्री भी हैं।" उपर्युक्त सभी तथ्यों एवं कथनों का विश्लेषण करें तो स्पष्ट होता है कि भारत एवं मालदीव के बीच रिश्तों का बर्फ पिघल रहा है, एवं दोनों देश अपने आर्थिक, व्यापारिक, सामरिक एवं व्यवसायिक रिश्तो को मजबूत करना चाहते हैं। भारत मालदीव के बदहाली के संकट के समाधान के लिए बेहद कम ब्याज दर पर 4850 करोड रुपए का आर्थिक सहयोग (लाइन आप क्रेडिट LOC )देने की घोषणा की है, इसके साथ ही वार्षिक कर्ज अदायगी को 40%( 5.1 करोड़ डालर से 2.9 करोड़ डॉलर) घटा दिया है। इससे मालदीव के आर्थिक बदहाली में राहत होगा। मालदीव एवं भारत के मध्य समुद्री क्षेत्र एवं सामरिक क्षेत्र में सहयोग के आसार बढ़े है। मालदीव 1200 दीपों का समूह है। भौगोलिक रूप से मालदीव को संसार का सबसे बिखरा हुआ देश कहा जाता है। मालदीव की आबादी 5.21 लाख है। मालदीव ग्रेट ब्रिटेन (संयुक्त राज्य) से 1965 में स्वतंत्र हुआ था। 1968 में संवैधानिक रूप से इस्लामी गणतंत्र बना था। 2008 में इस्लाम मालदीव का राजकीय धर्म बना था। यह संसार का सबसे छोटा इस्लामिक देश है। 26 जुलाई, 2025 को मालदीव अपना 60वा स्वतंत्रता दिवस मना रहा था एवं भारत के प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। मोदी जी की यह तीसरा मालदीव यात्रा है। मालदीव की सरकार' भारत प्रथम' की नीति पर चल रही थी, लेकिन श्री मुइज्जू. ने इस नीति को समाप्त करने का वादा किया था। 7.5 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले द्वीपीय देश मालदीव को भारत ने डिफॉल्ट होने से बचाया, तब श्री मुइज्जू. ने भारत के प्रति अपना रुख बदला था। राष्ट्रपति बनने के पश्चात श्री मुइज्जू. ने तुर्किय,यूएई एवं चीन का दौरा किया था। इसके पश्चात भारत से कड़वाहट दूर करने का प्रयास किया था। समसामयिक में सवाल है कि मालदीव को भारत एवं चीन इतना महत्व क्यों दे रहे हैं? मालदीव हिंद महासागर के बड़े समुद्री रास्ते पर अवस्थित है। हिंद महासागर में इन्हीं रास्ते से व्यापार होता है। खाड़ी के देशों खासकर तेल के देशों से भारत में ऊर्जा की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। ऐसी स्थिति में भारत का मालदीव से मधुर संबंध बनाए रखना समय की मांग है! इस विषय पर राजनीतिक विश्लेषक वीना सीकरी कहती है कि मालदीव एक मुख्य मैरिटाइम रूट है एवं वैश्विक बाजार में इसकी महत्वपूर्ण उपादेयता है। इसके आगे वीना सीकरी कहती हैं कि," भारत के आर्थिक एवं राजनीतिक हितों के लिए यह रास्ता अति महत्वपूर्ण है। खाड़ी के देशों से भारत का ऊर्जा आयात हिंद महासागर से होता है। मालदीव से संबंध मधुर होना भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। भारत के मैरिटाइम सर्विलांस में भी मालदीव का सहयोग अति आवश्यक है। थिंक टैंक ORF के वरिष्ठ फेलो श्री मनोज जोशी का कहना है कि," जहां मालदीव स्थित है, वहां महत्वपूर्ण समुद्री लेन हैं। यह लेन पर्शियन गल्फ से ईस्ट एशिया की ओर जाती है। भारत भी व्यापार में इस लेन का इस्तेमाल करता है।" मालदीव भारत के बिल्कुल समीप है। भारत के लक्षद्वीप से 700 किलोमीटर दूर है एवं भारत के मुख्य भाग से 1200 किलोमीटर है। इस पर श्री मनोज जोशी का कहना है कि, "अगर चीन ने मालदीव में नेवी बेस बना लिया तो यह भारत के लिए सुरक्षा चुनौती पैदा करेगा। मालदीव में चीन मजबूत होता है तो युद्ध जैसे हालात में उसके लिए भारत पहुंचना आसान हो जाएगा। चीन का मालदीव में कई आर्थिक प्रोजेक्ट है। चीन के बारे में कहा जाता है कि वह मालदीव में नेवी बेस बनाना चाहता है। ऐसे वातावरण में भारत का सतर्क, चौकन्ना एवं सक्रिय रहना लाजमी है।" इस पर श्री मनोज जोशी आगे कहते हैं" मालदीव भारत के लिए वर्तमान में भी चुनौती है। मोदी जी को मालदीव आमंत्रित किया है लेकिन राष्ट्रपति मुइज्जू ने आर्थिक मजबूरी में ऐसा किया है। मालदीव का जनमत सामयिक परिदृश्य में भी भारत के विरोध में है एवं राष्ट्रपति मुइज्जू इसी का फायदा उठाकर जीते थे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने मजबूरी में भारत से संबंध सामान्य किए हैं ना कि वह ऐसा चाहते थे।" सामयिक परिदृश्य में मालदीव ने चीन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है। वह चीन के महत्वकांक्षी परियोजना सिल्क बेल्ट एवं रोड का भी प्रबल समर्थक है। मालदीव के आयात में भारत एवं चीन की हिस्सेदारी सन 2014 में क्रमशः 8.6 % एवं 5.3 % थी, वही 2023 में बढ़कर 15.6 % एवं 11.6 % हो चुकी है। मालदीव में चीन अपनी मौजूदगी मजबूत करता है तो भारत के लिए रणनीतिक नुकसान है।

**- डॉ.बालमुकुंद पांडेय**

# अब पृथ्वी पर नजर रखेगा 'निसार'

भारत आंध्र प्रदेश राज्य में श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 30 जुलाई 2025 को एक बेहद महत्वाकांक्षी मिशन के सेटेलाइट 'निसार' को जीएसएलवी-एफ16 प्रक्षेपण यान के जरिए लॉन्च किया गया। ये सेटेलाइट केंद्र से उड़ान भरकर सूर्य की समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित होगा। निसार का पूरा नाम 'नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार' है। ये एक अत्याधुनिक पृथ्वी-अवलोकन सेटेलाइट है जिसे भारत के इसरो और अमेरिका के नासा ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इस सेटेलाइट का वजन 2,392 किलोग्राम है और यह दुनिया का पहला बड़ा उपग्रह है। इसमें दो फ्रीक्वेंसी बैंड लगाए गए हैं। एल-बैंड एनएएसए की ओर से और एस-बैंड इसरो द्वारा लगाए गए हैं। यह दोहरे बैंड वाला रडार सिस्टम इस मिशन को पृथ्वी की सतह पर होने वाले परिवर्तनों को किसी भी अन्य उपग्रह की तुलना में अधिक सटीकता से देखने में सक्षम बनाता है। जानकारी के अनुसार लॉन्च के बाद पहले 90 दिनों तक यह इन-ऑर्बिट चेकआउट चरण में रहेगा। इस चरण के दौरान उपग्रह को वैज्ञानिक संचालन के लिए तैयार किया जाएगा। इसके बाद इसका वैज्ञानिक संचालन शुरू होगा। इससे मिले डेटा सभी उपयोगकर्ताओं को कुछ ही घंटों में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध होगा और साथ ही इसके लिए कोई शुल्क भी नहीं लगेगा। ऐसे में यह भारत की पर्यावरण योजना, आपदा प्रबंधन और वैज्ञानिक शोध के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगा। अपनी स्कैनिंग क्षमता के जरिए ये सेटेलाइट पृथ्वी की सतह पर हो रहे बदलावों को मिलीमीटर स्तर तक की सूक्ष्मता से माप सकता है। इस लिहाज से निसार सेटेलाइट भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भूकंप, भूस्खलन, ज्वालामुखी और सुनामी जैसे हर तरह की प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी कर सकता है। साथ ही ये हिमखंडों की गतिविधियाँ, समुद्र स्तर में वृद्धि, भूजल और वन क्षेत्रों की स्थिति और कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को भी ट्रैक करने में सक्षम है। इसके प्रक्षेपण पर भारतीय खगोलशास्त्री और अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रोफेसर आरसी कपूर के अनुसार "यह



नासा और इसरो के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है। यह पृथ्वी से लगभग 743 किलोमीटर की ऊँचाई और 98.4 डिग्री के झुकाव के साथ पर उसकी कक्षा में स्थापित किया जाएगा। यह उपग्रह लगभग 12 दिनों में पूरी पृथ्वी का स्कैन करेगा। इसके बाद यह प्रतिदिन काफी मात्रा में डेटा हमें देगा। इसके कारण आपदा प्रबंधन के साथ पृथ्वी की कई ऐसी जानकारियाँ मिलेंगी जो वर्तमान और भविष्य की कई परेशानियों का समाधान कर सकती हैं। इसके साथ ही पृथ्वी का गहराई से अध्ययन करने वालों के लिए ये बेहद उपयोगी होगा। आज की तारीख में, यह पृथ्वी का सबसे उन्नत अवलोकन उपग्रह बनने जा रहा है।" मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रत्येक प्रणाली का सिग्नल पृथ्वी की सतह पर अलग-अलग आकार की विशेषताओं के प्रति संवेदनशील होता है और प्रत्येक प्रणाली अलग-अलग विशेषताओं जैसे नमी की मात्रा, सतह की खुरदुरापन, और गति को मापने में विशेषज्ञता रखती है। अपनी कक्षा में जाने के बाद सेटेलाइट की सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर)तकनीक पृथ्वी की सतह पर रडार तरंगें भेजेगी। ये तरंगें सतह से टकराकर लौटेंगी। रिटर्न सिग्नल के समय और उसके फ़ेज में हुए बदलाव को मापा जाएगा। निसार सेटेलाइट पृथ्वी का अवलोकन एल-बैंड एसएआर के 1.257 जीएचजेड के माध्यम से करेगा। ये लंबी तरंग दैर्ध्य वाली रेडियो तरंगें होती हैं। यह तकनीक घने जंगलों और मिट्टी के नीचे तक होने वाले परिवर्तनों के साथ सतह पर होने वाली विकृतियों को भी ट्रैक करने में सक्षम है। इसके अलावा, एस-बैंड एसएआर , 3.2 जीएचजेड की छोटी तरंग दैर्ध्य वाली रेडियो तरंगों का उपयोग करता है। इससे फसलों, पानी की सतह और जमीन की सतही जानकारियों का विस्तृत विश्लेषण कर सकने में सक्षम बताई जा रही है। इसरो के अनुसार, सेटेलाइट पहली बार स्वीप सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक का उपयोग कर 242 किमी के चौड़े क्षेत्र को भी उच्च स्थानिक विभेदन के साथ स्कैन कर सकेगा। आसान भाषा में कहा जाए तो स्वीप एसएआर एक रडार तकनीक है जिसमें बड़े क्षेत्र को कम समय में विस्तृत तौर पर स्कैन किया जा सकता है। यह तकनीक कई छोटे रडार एलीमेंट्स को एक साथ और अलग-अलग कोणों से चलाकर सतह की काफी स्पष्ट तस्वीर तैयार करती है। इसी तरह स्थानिक विभेदन का मतलब है कि एक तस्वीर में कितनी अधिक जानकारी दिख रही है। जितना अधिक रेजोल्यूशन होगा उतनी ही साफ और सूक्ष्म डिटेल मिलेगी। निसार हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन करेगा और किसी भी मौसम, दिन या रात में हाई रेजोल्यूशन वाले तस्वीर देगा। इसके दोहरे रडार पेलोड और स्वीप एसएआर तकनीक इसे और अधिक बेहतर बनाते हैं। इससे वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं को बेहद कम समय में सटीक और व्यापक डेटा मिल सकता है। ये जलवायु परिवर्तन, कृषि और आपदा प्रबंधन के लिए बेहद जरूरी है। निसार मिशन भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग में बढ़ती साझेदारी को दर्शाता है। इसे लेकर केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार "यह मिशन केवल एक उपग्रह प्रक्षेपण नहीं है। यह एक ऐसा क्षण है जो दर्शाता है कि विज्ञान और वैश्विक कल्याण के प्रति समर्पित 2 लोकतंत्र मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं, इसे दिखा रहा है। निसार न सिर्फ भारत और अमेरिका को सेवा देगा बल्कि दुनिया भर के देशों को भी खास तौर पर, आपदा प्रबंधन, कृषि और जलवायु निगरानी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण डेटा देगा।" वैश्विक पटल पर देखें तो दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी कई घटनाएँ अक्सर देखने को मिल रही हैं। निसार उन सभी घटनाओं की जानकारी पहले से ही संभावित करेगा।

**- रामस्वरूप रावतसरे**

# देश की दिशा कौन तय करेगा?

क्या भारत को फिर से 'सोने की चिडिय़ा' बनाने की बात अब अप्रासंगिक हो गई है? आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में अपने भाषण में स्पष्ट रूप से जो कुछ कहा है, उसी से यह प्रश्न उठा है। उन्होंने कहा है कि भारत को अब अतीत की 'सोने की चिडिय़ा' नहीं बल्कि 'शेर' बनना चाहिए क्योंकि दुनिया आदर्शों का नहीं, ताकत का सम्मान करती है। संघ प्रमुख का यह वक्तव्य केवल संघ के कार्यकर्ताओं के लिए ही नहीं है बल्कि नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और आम नागरिकों तक पहुंचाया गया एक वैचारिक सन्देश है। भागवत के बयान से कई प्रश्न उठते हैं। क्या अब देश को फिर से सोने की चिडिय़ा बनने की सोच अपर्याप्त हो गई है? और यदि भारत को 'शेर' बनना है तो इसके मायने क्या हैं? देश की दिशा किससे तय होगी- समृद्धि की चिडिय़ा से या शक्ति के शेर से? भारत को सोने की चिडिय़ा कहा जाना उसके ऐतिहासिक आर्थिक और सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक है। उस काल में हमारा देश व्यापार, शिल्प, शिक्षा और दर्शन में अग्रणी था लेकिन भारत का यह वैभव सामरिक दृष्टि से असुरक्षित था जिसका परिणाम अनेक विदेशी आक्रमणों और अंग्रेजों की गुलामी के रूप में निकला। ऐसे में मौजूदा दौर में भागवत देश को सिर्फ 'सोने की चिडिय़ा' बनाने के पक्ष में नजर नहीं आते हैं। हमारे लिए 'सोने की चिडिय़ा' गौरवशाली अतीत की स्मृति तो हो सकती है पर यह अपने आप में पूर्ण भविष्य की दिशा नहीं हो सकती। भागवत के इस कथन में केवल एक प्रतीकात्मक बदलाव की वकालत नहीं है बल्कि भारत की सामूहिक चेतना को नए युग के लिए तैयार करने का संदेश है। यह वक्तव्य प्रतीकात्मक भाषा में एक गहन वैचारिक परिवर्तन का आह्वान करता प्रतीत हो रहा है। भागवत का यह कहना कि भारत अब शेर बने, न कि चिडिय़ा, इसमें एक शक्तिशाली राष्ट्र की परिकल्पना है। यहां 'शेर' से अभिप्राय सिर्फ एक वन्य जीव से नहीं है बल्कि यह एक ऐसी राष्ट्रीय मानसिकता का प्रतीक है जो शक्तिशाली हो, आत्मनिर्भर हो, निर्णायक हो और अपने क्षेत्र की रक्षा कर सकने में सक्षम हो। इस संदेश से साफ है कि संघ ऐसा देश चाहता है जो हर चुनौती का सामना करने को सदैव तैयार हो। यकीनन, यह महत्वाकांक्षा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पैदा हुई है, यानी जो देश में जो हौसला ऑपरेशन सिंदूर से उपजा है, वह निरंतर बढऩा चाहिए। भागवत ने इंडिया बनाम भारत की भी बात की है। उनका कहना है कि जब तक हम अपने नाम, भाषा और विचारों में आत्मगौरव नहीं लाएंगे, तब तक दुनिया से सम्मान पाने की उम्मीद अधूरी रहेगी। संघ प्रमुख ने जो कुछ कहा है, उसमें अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के लिए भी एक सन्देश है। हाल के सालों में भारत ने डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक मंचों पर भागीदारी और रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भरता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं परंतु भागवत चाहते हैं कि भारत को और अधिक निर्णायक, स्पष्ट और तेज गति से आगे बढऩा चाहिए। भारत को केवल 'विकासशील' नहीं बल्कि 'दिशा देने वाला' देश बनना है।

**- अमरपाल सिंह वर्मा**

आज का कार्टून




साभार

# बरेली में गिरे 'झुमके' की अनसुलझी कहानी का सच?

बरेली में गिरे 'झुमके' वाला विश्व प्रसिद्ध किस्सा काल्पनिक है या वास्तविक? दरअसल, ये ऐसी अनसुलझी कड़ी है जो दशकों बीतने के बाद भी नहीं सुलझ सकी। असल सच्चाई पर पर्दा आज भी पड़ा हुआ है। बरेली में जन्में ख्याति प्राप्त शायर वसीम बरेलवी साहब से लेकर तमाम बुजुर्ग-युवा इतिहासकार भी झुमके की पहेली को नहीं सुलझा पाए। हालांकि, झुमके का संबंध वैसे तथ्यात्मक रूप से दो किस्सों से ज्यादा जोड़ा जाता है जिसमें पाकिस्तान के लोग आज भी मानते हैं कि उनके यहां की एक लड़की जब लाहौर से बरेली पहुंची तो उनका झुमका बरेली के बाजार में गिर गया। वह लड़की कोई और नहीं बल्कि सदी के महानायक अभिनेता अमिताभ बच्चन की माता तेजी सूरी थीं। आजादी के कुछ साल पहले यानी 1941 के आखिरी दिन था महाकवि हरिवंश राय बच्चन अपने बरेली के दोस्त ज्योति प्रकाश जौहरी के घर मिलने पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद तेजी सूरी से मुलाकात हुई जो लाहौर से पहुंची थी। यह तेजी और हरिवंश जी की पहली मुलाकात थी जो कुछ घंटों में प्यार में तब्दील हो गई जबकि तब तेजी की सगाई इंग्लैंड के किसी व्यापारी संग हो रखी थी। उस सगाई को उन्होंने तोड़ा और हरिवंश जी के साथ जीवन जीने का निर्णय लिया। हरिवंश जी से मुलाकात के दूसरे दिन तेजी सूरी बरेली के बाजार में घूमने गईं जहां उनका लाहौर में बना डेढ़ तोले का सोने एक झुमका गिर गया। ये बात लौटकर तेजी ने सभी को बताई। मुलाकात के बाद तेजी लाहौर और हरिवंश इलाहाबाद चले गए। कुछ महीनों बाद लेखक राजा मेहदी साहब की मुलाकात तेजी सूरी से लाहौर में एक कार्यक्रम के दौरान हुई। तेजी सूरी थियेटर आर्टिस्ट थी, स्टेज शोज करती थीं। तब उन्होंने तेजी से मजाकिया लहजे में पूछ डाला कि आप दोनों शादी कब कर रहे हैं? इस बात का जवाब तेजी ने बड़े ही खूबसूरत और निराले अंदाज से दिया। बोली- 'मेरा झुमका तो बरेली के बाजार में ही गिर गया था, पहले वो तो मिल जाए? लेखक ने उनके शब्दों को गाने का रूप दे डाला। सन-1966 आई फिल्म 'मेरा साया' की अभिनेत्री साधना पर वह गाना फिल्माया गया। गाने के बोल थे "झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में" जो आज भी दुनिया भर के लोगों की जुबान पर है। उसके बाद झुमके का जिक्र अदा-कदा हिंदी फिल्मों में खूब हुआ और होता भी है। अभी हाल ही में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी 'झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में' को रिमिक्स करके प्रस्तुत किया गया। साल 2019 में बरेली प्रशासन ने एक चौराहे पर विशाल 'झुमका चौहराया' स्थापित करवाया जो शहर में आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। वहां लोग रखकर सेल्फी और फोटो लेते हैं। 2 क्विंटल वजन के झुमके की ऊंचाई 14 फीट है जिसके निर्माण में पीतल और तांबे का इस्तेमाल किया गया है। बरेली का पुराना नाम वैसे कैथेर हुआ करता था। वो नाम मुगल शासक द्वारा दिया गया था। बाद में, 1537 में, दो राजकुमारों बंसलदेव और बरलदेव ने जिनके नाम पर शहर का नाम "बांस-बरेली" पड़ा, ने यहां एक दुर्ग का निर्माण भी करवाया था। झुमके के अलावा बरेली का सुरमा, बांस और लस्सी भी फेमस रही है। 16वीं शताब्दी में बरेली रोहिलों के नियंत्रण में थीं जो बाद में रोहिलखंड के नाम से जानी गई। झुमके से जुड़ी दूसरी कहानी भी काफी दिलचस्प और मजेदार है। आजादी महोत्सव के 75वें साल के मौके पर बरेली में आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम में 'लाइट एंड साउंड शो' में झुमके का वाक्या गुलाम भारत के दौरान एक कड़क सिपाही से जोड़कर प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के जरिए बताया गया कि अंग्रेजी हुकूमत में एक सिपाही जिसका नाम 'झुमका सिंह' था जो चलते-चलते बरेली के एक बाजार में गिर पड़ा था। उसके गिरने की रिपोर्ट उनके साथियों ने वरिष्ठ अधिकारियों से यह कहकर की थी कि 'सर झुमका बरेली के बाजार में गिर गया हालांकि उसकी गिरने के कुछ घंटों बाद मौत भी हो गई थी। सिपाही की मौत को जेल में बंद क्रांतिकारियों ने जश्न के रूप में इसलिए मनाई क्योंकि वह जेलियों पर बहुत अत्याचार करता था, यातनाएं देता था। सिपाही की कहानी पर इतिहासकार ज्यादा इत्तेफाक नहीं रखते पर, अमिताभ बच्चन की माता से जुड़े किस्से को थोड़ा बहुत विश्वास करते हैं। कुल मिलाकर झुमके की कहानी साहित्यकार हरिवंश राय बच्चन से निगाहें मिलाने के बाद अपने प्यार का 'झुमका' गिरा बैठीं तेजी सूरी की कहानी ही दिखाई पड़ती है। 'झुमका गिरा रे' तेजी सूरी की हरिवंश जी के प्रति प्यार जताने के तरीके से प्रेरित है।

**- डॉ. रमेश ठाकुर**

# लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे की जयंती पर विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम

## 'अन्नाभाऊ साठे के कार्यों और विचारों का प्रसार करना सभी का कर्तव्य'



**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे सिर्फ़ एक लेखक ही नहीं, बल्कि क्रांति के सू त्रधार थे। उनकी कलम ने शोषितों की पीड़ा को व्यक्त किया, अन्याय को आवाज़ दी और वंचित समुदाय की भावनाओं को शब्द दिए। उनका जीवन अंधकार में प्रकाश की तलाश कर रहे सभी लोगों के लिए एक प्रकाश स्तंभ है और उनके कार्यों और विचारों को फैलाना हम सभी का कर्तव्य है, ऐसा राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री छगन भुजबल ने कहा।

मंत्री छगन भुजबल नासिक शहर के शालीमार में लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री छगन भुजबल ने लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित बंधुओं से बातचीत की। उस समय वे बोल रहे थे। इस अवसर पर राकांपा शहर अध्यक्ष रंजन ठाकरे, युवा शहर अध्यक्ष अंबादास खैरे, समाधान जेजुरकर, जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष संतोष अहिरे, भरत जाधव, संजय गलफड़े, नितिन चंद्रमोरे, शंकर मोकल, संजय खैरनार, योगेश दिवे, यशवंत निकुले, जीवन रायते, संतोष भुजबल सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे की जयंती के अवसर पर जयंती उत्सव समिति की ओर से मंत्री छगन भुजबल द्वारा उपस्थित नागरिकों को उपन्यास 'फकीरा' वितरित किया गया। साथ ही, एक रक्तदान शिविर का उद्घाटन भी मंत्री छगन भुजबल ने किया।

## मनमाड कॉलेज में लोकमान्य तिलक और लोकशाहिर साठे को विनम्र अभिवादन



**मनमाड।** महात्मा गांधी विद्यामंदिर संचलित, कला, विज्ञान और वाणिज्य महाविद्यालय, मनमाड द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण पाटिल की अध्यक्षता में लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे और लोकमान्य तिलक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने भाषण में, डॉ. अरुण पाटिल ने लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे के जीवन कार्यों की समीक्षा की। अन्नाभाऊ साठे ने अपने साहित्य के माध्यम से समाज में प्रबोधन पैदा करने का काम किया। अपने लेखन के माध्यम से, उन्होंने समाज में शोषित, पीड़ित, दलित और श्रमिक वर्ग के दुख, संघर्ष और आत्मसम्मान को आवाज दी। उनके साहित्य ने मराठी में लोक साहित्य, दलित साहित्य और सामाजिक प्रबोधन के लिए एक आंदोलन खड़ा किया। साथ ही, स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे प्राप्त करूंगा। तिलक ने स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिश सरकार को न्याय दिलाने के लिए एक उग्र विचारधारा अपनाई। उन्होंने यह राय व्यक्त की कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में तिलक का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। महात्मा गांधी विद्यामंदिर और आदिवासी सेवा समिति के समन्वयक। डॉ. अपूर्व हिरे के जन्मदिन के अवसर पर शुरू की गई "अपूर्व दत्तक योजना" में महाविद्यालय के गरीब, जरूरतमंद और होनहार छात्र शामिल थे।

## लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे एक प्रखर साहित्यिक सम्राट थे : छाजेड़



नाशिक। अन्याय के विरुद्ध परिवर्तन का एक महान आंदोलन लोकतंत्रवादी अन्नाभाऊ साठे ने अपनी कलम और स्याही से चलाया था। लोकतंत्र में संयुक्त महाराष्ट्र के आंदोलन में अन्नाभाऊ साठे का अहम योगदान था। अपनी अत्यंत प्रखर लेखनी के बल पर शाहिर अन्नाभाऊ साठे ने संयुक्त महाराष्ट्र के आंदोलन को जन-जन के मन में स्थापित करने का काम किया। यह विचार नासिक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आकाश छाजेड ने व्यक्त किए। लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे की जयंती के अवसर पर, नासिक शहर कांग्रेस कमेटी ने शालीमार में उनकी पूर्ण लंबाई वाली प्रतिमा के पास लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अध्यक्ष आकाश छाजेड़ बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष बब्लू खैरे, उद्धव पवार, संतोष ठाकुर, रामकिशन चव्हाण, विजय पाटिल, संदीप शर्मा आदि उपस्थित थे।

### महावितरण ने मनाई साहित्य रत्न साठे की जयंती

**नाशिक।** महावितरण के नासिक मंडल कार्यालय के विद्युत भवन में साहित्य रत्न अन्नाभाऊ साठे की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक चंद्रकांत खाड़े ने अन्नाभाऊ साठे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी प्रमोद राजेभोसले, वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद फुलकर, जनसंपर्क अधिकारी विकास आढ़े, उप प्रबंधक स्वप्निल गोराणे एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुझे कृषि विभाग की पेशकश की गईः भुजबल

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

जब एनसीपी का विभाजन हुआ और हम भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना रहे थे, तब मुझे कृषि विभाग की पेशकश की गई थी, लेकिन मैंने इसे स्वीकार नहीं किया, राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने बताया। शुक्रवार सुबह नासिक दौरे पर पत्रकारों से बात करते हुए भुजबल ने कहा कि 2022 में भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के बाद, अजित पवार ने विभागों के आवंटन के दौरान वित्त विभाग संभाला था और बाकी विभाग उनके सामने रखे गए थे। उन्होंने कहा, "आप जो चाहें विभाग चुन लें।" इस बीच, विधानसभा में रमी खेलते हुए कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे का एक वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष ने उनकी कड़ी आलोचना की थी। इसी के चलते उनसे कृषि विभाग छीन लिया गया है और उन्हें खेल एवं युवा कल्याण विभाग दिया गया है। मालेगाँव बम विस्फोट मामले में फैसले पर बोलते हुए, भुजबल ने हाल के कुछ मामलों का हवाला देते हुए पुलिस जाँच पर भी संदेह व्यक्त किया। "कुछ आरोपी 15 से 17 साल तक जेल में रहते हैं और फिर बरी हो जाते हैं। यह अन्याय है। मैं खुद ढाई साल जेल में रहा। यह पीड़ा न केवल मानसिक है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक भी है।"

# मनपा की 15 हजार करोड़ की विकास योजना ठंडे बस्ते में

- विभिन्न विकास कार्यों के लिए नहीं मिल पाई धनराशि
- मनपा को सिंहस्थ के फंड का बेसब्री से करना होगा इंतजार

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रयागराज की तर्ज पर सिंहस्थ प्राधिकरण का गठन और इसकी जिम्मेदारी विभागीय राजस्व आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम को सौं पे जाने के बाद, नाशिक महापालिका द्वारा प्रस्तुत लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की विकास योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है. नतीजतन, महापालिका को विभिन्न विकास कार्यों के लिए किसी भी तरह की धनराशि नहीं मिल पाई है। इसी बीच, शहर की सड़कें गड्ढों से भर गई हैं, और महापालिका ने इनकी मरम्मत की और पूरी तरह से अनदेखी की है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या मनपा सड़कों की मरम्मत के लिए सिंहस्थ के शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रही है। नाशिक



शहर की लगभग 170 किलोमीटर सड़कों को मरम्मत के लिए मनपा को सिंहस्थ के फंड का बेसब्री से इंतजार करना होगा।

महापालिका के निर्माण विभाग द्वारा इन सड़क कार्यों के लिए दो हजार करोड़ रुपये का अनुमान तैयार किया जा रहा है। इस योजना में लगभग 170 किलोमीटर लंबी आंतरिक और बाहरी रिंग रोड के साथ-साथ 2015 में निर्मित सड़कों को मजबूत करने का काम भी शामिल है। नए पांड की कमी और आगामी चुनौतियां वर्तमान में, निधि की कमी के कारण मनपा रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण भी नहीं कर पा रही है। हालांकि, सड़क कार्यों का अध्ययन और योजना बनाना जारी है। सिंहस्थ के मद्देनजर सड़कों के सुदृढीकरण का काम समय पर पूरा होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि ऐन वक्त पर होने वाली भागदौड़ से बचा जा सके। सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालु शहर में आएंगे, जिससे यातायात जाम एक बड़ी समस्या बन सकता है। इसे देखते हुए, महापालिका का निर्माण विभाग एक बेहतर सड़क नेटवर्क बिछाने को प्राथमिकता देगा, ताकि सिंहस्थ अवधि के दौरान एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवाजाही सुगम हो सके। साथ ही, मुख्य शहर से बचने और इनर रिंग रोड का उपयोग करके भीड़भाड़ से बचने की भी योजना है। 2015 के सिंहस्थ के दौरान जो सड़कें बनी थीं, उनमें से अधिकांश की हालत अब खराब हो चुकी है, और कुछ की पिछले 12 सालों से मरम्मत भी नहीं हुई है। उन सड़कों को मिलाकर लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर के सड़क नेटवर्क को बनाने की योजना है।

# राज्य में 'ई-नाम' योजना का प्रभावी क्रियान्वयन

**महानगर नेटवर्क**
**लासलगांव**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक में किसानों और कृषि व्यापारियों के लिए विशेष महत्व के एक निर्णय को मंजूरी दी गई, जिसका नाम है 'ई-नाम' योजना का प्रभावी क्रियान्वयन। इस निर्णय से राज्य की कृषि मंडियाँ और अधिक पारदर्शी और डिजिटल तरीके से जुड़ सकेंगी।

ई-नाम का अर्थ है इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार, जो केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह एक डिजिटल ऑनलाइन ट्रेंडिंग प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य देश की विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों




को एक ही ऑनलाइन नेटवर्क पर लाना है। इसमें किसान, व्यापारी और खरीदार एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लेन-देन कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म में कृषि उपज के लिए ऑनलाइन नीलामी प्रणाली है, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर मूल्य मिलने की संभावना बढ़ जाती है। बिचौलियों की संख्या कम होती है और पारदर्शी लेन-देन संभव होता है।

# नाशिक संभाग में 'राजस्व राजदूत' एक अभिनव पहल के रूप में लागू होगा : डॉ. गेडाम

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

राजस्व विभाग द्वारा नासिक संभाग के सभी पाँच जिलों में 1 से 7 अगस्त, 2025 तक ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक राजस्व सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँच बनाने के लिए, नासिक संभागीय आयुक्तालय ने 'राजस्व राजदूत' की अवधारणा को लागू करने का निर्णय लिया है। संचार में रुचि रखने वाले इच्छुक कॉलेज छात्र राजस्व राजदूत के रूप में इस सरकारी पहल में भाग ले सकेंगे। ये कॉलेज छात्र संबंधित राजस्व विभाग या तहसील कार्यालय




क्षेत्र या अधिक जनसंख्या वाले गाँवों में राजस्व राजदूत के रूप में कार्य करेंगे, संभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम ने बताया। राजस्व विभाग द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं और प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के दृष्टिकोण से, प्रत्येक महाविद्यालय से एक सक्रिय युवा को इस कार्य हेतु नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए, तालुका स्तर पर संबंधित तहसीलदारों और अतिरिक्त तहसीलदारों को सूचित किया गया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी कनिष्ठ महाविद्यालयों, महाविद्यालयों, आईटीआई आदि के प्राचार्यों से चर्चा करके अच्छे नेतृत्व क्षमता वाले और तकनीक का उपयोग करने में रुचि रखने वाले सक्रिय युवाओं का चयन करें, ऐसा डॉ. गेडाम ने भी बताया। राजस्व विभाग में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए, विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राजस्व विभाग की छवि को बढ़ाने का प्रयास किया जाए।

# कृषि नगर जॉगिंग ट्रैक के पुनर्निर्माण की मांग

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

देवयानी फरांदे ने मनपा आयुक्त मनीषा खत्री से जल चैनल बिछाने के कार्य के कारण क्षतिग्रस्त हुए कृषि नगर जॉगिंग ट्रैक के पुनर्निर्माण के लिए निधि उपलब्ध कराने की मांग की। इस जल चैनल के कार्य के कारण ट्रैक की स्थिति दयनीय हो गई है। परिणामस्वरूप, सुबह और शाम नियमित रूप से जॉगिंग के लिए आने वाले नागरिकों में नाराजगी का माहौल बन गया है। साथ ही, जल चैनल का काम पूरा होने के बाद जॉगिंग ट्रैक को बहाल करने के लिए आवश्यक निधि को बजट में ध्यान में नहीं रखा गया है। इससे क्षेत्र के नागरिकों को काफी असुविधा हुई है। चूंकि कृषि नगर जॉगिंग ट्रैक नागरिकों के लिए व्यायाम और स्वस्थ गतिविधियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसकी तुरंत मरम्मत की आवश्यकता है। इस संबंध में, ए. देवयानी फरांडे ने मनपा आयुक्त से जॉगिंग ट्रैक की मरम्मत के लिए निधि स्वीकृत करने और काम को तुरंत पूरा करने की मांग की।

# जगद्गुरु शांतिगिरिजी महाराज की उपस्थिति में त्र्यंबकेश्वर में जपानुष्ठान समारोह का आयोजन

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

तिरुपति बालाजी में सफल धार्मिक अनुष्ठान के बाद, श्रावण मास के अवसर पर श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर में वार्षिक नाग पंचमी महा जपानुष्ठान समारोह का आयोजन किया गया है। जगद्गुरु स्वामी शांतिगिरिजी महाराज के सानिध्य में इस धार्मिक समारोह का उद्घाटन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस समारोह के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। निष्काम कर्मयोगी जगद्गुरु जनार्दन स्वामी मौनगिरिजी महाराज धर्मपीठ के



पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगद्गुरु स्वामी शांतिगिरिजी (मौनगिरिजी) महाराज की प्रेरणा एवं मुख्य उपस्थिति में श्रावण मास एवं नाग पंचमी के अवसर पर महाजापानुष्ठान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह का शुभारंभ पालकी यात्रा से किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, पद्य पूजन, संत, अतिथि, ब्राह्मण पूजन संपन्न हुआ। इस मौके पर जगद्गुरु जनार्दन स्वामी महाराज के जयकारे के साथ साधकों के मौन व्रत का शुभारंभ हुआ. जपानुष्ठान, अखंड नंदादीप, हस्तलिखित नाम जप, महायज्ञ, अभिषेक, व्यसन मुक्ति संकल्प, नाम संकीर्तन, दैनिक अनुष्ठान सुबह 5 बजे ब्रह्म मुहूर्त में, प्राणायाम, ध्यान, एकनाथी भागवत पाठ, सत्संग, प्रवचन, भजन, महा आरती, दैनिक अनुष्ठान पाठ सुबह 11 बजे और शाम 4 बजे, शाम को सत्संग, प्रवचन, महा आरती भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# ज्ञानोपासना द्वारा 'भारतीय जीवनशैली' पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण

**नाशिक।** ज्ञानोपासना बहुउद्देशीय सामाजिक संगठन की ओर से रवि कुमारजी द्वारा लिखित पुस्तक "भारतीय जीवन शैली" का विमोचन राजमाता जिजाऊ क्रीड़ा संकुल, तारवाला नगर, पंचवटी, नाशिक में किया गया। मंच पर इंडियन लाइफस्टाइल शोधकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुलकर्णी की पुस्तक "इंडियन लाइफस्टाइल" का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जीवन शैली पुस्तकों के लेखक रवि कुमार, भारतीय विचार साधना प्रकाशन के कार्यकारी निदेशक काशीनाथ देवधर, ज्ञानोपासना संगठन के अध्यक्ष



सुरेश पिंगले और उत्तमराव सोनावणे उपस्थित थे। जीवन स्वस्थ है तो सब कुछ ठीक है। स्वास्थ्य का संबंध तन और मन दोनों से है। अगर खानपान सही है तो स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सिर्फ शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। खानपान के कुछ नियम हैं जिनका पालन करना जरूरी है। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि भोजन में सभी पोषक तत्व मौजूद हों। आयुर्वेद के अनुसार वात, पित्त, कफ की कमी ही सभी रोगों का कारण है। शरीर में पंचतत्वों के असंतुलन से वात, पित्त, कफ कम और ज्यादा होते रहते हैं। इसलिए खानपान को सही रखने के लिए जरूरी है कि हम अपने भोजन को पारंपरिक तरीके से पकाएं। यह विचार मुख्य वक्ता संजय कुलकर्णी ने अपने विचार में व्यक्त किए। स्वास्थ्य सर्वोच्च आशीर्वाद है और स्वास्थ्य अन्य सभी कार्यों को सफल बनाता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा भोजन आवश्यक है।

# केंद्रीय भंडारण निगम के गोदाम में फंसा करोड़ों रुपए का किराना सामान

**व्यापारियों को होगा भारी नुकसान**

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

नाशिक शहर के अंबड औद्योगिक एस्टेट में केंद्रीय भंडारण निगम का एक गोदाम है और नासिक शहर के कई व्यापारियों ने अपने किराने के सामान के साथ-साथ मिर्च, मसाले, चावल, सूखे मेवे आदि और अन्य सामान यहां संग्रहीत किया है। केंद्रीय भंडारण निगम के इस गोदाम को नई दिल्ली के पास गाजियाबाद के एक ठेकेदार को पट्टे पर दिया गया है। ठेकेदार द्वारा केंद्रीय भंडारण निगम के किराए पर चूक करने के कारण, निगम ने नासिक-अंबड एमआईडीसी में नाशिक के



व्यापारियों द्वारा संग्रहीत किराने का सामान सील कर दिया है और अब उस माल की किराने की वस्तुओं को भी एक दिन के नोटिस पर नीलाम किया जाएगा। यह मामला एक न्यायिक मामला है, इसलिए बिना किसी पूर्व-कल्पित विचार के नीलामी की घोषणा की गई है। चिंतित व्यापारियों को जब इस बारे में जानकारी मिली, तो वे आज अंबड क्षेत्र में केंद्रीय भंडारण निगम के गोदाम में पहुंचे।

### इन व्यापारियों के गोदाम

मुकेश ठक्कर, आनंद नगर, मुक्तिधाम, नासिक, श्लोक ट्रेडिंग कंपनी, नासिक, बालाजी नट्स, नासिक, जे.सी. शाह एंड कंपनी, पाटीदार भवन, द्वारका नासिक, विवेक गुप्ता, भद्रकाली, नासिक गार्गी पैकेजिंग इंडस्ट्रीज, अंबड एमआईडीसी, अंबड ,आनंद एंड कंपनी, जनता बाजार, सिडको, नासिक, निर्मल एंटरप्राइजेज, लैम रोड, नाशिक रोड, नाशिक, श्री सिद्धेश्वर एंटरप्राइजेज, लोकसंगम सोसायटी, पांडव नगरी, वडाला, नासिक, गुलाबचंद कुंदनमल बेदमुथा, आर.के., नासिक, जय अंबे ट्रेडिंग, लविवार पेठ, नासिक सिटी, जयंतीभाई भगवानभाई पटेल, शिवाजी मार्केट, सतपुर, जय गुरुदेव ट्रेडिंग कंपनी, संगमनेर, नाशिक, कोंकणी मसाला, नाशिक, एस.आर. इंटरप्राइजेज, नाशिक, श्री स्वामी समर्थ ऑयल मिल, रतन लेन, त्र्यंबकेश्वर, सिद्धेश्वर ड्राईफ्रूट्स, त्र्यंबकेश्वर, योगेश शिंदे, सावंतनगर, सिडको, नाMfक, श्रद्धा सबुरी ट्रेडर्स, त्रिमूर्ति चौक, सिडको, नासिक, सोमनाथ किराना, खेड़गांव, जिला।

# अत्यंत मूल्यवान सेवा को मान्यता देना हमारे लिए सम्मान की बात हैः हेमंत कुमार

**महानगर नेटवर्क**
**इगतपुरी**

इगतपुरी हाईवे प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक हेमंत कुमार ने कहा, "उनकी मौन लेकिन अत्यंत मूल्यवान सेवा को मान्यता देना हमारे लिए सम्मान की बात है।" इगतपुरी हाईवे प्राइवेट लिमिटेड की ओर से "सेवा ही सच्ची भक्ति है" पहल के माध्यम से समाज रक्षकों को सम्मानित करने के अवसर पर हेमंत कुमार बोल रहे थे। मुंबई-आगरा राजमार्ग पर वडपे से गोंडे तक का मार्ग केवल एक सड़क नहीं है, बल्कि नासिक और मुंबई को जोड़ने वाली एक जीवनरेखा है। यह आर्थिक विकास और दैनिक जीवन

**इगतपुरी हाईवे प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पहल**



से जुड़ा है। आज हम जिन व्यक्तियों का सम्मान कर रहे हैं, वे इस जीवनरेखा के सच्चे रक्षक हैं। उनका योगदान केवल बुनियादी ढाँचे के रखरखाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। वडपे से गोंडे राजमार्ग पर स्वच्छता, सुरक्षा काम करने वाले सफाई कर्मचारियों, यातायात पुलिस, नगरपालिका रखरखाव कर्मचारियों, यातायात समन्वयकों और नागरिक स्वयंसेवकों के योगदान का जश्न मनाया। इस सम्मान समारोह में विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# एसएमबीटी स्वास्थ्य सेवा के दस वर्ष पूरे

- प्रतिदिन औसतन एक हज़ार मरीज़ों की जांच

**नाशिक।** एसएमबीटी अस्पताल द्वारा आयोजित इस वर्ष का स्वास्थ्य सेवा शिविर अभी शुरू हुआ है। इस शिविर में उपलब्ध सुविधाओं और रोगी सेवा की दृष्टि से बनाई गई योजना की सर्वत्र सराहना हो रही है और इस अवसर पर समाज सेवा का एक नया आयाम स्थापित हुआ है। पिछले 30 दिनों में, अस्पताल की टीम ने उत्तर महाराष्ट्र सहित मराठवाड़ा के 14 ज़िलों के 30,000 से ज़्यादा मरीज़ों का इलाज करने में सफलता प्राप्त की है। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि यह सिर्फ़ संख्या की बात नहीं है, बल्कि हज़ारों लोगों के जीवन में नई आशा का प्रतीक है। स्वास्थ्य सेवा शिविर की सफलता पर अस्पताल प्रशासन ने कहा कि यह शिविर न केवल निःशुल्क जाँच है, बल्कि हज़ारों ज़रूरतमंद लोगों के लिए सशक्त उपचार, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और स्नेह का आधार भी है। आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के आम मरीज़ों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों तक पहुँच पाना संभव नहीं है। सर्जरी या दवा का खर्च हाल ही में हर किसी की पहुँच से बाहर हो गया है।

# घुटनों के दर्द से बचने के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली जरूरी : डॉ. चोकसी

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

आजकल भारत में कृत्रिम जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी बड़े पैमाने पर की जा रही है। इसलिए, आम जनता को यह जानना चाहिए कि ये जोड़ कितने प्रकार के होते हैं। जीवन भर की कड़ी मेहनत के बाद, बच्चों के साथ परिवार शुरू करने के बाद, थोड़ी मानसिक शांति मिलती है और फिर घुटनों का दर्द दूर हो जाता है, लेकिन अब घुटनों के दर्द को ज़्यादा सहन करने की ज़रूरत नहीं है। घुटनों के दर्द को कम करने के लिए अपने आहार में प्रोटीन और सब्ज़ियों का ज़्यादा इस्तेमाल करें, ऐसा नारायणी अस्पताल के जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी



विशेषज्ञ डॉ. मनीष चोकसी ने कहा। डॉ. चोकसी गोल्डन ग्रुप द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का मार्गदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान मंच पर गुंजल..... उपस्थित थीं। प्रारंभ में, गुंजल ने उपस्थित लोगों को परिचय के माध्यम से गोल्डन ग्रुप द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान, डॉ. मनीष चोकसी ने कहा कि बुढ़ापे में चलना, सीढ़ियाँ चढ़ना और उतरना मुश्किल हो जाता है। कुछ दिनों के बाद, बैठते या सोते समय भी घुटनों में दर्द होने लगता है। अब शल्य चिकित्सा तकनीक, उपलब्ध कृत्रिम जोड़, ऑपरेशन थिएटर और एंटीबायोटिक्स इतनी विकसित हो गई हैं कि हमें यह उम्र दर्द में बिताने की ज़रूरत नहीं है। 50 से 70 की उम्र के बीच, हमें नाती-पोतों के जन्मदिन, समारोहों, छोटी यात्राओं और मंदिरों में जाने के लिए समय और खुशी मिलती है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, यूनिट नं.11-12, देह बानू कॉम्पलेक्स, बाफना ज्वेलर्स के पास, नाशिक-पुणे रोड, दत्त मंदिर, नाशिक रोड-422101 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबरः 0253-2469848 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी बनेगा फुटवियर-लेदर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र

## ■ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक

महानगर संवाददाता
लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एमएसएमई विभाग की बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स जैसी अधोसंरचना सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया ताकि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

■ अकेले कानपुर और उन्नाव में 200 से अधिक सक्रिय टैनरियां कार्यरत हैं, जबकि आगरा को देश की "फुटवियर राजधानी" के रूप में जाना जाता है। सीएम ने कहा कि नीति के तहत न केवल लेदर और नॉन-लेदर फुटवियर निर्माण इकाइयों को बढ़ावा दिया जाए, बल्कि इससे जुड़ी सहायक इकाइयों; जैसे बकल्स, ज़िप, सोल, इनसोल, लेस, केमिकल्स, डाइज, हील्स, थ्रेड्स, टैग्स और लेबल्स के निर्माण को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मशीनरी निर्माण, विशेष रूप से चमड़ा सिलाई, कटिंग, मोल्डिंग और नॉन-लेदर सेफ्टी शूज़ बनाने वाली तकनीकों से संबंधित इकाइयों को भी समर्थन मिलना चाहिए।

## राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिले नवनियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव का पदभार संभालने के बाद आईएएस अधिकारी एसपी गोयल ने शुक्रवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। बता दें कि एसपी गोयल ने बृहस्पतिवार को ही मुख्य सचिव का पदभार संभाला। इसके पहले, शशि प्रकाश गोयल अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके पास नागरिक उड्डयन, राज्य संपत्ति एवं प्रोटोकॉल विभाग की जिम्मेदारी भी थी। अब उन्हें मुख्य सचिव के पद पर तैनात करने के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव समन्वय विभाग, अध्यक्ष पिकप, यूपीडा एवं उपशा का मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा यूपीडा के निदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, नागरिक उड्डयन और राज्य संपत्ति विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह, प्रोटोकॉल, गोपन, वीजा, पासपोर्ट, सतर्कता एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग संजय प्रसाद को दी गई है।

# मुलायम सिंह यादव के नाम मिली कोठी का आवंटन निरस्त

## सपा से जगह को खाली करने को प्रशासन ने भेजा नोटिस






**मुरादाबाद।** पीलीभीत के बाद अब मुरादाबाद में सपा कार्यालय खाली कराने को लेकर प्रशासन ऐक्शन में नजर आया। 31 साल पहले मुलायम सिंह यादव के नाम आवंटित की गई जिस कोठी में समाजवादी पार्टी का कार्यालय चल रहा है, उसे अब खाली कराने के लिए नोटिस भेज दिया गया। प्रशासन ने इसे खाली करने के लिए एक महीने का समय दिया है। नोटिस सपा जिलाध्यक्ष के नाम पर भेजा गया है। नोटिस मिलने के बाद से ही सपाइयों में हड़कंप मचा है। मुरादाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र के चक्कर की मिलक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय है। जिस कोठी में ये कार्यालय चल रहा है वह 1994 में मुलायम सिंह यादव के नाम पर आंवटित की गई थी। तब से ही यहां सपा का ऑफिस चल रहा है। 31 साल बाद जिला प्रशासन ने फैसला लेते हुए इस आवंटन को निरस्त करते हुए इसे खाली कराने का नोटिस भेज दिया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की ओर से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के नाम भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में भवन खाली नहीं किया गया, तो प्रशासन सक्षम न्यायालय में वाद दायर करेगा और 1000 प्रतिदिन की दर से हर्जाना वसूलने का अधिकारी होगा। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी इस नोटिस में उल्लेख किया गया है कि चक्कर की मिलक, पीटीसी द्वितीय के समीप स्थित कोठी संख्या-4, वर्ष 1994 में तत्कालीन सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव को दी गई थी। यह भवन छावनी ग्राम स्थित नजूल भूखंड संख्या 322 के अंशभाग कुल 953.71 वर्गमीटर भूमि पर स्थित है, जिसका स्वामित्व उत्तर प्रदेश राज्य का है तथा प्रबंधन नगर निगम मुरादाबाद के अधीन है। नोटिस के अनुसार, मुलायम सिंह यादव के निधन के पश्चात उक्त भवन के नामांतरण को लेकर समाजवादी पार्टी की ओर से कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई।

# अंबेडकरनगर व अमेठी के एसडीएम बदले

महानगर संवाददाता
लखनऊ

यूपी में दो उपजिलाधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। अंबेडकरनगर के उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज को शाहजहांपुर के उपाजिलाधिकारी के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह अमेठी के उपजिलाधिकारी मोहम्मद असलम को सहायक निदेशक के पद पर स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ में तैनाती दी गई है। इसके पहले डीजीपी मुख्यालय ने बृहस्पतिवार को 15 एएसपी और 39 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के तबादले कर दिए। एएसपी के तबादलों में अयोध्या में यूपीएसएसएफ में तैनात अभय कुमार मिश्रा को विजिलेंस में तैनाती दी गई है। डीजीपी मुख्यालय में एएसपी स्थापना राहुल मिश्रा को देवरिया भेजा गया है। इसके अलावा यूपी 112 में तैनात मोहिनी पाठक को उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, नागरिक उड्डयन में तैनात धर्मेंद्र सचान को पुलिस मुख्यालय, वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त रंजन सिंह को आईजी स्थापना का स्टाफ ऑफिसर बनाया गया है। इसी तरह एसआईटी में तैनात अशोक कुमार यादव को ईओडब्ल्यू मुख्यालय में तैनात किया गया है। वहीं डीएसपी के तबादलों में राजधानी में एसीओ जोन में तैनात गौरव कुमार शर्मा को नागरिक उड्डयन भेजा गया है। लखनऊ कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त नेहा त्रिपाठी को सीतापुर, जबकि धर्मेंद्र कुमार सिंह को 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी भेजा गया है। वहीं सहारनपुर में 5वीं वाहिनी एसएसएफ में तैनात प्रदीप कुमार यादव को लखनऊ कमिश्नरेट, सुमित त्रिपाठी को बाराबंकी से दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, आनंद कुमार चतुर्थ को डीजीपी मुख्यालय से 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, श्वेताभ भास्कर को अमरोहा से अमेठी, राकेश कुमार नायक को 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा से एसएसएफ लखनऊ, रामशब्द को डीजीपी मुख्यालय से फिंगर प्रिंट ब्यूरो, संगम कुमार को एटीसी सीतापुर से बाराबंकी, शैलेंद्र सिंह को औरैया की जगह एलआईयू अयोध्या भेजा गया है।

# कलेक्ट्रेट में वकीलों-मजदूरों में मारपीट, जमकर हंगामा

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को सुबह 11 बजे के करीब काम कर रहे मजदूर और वकीलों में मारपीट हो गई। इसके बाद वहां अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें अंदर जाने से रोका जा रहा था। विरोध पर ठेकेदार और उसके मजदूर ने एक अधिवक्ता से मारपीट की। हंगामे की सूचना के बाद एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

उन्होंने नाराज अधिवक्ताओं को समझने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव, सीओ गोरखनाथ रवि सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची। मौके पर कैंट, गोरखनाथ, शाहपुर, रामगढ़ताल थाने की पुलिस पहुंची। वह अधिवक्ताओं को समझने में जुटे रहे। बताया जा रहा है कि रास्ते को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण के लिए कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई थी। अधिवक्ता इसका विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि आने जाने के लिए रास्ता छोड़कर निर्माण किया जाए। इसकी बात को लेकर शुक्रवार की सुबह बवाल हो गया। आरोप है कि मजदूरों ने बार एसोसिएशन के मंत्री सीपी मिश्रा पर हमला कर दिया। इससे उनके हाथ में चोट आई।

# मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार, दोनों को लगी गोली

**देवरिया।** बरियारपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की देर रात को पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों तस्करों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान खुर्शीद शाह (कुशीनगर) और मुनाब अली (गोपालगंज, बिहार) के रूप में हुई है। दोनों अपराधी कई संगीन मामलों में वांछित थे और उनके पास से अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं।

ग्राम बरूआडीह के पास एक पिकअप वाहन ने जान से मारने की नीयत से एक ई-रिक्शा में टक्कर



मार दी थी। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में सड़क पर धरना प्रदर्शन भी किया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल से ही दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर थाने लाई और केस दर्ज कर लिया। जांच के क्रम में जब पुलिस अभियुक्तों को घटनास्थल के निरीक्षण के लिए दोबारा लेकर गई, तो उन्होंने वाहन में छिपाए गए अवैध तमंचों से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने की कोशिश की। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने तुरंत उन्हें काबू में लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। खुर्शीद शाह के खिलाफ कुशीनगर जिले के विभिन्न थानों में हत्या प्रयास, अवैध हथियार और गोकशी से जुड़े कुल 7 मामले दर्ज हैं। इनमें खड्डा, पडरौना और कसया थानों में दर्ज गंभीर धाराएं शामिल हैं। वहीं, मुनाब अली के खिलाफ भी आयुध अधिनियम और चोरी की साज़िश रचना जैसे आरोपों में तीन केस कुशीनगर के थानों में दर्ज हैं। इन दोनों अपराधियों की आपराधिक पृष्ठभूमि पशु तस्करी के बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करती है।

## अब काशी में लग्जरी क्रूज पर गंगा आरती का आनंद लेंगे पर्यटक



**वाराणसी।** काशी के सबसे बड़े तीन तल वाले लग्जरी क्रूज पर गंगा आरती भी होगी। पर्यटक इस पर योग भी करेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ भी उठा सकेंगे। इस क्रूज के सबसे ऊपरी तल पर सुबह शाम पर्यटकों के लिए गंगा आरती होगी। तीन बटुक गंगा आरती करेंगे। इसके अलावा सुबह एक घंटे योग होगा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। वाराणसी पहुंचे गंगोत्री क्रूज में पर्यटक मार्कंडेय महादेव से विंध्यधाम का भ्रमण करेंगे। इस क्रूज में पर्यटकों को खास सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारियां चल रही हैं। 24 कमरों वाले इस क्रूज में पर्यटकों को भारतीय व्यंजन के अलावा बनारस के प्रसिद्ध जायके भी परोसे जाएंगे। बनारसी कचौड़ी-सब्जी, जलेबी, बाटी-चोखा के अलावा गोलगप्पे का स्वाद भी यहां मिलेगा। क्रूज की यात्रा के लिए ऑनलाइन बुकिंग अगस्त के दूसरे सप्ताह से शुरू हो जाएगी। अलकनंदा क्रूज लाइन अपनी होम साइट के अवाला टूर ऑपरेटरों के माध्यम से भी बुकिंग लेगा। क्रूज का संचालन रविदास घाट से होगा।

# न्याय न मिलने पर युवक ने डीएम ऑफिस के बाहर लगाई आग, SDM ने बचाया

**बस्ती।** न्याय न मिलने से हताश एक युवक ने गुरुवार को बस्ती के जिलाधिकारी कार्यालय के सामने खुद को आग लगाने की कोशिश की। यह सनसनीखेज घटना कलवारी थाना क्षेत्र के पाऊं गांव में लंबे समय से चले आ रहे एक जमीन विवाद से जुड़ी है।

जहां पीड़ित का आरोप है कि उसकी मौजूदगी और पुलिस की देखरेख में दूसरे पक्ष द्वारा उसकी जमीन पर जबरन निर्माण किया जा रहा था। राघवेंद्र शुक्ला नाम का एक पीड़ित युवक, शुक्रवार सुबह हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर जिलाधिकारी



कार्यालय परिसर में पहुंचा। उसकी आँखों में हताशा और चेहरे पर बेबसी साफ झलक रही थी। उसने अचानक खुद पर पेट्रोल उड़ेलना शुरू कर दिया, पीड़ित युवक न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने आया था। इस घटना से डीएम कार्यालय के परिसर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित राघवेंद्र का आरोप है कि उसकी पैतृक भूमि पर कुछ दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। उसने कई बार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उसने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में भी निर्माण कार्य जारी रहा, जिससे उसे लगा कि उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इससे वह यह कदम उठाने पर मजबूर हो गया।

**एसडीएम ने पानी डालकर युवक को रोका**

उन्होंने बिना एक पल गंवाए, अपनी जान की परवाह न करते हुए, राघवेंद्र के हाथ से पेट्रोल की बोतल छीन ली और तुरंत उस पर पानी डालकर उसे आग लगाने से रोक दिया। सदर तहसील के एसडीएम की इस त्वरित और साहसी कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी घटना टल गई, और राघवेंद्र की जान बच गई। घटना के तुरंत बाद, एसडीएम पाठक ने गंभीरता दिखाते हुए दोनों पक्षों को अपने समक्ष तलब किया। उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली और विवादित जमीन पर निर्माण करने से रोक का आदेश दिया। इसके अलावा दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान करवा दिया ताकि दोबारा इस तरह का विवाद न उत्पन्न हो।

# गंगा और यमुना उफान पर

**प्रयागराज।** जिले में गंगा और यमुना उफान पर हैं। कछारी इलाकों के बाद बस्तियों में पानी बढ़ता जा रहा है। लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। नदियां कभी भी खतरे के निशान को पार कर सकती हैं। जलस्तर खतरे के बिंदु के नजदीक पहुंच गया है। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव चलाकर लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। फिलहाल जिले के आधा दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं जबकि करीब दो दर्जन मुहल्लों के लोग पलायन करने के लिए बाध्य हैं। हालांकि प्रशासन ने तीन गांवों को ही पूरी तरह से प्रभावित माना है।

सिंचाई विभाग की ताजा बुलेटिन के अनुसार गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। एक अगस्त की बुलेटिन के अनुसार दोपहर 12 बजे तक नैनी में यमुना का जलस्तर 83.81 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। यहां पर खतरे का निशान 84.734 मीटर पर है। इसी तरह फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 83.48 मीटर दर्ज किया गया है जो खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के काफी नजदीक है। यमुना 27 सेंटीमीटर और गंगा 26 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही हैं।

# टैक्स प्रैक्टिशनर के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम की छापेमारी

**गोंडा।** जिले में आवास विकास कॉलोनी स्थित रामायण भवन में टैक्स प्रैक्टिशनर अरविंद कुमार पांडेय के आवास एवं कार्यालय पर आयकर विभाग (इनकम टैक्स) की टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। यह कार्रवाई लखनऊ से आई आईआरएस अधिकारियों की विशेष टीम द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार, अरविंद पांडेय लंबे समय से जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा अन्य सरकारी कर्मचारियों की आयकर रिटर्न दाखिल करने के साथ-साथ कटौती एवं रिफंड




संबंधी कार्य करते हैं। साथ ही वह वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के साथ समन्वय बनाकर कर्मचारियों की वेतन, भत्ते व कर कटौती से जुड़े अभिलेख तैयार कराते रहे हैं। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग को कुछ गड़बड़ियों की शिकायत मिली थी। इसके बाद गुरुवार को टीम ने छापेमारी शुरू की। शुक्रवार को भी टीम ने दस्तावेज खंगाले। कई महत्वपूर्ण डिजिटल व फिजिकल रिकॉर्ड जब्त किए। इस दौरान किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई। टीम ने कंप्यूटर, लैपटॉप, फाइलें, पेन ड्राइव समेत कई डिवाइस को सील कर जांच शुरू की है। आयकर विभाग की जांच का फोकस उन मामलों पर है, जिनमें कम टैक्स कटौती या गलत आईटीआर दाखिल कर रिफंड प्राप्त किया गया। आशंका जताई जा रही है कि बड़े पैमाने पर ऐसे फर्जी या गुमराह करने वाले दस्तावेजों के जरिए कर लाभ प्राप्त किया गया है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## मंदिरों से घंटे चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के मंदिरों से घंटे चुराने वाले दो आरोपी शुक्रवार की भोर में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिये गये. पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पिपरी थाना पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से दो तमंचा, कारतूस और चोरी किए गए 12 घंटे बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के भैरव बाबा मंदिर और कोखराज थाना क्षेत्र के ननमई गांव स्थित एक मंदिर से बदमाशों ने पीतल के कई कुंतल वजनी घंटे चोरी किए थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज मुखबिर से सूचना मिली कि पिपरी थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव के बाहर भैरव बाबा के मंदिर पर दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार दिखे हैं. इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दूर से ही पुलिस की गाड़ी देखकर दोनों आरोपी तेजी से भागने लगे।पुलिस द्वारा चेतावनी देकर टार्च की रोशनी में बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया, तभी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

# SSC उम्मीदवारों पर लाठीचार्ज से चंद्रशेखर नाराज

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नागीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (SSC) के उम्मीदवारों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया दी है। चंद्रशेखर ने कहा कि युवाओं पर लाठीचार्ज क्यों? यह लोकतंत्र पर हमला है।

एसएससी के उम्मीदवारों की मांगों को लेकर हुई हिंसा और पुलिस कार्रवाई पर आजाद ने प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, और एसएससी चेयरमैन से छात्रों की पीड़ा सुनने और उनके मुद्दों का समाधान करने की अपील की है। आजाद ने कहा कि एसएससी के उम्मीदवारों ने अपनी मांगों को लेकर कई बार अपील की है, लेकिन उनकी आवाज दबा दी गई। गुरुवार को जब वे एसएससी चेयरमैन से मिलने गए, तो उन्हें लाठीचार्ज का सामना करना पड़ा। यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने कल ही एसएससी चेयरमैन को पत्र लिखा था कि छात्रों की सभी मांगें पूरी की जाएं। इन युवाओं पर लाठीचार्ज करके क्या साबित करना चाहते हैं? ये वही बच्चे हैं जो कल हमारे देश के भविष्य बनेंगे।

आजाद ने केंद्र की मोदी सरकार और पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार और पुलिस को ऐसे कदम नहीं उठाने चाहिए। बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं की पीड़ा को समझना चाहिए, न कि उन्हें दबाना। उन्होंने शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री से छात्रों की मांगों पर ध्यान देने की मांग की। बता दें कि एसएससी के उम्मीदवार लंबे समय से परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, पेपर लीक की जांच, और नौकरी के अवसर बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

हाल ही में हुई हिंसा और लाठीचार्ज ने इस मुद्दे को और गंभीर बना दिया है। छात्रों का कहना है कि उनकी शांतिपूर्ण मांगों को दबाने के लिए पुलिस ने अत्यधिक बल प्रयोग किया, जिससे कई छात्र घायल हुए हैं। यही नहीं इस आन्दोलन में शामिल कई शिक्षकों के साथ भी मारपीट हुई और उन्हें हिरासत में लिया गया।

## पूर्वांचल में भारी बारिश का अलर्ट जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के तराई समेत विभिन्न इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक अब मानसूनी बारिश का जोर पूर्वी तराई इलाकों श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज की ओर शिफ्ट होगा। साथ ही पूर्वांचल के इलाके में भी अच्छी बारिश के संकेत हैं। मौसम विभाग की ओर से तराई और पूर्वांचल क्षेत्र के 24 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 51 अन्य जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है। वहीं शुक्रवार को इटावा में 90 मिमी, बागपत में 71 मिमी और बिजनौर में 65 मिमी बारिश हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन प्रदेश के तराई इलाकों की ओर खिसका है। इसके असर से शनिवार से अगले दो दिन तराई व पूर्वांचल में भारी बारिश के आसार बन रहे हैं। सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, पीलीभीत व आसपास के इलाकों में।

# ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर चार डॉक्टर बर्खास्त

## डिप्टी सीएम के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने जारी किया आदेश

**लखनऊ।** बिना सूचना लगातार गैरहाजिर चल रहे चार डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के तीन डॉक्टरों सहित कन्नौज मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग विभाग के सहायक आचार्य की सेवाएं समाप्त की गई हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने आदेश जारी कर दिया है।

पीलीभीत जिला चिकित्सालय में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार, शाहजहांपुर के जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. विनय कुमार सैनी, अम्बेडकरनगर



(स्थानान्तरणधीन उन्नाव) डॉ. शशि भूषण डोभाल लंबे समय से लगातार गैरहाजिर चल रहे थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने तीनों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। वहीं, लंबे समय से गैरहाजिर कन्नौज राजकीय मेडिकल कॉलेज के सहायक आचार्य, आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. अवनीश कुमार सिंह को भी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मैनपुरी के किशनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात दन्तशल्यक डॉ. राखी सोनी बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराये अनधिकृत रूप से तैनाती स्थल से अनुपस्थित हैं। प्रयागराज के डिप्टी सीएमओ डॉ. आनन्द सिंह को एवं मथुरा के छाता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात डॉ. अशोक कुमार द्वारा गंभीर रूप से घायल रोगी के इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगे। तीनों डॉक्टरों की जांच कराई गई।

**दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही**

प्राथमिक जांच में इन डॉक्टर को दोषी पाया गया है। इन्हें आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. डीसी श्रीवास्तव पर ओपीडी का समय पर संचालन न करने के गंभीर आरोप लगे हैं। उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। मेरठ के किठौर स्थित 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय व आजमगढ़ स्थित लालगंज के 100 बेड हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधाओं के लिए एक्सरे मशीन लगाने का फैसला किया गया है।

## प्रेमिका की खातिर पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**बरेली।** जिले में पति ने प्रेमिका के साथ चुपके से लव मैरिज कर ली और वह पत्नी या फिर उसे चुनने का दबाव बनाने लगी। त्रिकोणीय संबंधों में फंसे ओमसरन मौर्य को कोई अन्य रास्ता नजर नहीं आया तो उसने प्रेमिका संग मिलकर पत्नी को रास्ते से हटाने की ठान ली। सुनियोजित षडयंत्र के तहत वह पत्नी को पूर्णागिरि लेकर गया और जान बूझकर देरी की। वापसी में घर लौटते समय सुनसान इलाके में पत्नी की हत्या कर डकैती की कहानी बना दी। मगर उसकी कॉल डिटेल ने पोल खोलकर रख दी। कॉल डिटेल ने पूरी कहानी उजागर कर दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि बदायूं में थाना बजीरगंज के ब्योली का ओमसरन मौर्य शादी समारोह में टेंट का काम करता है। बरेली निवासी मन्नत पति से अलग रहकर ब्यूटी पार्लर संचालित करती है। करीब छह महीने पहले मन्नत एक शादी में वह दुल्हन सजाने गई और वहां उसकी मुलाकात ओम से हो गई। दोनों में बातचीत हुई और नजदीकियां बढ़ गईं। इसी बीच मन्नत ने ओम से पत्नी या उससे चुनने की शर्त रख दी। इस पर ओम मन्नत संग मिलकर अमरावती को रास्ते से हटाने की ठान ली।

# US को विदेश मंत्रालय ने दिया करारा जवाब

## ट्रंप के बयान पर कहा- व्हाइट हाउस ही जवाब देगा



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका सहित कई मुद्दों पर बात की। ईरान के साथ व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाने की घोषणा पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने प्रतिबंधों पर ध्यान दिया है और हम इस पर विचार कर रहे हैं।" रणधीर जायसवाल ने कहा, "टैरिफ का जहां तक मामला है, इस पर सरकार की तरफ से एक बयान जारी किया गया है। जहां तक व्हाइट हाउस के वक्तव्य का सवाल है, इसको व्हाइट हाउस से पूछा जाए, तो ज्यादा बेहतर होगा।" इसके साथ विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका के बीच में जो रक्षा और सुरक्षा के बीच साझेदारी काफी मजबूत है, हाल के दिनों इसमें और भी मजबूती आई है। हम लोगों ने इक्कीसवीं शताब्दी के लिए इंडिया-यूएस कॉम्पैक्ट साझेदारी बनाई है। MEA प्रवक्ता ने कहा, "इस साझेदारी ने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। हम उस ठोस एजेंडे पर केंद्रित हैं जिसके लिए हमारे दोनों देश प्रतिबद्ध हैं और हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी जारी रहेगा।"

### 'यह एक संवेदनशील मामला...'

निमिषा प्रिया से जुड़े सवाल पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है। भारत सरकार इस मामले पर पूरी मदद भेजने की कोशिश कर रही है। हमारी कोशिश की वजह से मौत की सजा को अभी के लिए रोक दिया गया है। हम मामले पर नजर रखे हुए हैं। यह एक जटिल मामला है, इसलिए हम गुजारिश करते हैं कि इस मामले पर गलत खबरों से बचने की कोशिश की जाय। हमारी अपडेट का इंतजार करें।



# PM मोदी से मिले CM विष्णुदेव


## छत्तीसगढ़ के विकास को मिली नई रफ्तार

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। इसके अलावा उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी। दरअसल, छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी। सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेज़ी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 'अंजोर विजन @2047' दस्तावेज तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

# संस्कृत सभी भाषाओं की जननी: भागवत

- कहा- संस्कृत को बोलचाल की भाषा बनाना जरूरी
- समझना ही नहीं, बोलना भी चाहिए



महानगर नेटवर्क

नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। अब समय आ गया है कि इसे बोलचाल की भाषा बनाया जाए। नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए। भागवत ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही लेकिन असली जरूरत लोगों के सहयोग की है। उन्होंने माना कि वे संस्कृत जानते हैं लेकिन धाराप्रवाह बोल नहीं पाते। उन्होंने कहा कि संस्कृत को हर घर तक पहुंचाना होगा और इसे बातचीत का माध्यम बनाना पड़ेगा।

RSS चीफ ने कहा कि आज देश में आत्मनिर्भर बनने की भावना पर आम सहमति है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि भाव होती है और हमारी असली पहचान भी भाषा से ही जुड़ी होती है। भागवत ने कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में 'अभिनव भारती अंतरराष्ट्रीय अकादमिक भवन' का उद्घाटन किया।

उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान न केवल संस्कृत भाषा को जीवंत बनाए रखेगा, बल्कि इसे रोजमर्रा की बोलचाल की भाषा बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि स्वत्व यानी आत्मबोध कोई भौतिक चीज नहीं, बल्कि यह हमारी वैचारिक और सांस्कृतिक पहचान है और इसे व्यक्त करने के लिए भाषा का माध्यम जरूरी है। भागवत ने स्पष्ट किया कि यह केवल शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है।

केरल में कहा था- कट्टर हिंदू होने का मतलब दूसरों का विरोध करना नहीं

इससे पहले 27 और 28 जुलाई को भागवत केरल के दौरे पर थे। यहां शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा कार्यक्रम के पहले दिन उन्होंने कहा था कि हमें फिर से सोने की चिड़िया नहीं बनना है, बल्कि हमको शेर बनना है। दुनिया शक्ति की ही बात समझती है और शक्ति संपन्न भारत होना चाहिए।

# बांग्लादेश के मैप में भारत के 7 राज्यों का हिस्सा

## संसद में सवाल उठा, जयशंकर बोले- मामले पर कड़ी नजर



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश को उसके यहां 'सल्तनत-ए-बांग्ला' समूह के सक्रिय होने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। देश की सुरक्षा और उसके हितों को सर्वोपरि बताते हुए सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस गुट की ओर से बनाए गए 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे में भारत के कुछ हिस्सों को शामिल गया गया था। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह नक्शा ढाका विश्वविद्यालय में प्रदर्शित किया गया था। कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने विदेश मंत्री से 'ग्रेटर बांग्लादेश' के दुष्प्रचार से निपटने को लेकर सरकार की ओर से उठाए गए कदमों के बारे में पूछा था। जयशंकर ने बताया कि सरकार का ध्यान इन खबरों पर गया है कि ढाका में 'सल्तनत-ए-बांग्ला' नामक एक इस्लामी समूह ने तथाकथित 'ग्रेटर बांग्लादेश' का एक नक्शा जारी किया है, जिसमें भारत के कुछ हिस्से शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस इस्लामी समूह को तुर्किए के 'तुर्की यूथ फेडरेशन' नामक एक गैर-सरकारी संगठन का समर्थन प्राप्त है। विदेश मंत्री ने बताया कि बांग्लादेश सरकार के फैक्ट चेक प्लेटफार्म 'बांग्लाफैक्ट' ने दावा किया कि बांग्लादेश में सल्तनत-ए-बांग्ला के सक्रिय होने का कोई सबूत नहीं है।

### विदेशी राजनीतिक संस्था से संबंध होने से इंकार

रिपोर्ट के मुताबिक, यह विवादित नक्शा पूर्ववर्ती बंगाल सल्तनत के संदर्भ में आयोजित एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था। यह प्रदर्शनी 14 अप्रैल, 2025 को पोइला बैसाख के अवसर पर ढाका विश्वविद्यालय में लगाई गई थी। इसके आयोजकों ने किसी भी विदेशी राजनीतिक संस्था से संबंध होने से इंकार किया। जयशंकर ने बताया कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखती है और इसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।

### टैरिफ लगाकर खुश न हों ट्रंप

# भारत से कहीं ज्यादा अमेरिका की GDP पर होगा असर: SBI रिसर्च

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की एक ताजा रिसर्च रिपोर्ट ने बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार इस टैरिफ का असर भारत की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक पड़ने की संभावना है। SBI रिसर्च ने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका में उच्च महंगाई, कमजोर डॉलर और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कमी का कारण बन सकता है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में शुक्रवार को यह अनुमान जताया गया।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई को घोषणा की थी कि भारत से आने वाली सभी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा रूस से कच्चे तेल और रक्षा उपकरणों की खरीद करने की वजह से भारतीय उत्पादों पर अलग से जुर्माना भी लगाया गया है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह अमेरिका की "खराब व्यापार नीति" है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की 'छिपी हुई ताकतें' खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी। रिपोर्ट कहती है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भारत से ज्यादा झटका लग सकता है क्योंकि वहां जीडीपी में गिरावट, महंगाई में तेजी और डॉलर में कमजोरी के आसार दिख सकते हैं। एसबीआई रिसर्च का अनुमान है कि इन शुल्कों के कारण अमेरिकी उपभोक्ताओं को सालाना औसतन 2,400 डॉलर का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है। वहीं, कम आयवर्ग के परिवारों पर यह असर अपेक्षाकृत तीन गुना हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपने निर्यात गंतव्यों में विविधता ला चुका है। हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना रहा, लेकिन शीर्ष 10 साझेदार देशों का कुल हिस्सा 53 प्रतिशत ही है। इससे भारत को अमेरिका पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत से अमेरिका को भेजे जाने वाले प्रमुख उत्पादों में इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण, दवाएं और मशीनरी शामिल हैं।

# भारत लाए गए भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत वापस लाए गए हैं। एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक विजय के रूप में, संस्कृति मंत्रालय ने पवित्र पिपरहवा बुद्ध अवशेषों को सफलतापूर्वक भारत वापस लाना सुनिश्चित किया है, जिनकी कीमत कई मिलियन डॉलर आंकी गई है। ये अवशेष, जिनके बारे में व्यापक रूप से माना जाता है कि वे भगवान बुद्ध के पार्थिव अवशेषों से जुड़े हैं, हांगकांग में एक नीलामी में पाए गए थे, जहां इनके निजी हाथों में जाने का खतरा था।

हालांकि एक त्वरित और समन्वित प्रयास में, मंत्रालय ने गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के सहयोग से नीलामी को रोकने और इन्हें स्वदेश वापस लाने के लिए हस्तक्षेप किया। संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ब्रिटिश सिविल इंजीनियर विलियम क्लैक्सटन पेप्पे द्वारा 1898 में उत्तर प्रदेश के पिपरहवा में खोजे गए अवशेषों को भगवान बुद्ध के पार्थिव अवशेषों से जुड़ा हुआ माना जाता है। तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास भगवान बुद्ध के अनुयायियों द्वारा प्रतिष्ठापित ये अवशेष लंबे समय से वैश्विक बौद्ध समुदाय के लिए अत्यधिक आध्यात्मिक महत्व रखते रहे हैं और भारत के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोजों में से एक हैं।

### आवास मामले में धोखाधड़ी

# अदालत जल्द ही सुना सकती है अपना फैसला



**नई दिल्ली\ मुंबई।** पीएमसी बैंक के घोटाले में एक और बड़ा मामला सामने आया, जिसमें आवास डेवेलपर्स को 135 करोड़ तक के लोन मंजूर हुए, लेकिन उसे असल में मात्र 30 करोड़ मिले। इसके बावजूद बैंक ने 170 करोड़ की रिकवरी का दावा ठोका है, जिसे कंपनी ने गलत और गैरकानूनी बताया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक सिंघानिया एंड एसोसिएट्स की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2012 के बाद कोई फंड ट्रांसफर नहीं हुआ। इसके बाद सिर्फ ब्याज की एंट्रियाँ जोड़ी जाती रहीं ताकि लोन फाइल एक्टिव दिखती रहे। यह मामला पृथ्वी रियल्टर्स की ही तरह है, जिन्हें 87.5 करोड़ का लोन मंजूर हुआ, लेकिन 1 भी ट्रांसफर नहीं किया गया। फिर भी ब्याज जोड़कर 150 करोड़ से ज्यादा की देनदारी खड़ी कर दी गई।

# आरोप- सांसदों को रोकने के लिए राज्यसभा में बुलाए कमांडो

## रिजिजू बोले- विपक्ष के कुछ सदस्य आक्रामक हुए

## उन्हें वेल में जाने से रोका गया

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

राज्यसभा में कमांडो को लगाने वाले आरोपों से जुड़ा यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार को 10वां दिन था। बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राज्यसभा में सदस्यों को रोकने के लिए कमांडो बुलाए गए। यह लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, आज कमांडो तैनात किए गए। कोई कह रहा है



कि यह CISF है, कोई कुछ और कह रहा है। उन जवानों ने सदस्यों को स्टाफ से मिलने से रोका। हमारी महिला सदस्यों को पुरुषों जवानों ने रोका। जिस तरह से सदन के बाहर से लोगों को बुलाया गया और सांसदों को जबरदस्ती वेल में जाने से रोका गया, यह आपत्तिजनक है। सब कुछ कैमरे में कैद है। कांग्रेस के इस आरोप पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे जो जानकारी मिली है। उसके मुताबिक कुछ सदस्य हंगामा करते हुए आक्रामक हो गए थे। सिर्फ उन्हें रोका गया था। उधर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लेटर लिखा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति को भेजे लेटर में लिखा, हम इस बात से हैरान हैं कि जिस तरह से CISF कर्मियों को सदन के वेल में लाया गया।

# भारत पर ट्रम्प का 25% टैरिफ 7 दिन टला

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25% टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। ये आज से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा। ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25% और पाकिस्तान पर 19% टैरिफ लगाया गया है।

हालांकि, कनाडा पर आज से ही 35% टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29% टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41% टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है।

# इस साल 4 से 12 अक्टूबर 2025 के बीच एंथे की परीक्षा

- ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित होगी

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

छात्रों के सपनों को कामयाबी में बदलते हुए 16 सफल साल पूरे करने पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL), जो टेस्ट प्रिपरेशन में देश की अग्रणी संस्था है, ने अपने प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्ज़ाम) की शुरुआत का ऐलान किया है। भारत के एकेडमिक कैलेंडर में हर साल का सबसे बहुप्रतीक्षित इवेंट माने जाने वाले एंथे 2025 का मकसद, कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से लड़ने और असली प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित



और सशक्त बनाना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी तक पहुँचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए एंथे 2025 में स्टूडेंट्स को 250 करोड़ तक की स्कॉलरशिप (100% तक) दी जा रही है, जो क्लासरूम, आकाश डिजिटल और इन्विक्टस कोर्सेस पर लागू होगी। इसके साथ ही 2.5 करोड़ तक के कैश अवॉर्ड्स भी दिए जा रहे हैं, जो मेडिकल या इंजीनियरिंग में सक्सेसफुल करियर का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स के लिए मददगार साबित होंगे।

यह एग्जाम स्टूडेंट्स के लिए NEET, JEE, State CETs, NTSE और Olympiads जैसे कॉम्पिटिटिव एग्जाम्स की बेस्ट कोचिंग पाने का रास्ता खोलता है, जो आकाश के एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा दी जाती है। इस प्रतिबद्धता को और मज़बूत करते हुए आकाश अब इन्विक्टस ऐस टेस्ट लॉन्च कर रहा है, एक स्कॉलरशिप परीक्षा, जो कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए आकाश इन्विक्टस जेईई एडवांस्ड प्रिपरेशन प्रोग्राम में एडमिशन के लिए है।

# बेंगलुरु में अपहरण के बाद नाबालिग की हत्या, दो गिरफ्तार

## 5 लाख मांगे थे, किडनैपिंग के अगले दिन जान ली, शव जलाया

**बेंगलुरु।** अपहरणकर्ताओं ने 30 जुलाई की शाम में ट्यूशन से लौटते समय नाबालिग को किडनैप कर लिया था। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक 13 साल के नाबालिग लड़के की किडनैपिंग के बाद हत्या कर दी गई। 30 जुलाई को बन्नेरघट्टा के पास से उसका अपहरण हुआ था। अगले दिन उसका आधा जला हुआ शव बन्नेरघट्टा के कग्गलीपुर रोड पर एक सुनसान इलाके में मिला। यह इलाका, नाबालिग के घर से 8 किलोमीटर दूर है। नाबालिग का नाम निश्चित ए. था। वह बेंगलुरु के अरकेरे के पास वैश्य बैंक कॉलोनी शांतिनिकेतन ब्लॉक का रहने वाला था और क्राइस्ट स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता अच्युत जेसी बेंगलुरु के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में लेक्चरर हैं और मां एक टेक कंपनी में काम करती हैं। ग्रामीण बेंगलुरु के SP सीके बाबा ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने लड़के के पेरेंट्स से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। जब नाबालिग के पेरेंट्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, तो अपहरणकर्ताओं ने लड़के की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसका शव जला दिया। इस मामले में दो लोगों को शुक्रवार सुबह बन्नेरघट्टा इलाके के पास पुलिस एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी नाबालिग के घर का ड्राइवर है।

# कोर्ट ने 4 भाइयों को सुनाई उम्रकैद की सजा

## वासेपुर में 2 का रेत दिया था गला

महानगर नेटवर्क

धनबाद

आज से लगभग तीन साल पहले धनबाद के वासेपुर में दर्दनका घटना सामने आई थी। यहां चार भाइयों ने मिलकर दो लड़कों की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। दोहरे हत्याकांड के बाद आज पीड़ित परिजनों को न्याय मिल गया है। हत्या करने वाले चारों भाइयों को कोर्ट ने सजा सुना दी है। कोर्ट ने वासेपुर की गनी कॉलोनी के करीमगंज में हुए दोहरे हत्याकांड में गुरुवार को कोर्ट ने चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने चारों पर जुर्माना भी लगाया है। जिला व सत्र न्यायाधीश दशम मनीष की अदालत में गुरुवार को सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई। 29 जुलाई को ही कोर्ट ने चारों भाइयों



को इस कांड में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने मुख्य आरोपी सद्दाम अंसारी उर्फ कासिम, गुलाम मुस्तफा अंसारी उर्फ मिस्टर, शकील अंसारी उर्फ बैरिस्टर और साकिब अंसारी उर्फ भोलू पर 20-20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर एक-एक साल के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। आरोपियों ने 16 अक्तूबर 2022 की रात साहिल और सोहेल की हत्या कर दी थी। दोनों अपने रिश्तेदार आयशा खातून की पुत्री गुड़िया और जूली के घर रहते थे। सद्दाम ने अपने भाइयों के साथ मिल कर साहिल और सोहेल का गला रेत दिया था।

# ऑनलाइन गेम खेल रहा था बच्चा अचानक कमरे में लगा ली फांसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक 12 साल मासूम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मासूम का 30 जुलाई को ही जन्मदिन था और बड़े जोर शोर से उसका जन्मदिन मनाया गया था। परिजनों ने बताया कि अकलंक जैन छठवीं कक्षा का छात्र था। वह ऑनलाइन गेम अपनी मां के मोबाइल में खेला करता था। 31 जुलाई को वह घर में बैठकर फ्री फायर गेम खेल रहा था। इसी दौरान गेम खेलते हुए 3000 रुपए मां के खाते से कट जाने के बाद अकलंक अपने कमरे में गया और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब कई घंटे तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ कर देखा कि 12 साल का मासूम फांसी पर झूल रहा था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। इससे पहले भी मध्य प्रदेश में कई ऑनलाइन गेम के चलते बच्चों ने इस तरह का कदम उठाया है। सरकार ने कई ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध भी लगाया था। कई ऑनलाइन गेम के कारण अभी भी कई बच्चे चोरी छुपे एटीएम या फिर कभी क्रेडिट कार्ड से उन टास्क को पूरा करते हैं और रुपए चले जाने के बाद मां-बाप से चर्चा ना करते हुए वह इस तरह का भयानक कदम उठा लेते हैं।

# पाक का साथ देने वाले तुर्की का हुआ बुरा हाल

## टूरिज्म धड़ाम, अर्थव्यवस्था पर खतरा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पाकिस्तान का साथ देकर भारत से पंगा लेने वाले तुर्की की हालत खस्ता हो गई है। हाल ही में एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारतीयों के 'बॉयकॉट तुर्की' वाले अभियान के बाद तुर्की को भारी नुकसान हुआ है। पर्यटन के क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद अब तुर्की अर्थव्यवस्था की हालत खराब होती जा रही है। पारंपरिक रूप जून के महीने में सबसे ज्यादा भारतीय पर्यटक तुर्की पहुंचते थे। हालांकि इस साल यह आंकड़ा बेहद कम हो गया। न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक जून में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 37 प्रतिशत की कमी आई। तुर्की के आधिकारिक




आंकड़ों के मुताबिक जून में सिर्फ 24,250 भारतीय पर्यटक तुर्की पहुंचे, जबकि पिछले साल इस महीने 38,307 भारतीय पर्यटक तुर्की आए थे। वहीं इस साल मई में भी पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई थी। इन आंकड़ों से साफ है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने के बाद से भारतीय पर्यटकों ने तुर्की की ओर ना देखने का फैसला किया है। गौरतलब है कि बीते मई के महीने में भारत के ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करने के बाद तुर्की खुलकर पाकिस्तान को सपोर्ट करने की बात कर रहा था। तुर्की ने चार दिनों तक बने जंग के हालातों के बीच पाकिस्तान की मदद भी की थी, जिसकी पुष्टि भारतीय सेना ने भी की। भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख जनरल राहुल सिंह ने इस महीने की शुरुआत में खुलासा किया था कि जंग के दौरान भारत एक नहीं, बल्कि तीन दुश्मनों से लड़ रहा था, जिसमें पाक के अलावा तुर्की और चीन शामिल थे। वहीं पाकिस्तान की ओर से किए गए कायराना हमलों में तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल किए थे। 9 मई को ही भारत ने पुष्टि कर दी थी कि भारत में तबाह हो कर गिरे इन ड्रोंस के मलबे से पता चला कि ये हथियाए तुर्की के थे। यह खबर सामने आते ही भारत में तुर्की के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू हो गया था।

### भारत की वित्तीय मजबूती के लिए

# आईसीएआई ने आयोजित किया फ्यूचर प्रूफ फॉरेंसिक्स 2025

नई दिल्ली। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने शुक्रवार को मुंबई में अपने दो दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम "फ्यूचर प्रूफ फॉरेंसिक्स 2025: पार्टनरिंग फॉर रेसिलिएंट फाइनेंस" का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रमका उद्देश्य अग्रणी विशेषज्ञों, नियामकों, वित्तीय संस्थानों और उद्योग से जुड़े हितधारकों को एक मंच पर लाना है, ताकि फॉरेंसिक अकाउंटिंग, वित्तीय धोखाधड़ी की पहचान और डिजिटल लचीलेपन के क्षेत्र में उभरते रुझानों, चुनौतियों और तकनीकी प्रगति पर विचार-विमर्श किया जा सके।सहयोग और क्षमता निर्माण पर केंद्रित यह कार्यक्रम




भारत में फॉरेंसिक एवं वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए आईसीएआई की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह कार्यक्रम आईसीएआई के डिजिटल अकाउंटिंग एंड एश्योरेंस बोर्ड (डीएएबी) द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में आरबीआई, सेबी, सीएजी, आईबीए, एनबीएफसी और एआरसी सहित प्रमुख संस्थानों ने भाग लिया।

# तुलसी के पास किन पौधों को नहीं लगाना चाहिए?

**हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा पूजनीय है। घर में तुलसी का पौधा लगाना अत्यंत शुभ होता है, लेकिन इसे सही दिशा में लगाना व देखभाल करना जरूरी होता है। तुलसी का पौधा सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और वातावरण को शुद्ध करता है। तुलसी का पौधा मां लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। मान्यता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा हरा-भरा रहता है, वहां स्वयं मां लक्ष्मी वास करती हैं। वास्तु शास्त्र में तुलसी के पास कुछ पौधों को लगाना या रखना अशुभ माना गया है। जानें वास्तु के अनुसार तुलसी के पास किन पौधों को नहीं लगाना चाहिए।**





### कांटेदार पौधे
तुलसी के पास कांटेदार पौधे जैसे कैक्टस या गुलाब का पौधा नहीं लगाना चाहिए। कहते हैं कि कांटेदार पौधे नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं, जो तुलसी की सकारात्मक ऊर्जा पर प्रभाव डाल सकते हैं। वास्तु के अनुसार कांटेदार पौधों के कारण घर की शांति भंग हो सकती है।

### घना व विशाल पौधा
तुलसी के पास बड़े और घने पौधे जैसे बरगद, पीपल या अन्य कोई विशाल पौधा नहीं लगाना चाहिए। इन पौधों की छाया तुलसी पर पड़ना अशुभ माना गया है। तुलसी को हमेशा ऐसी जगह पर रखना चाहिए जहां पर्याप्त रोशनी व हवा मिल सके।

### सूखा व मुरझाया पौधा
तुलसी के पौधे के पास कभी भी मुरझाया या सूखा हुआ पौधा नहीं लगाना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से नकारात्मकता बढ़ती है। कहते हैं कि मुरझाए हुए पौधों से नकारात्मक ऊर्जा निकलती है, जो वास्तु दोष का कारण बन सकती है।

### कड़वे फल देने वाले पौधे
वास्तु के अनुसार, तुलसी के पास कड़वे फल देने वाले पौधे जैसे करेला या नीम आदि नहीं लगाने चाहिए। कहते हैं कि ये तुलसी के पौधे की सकारात्मक ऊर्जा को क्षति पहुंचाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं।

### ज्यादा पानी की जरूरत रखने वाले पौधे
वास्तु के अनुसार, तुलसी के पास उन पौधों को लगाने से बचना चाहिए जो ज्यादा पानी मांगते हैं। तुलसी के लिए ज्यादा पानी अच्छा नहीं होता है। ऐसे में अगर तुलसी के पौधे के पास ऐसे पेड़-पौधे होंगे जो ज्यादा पानी की जरूरत रखते हैं, तो तुलसी का पौधा नष्ट हो सकता है।

# वास्तु शास्त्र में भगवान की फोटो लगाने से जुड़े नियम



**अगर आपके घर में मंदिर है या आप दीवार पर भगवान की मूर्ति या तस्वीर लगाने की योजना बना रहे हैं, तो यह जानकारी आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, भगवान की तस्वीरें सिर्फ श्रद्धा का प्रतीक नहीं होतीं, बल्कि उनका सही स्थान, दिशा और स्थिति आपके जीवन में सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का कारण बन सकती है। कई लोग बिना दिशा-निर्देश के कहीं भी तस्वीरें लगा देते हैं, जिससे सुख-शांति की जगह क्लेश और दुर्भाग्य आने लगता है। भगवान की तस्वीर लगाने के वास्तु नियम-**

### पूर्व दिशा है सबसे शुभ
घर में पूजा स्थल या भगवान की फोटो लगाने के लिए पूर्व दिशा सर्वोत्तम मानी गई है। यह दिशा सूर्य की सकारात्मक ऊर्जा से भरी होती है। उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) भी एक आदर्श विकल्प है।

### डूबते सूर्य की तस्वीर न लगाएं
सजावट के उद्देश्य से लोग सूर्य की तस्वीर लगाते हैं, लेकिन डूबते हुए सूर्य की छवि लगाने से नकारात्मकता बढ़ती है। उगते सूर्य की तस्वीर लगाना शुभ होता है।

### बेडरूम और किचन में न लगाएं तस्वीरें
वास्तु के अनुसार शयनकक्ष और रसोईघर पूजा या भगवान की छवि लगाने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं हैं।

### आंखों के स्तर पर लगाएं तस्वीर
भगवान की फोटो हमेशा ऐसी ऊंचाई पर लगाएं जो आपकी आंखों के सामने हो। बहुत ऊंची या नीचे लगाई तस्वीर श्रद्धा और मन के जुड़ाव में बाधा बन सकती है।

### दो देवताओं की पीठ एक-दूसरे से न लगाएं
अलग-अलग भगवानों की तस्वीरें एक ही दीवार पर लगाते समय ध्यान रखें कि किसी भी दो देवताओं की पीठ आपस में न जुड़ी हो, यह वास्तु दोष उत्पन्न कर सकता है।

### उग्र मुद्रा में भगवान की तस्वीरें न लगाएं
घर की दीवारों पर क्रोधित या उग्र रूप में देवी-देवताओं की तस्वीरें जैसे महाकाली, उग्र शिव या नृसिंह न लगाएं। ये चित्र केवल विशेष पूजा स्थलों के लिए उपयुक्त होते हैं।



### उगते सूर्य की तस्वीर लगाना शुभ
सजावट के उद्देश्य से लोग सूर्य की तस्वीर लगाते हैं, लेकिन डूबते हुए सूर्य की छवि लगाने से नकारात्मकता बढ़ती है। उगते सूर्य की तस्वीर लगाना शुभ होता है।

### टूटी या फीकी तस्वीरें तुरंत हटा दें
अगर कोई मूर्ति या फोटो टूट गई हो या उसका रंग उड़ गया हो, तो उसे तुरंत पूजा स्थान से हटा दें। टूटी चीजें नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं।

### साफ-सुथरा और सुंदर फ्रेम जरूरी
भगवान की फोटो या मूर्ति को स्वच्छ फ्रेम में रखें और नियमित रूप से साफ करें। साथ ही, पूजा स्थल पर दीपक या अगरबत्ती जलाना भी शुभ माना गया है।

### क्यों जरूरी है वास्तु के अनुसार तस्वीर लगाना?
**अगर भगवान की फोटो सही दिशा और नियमों के अनुसार लगाई जाए, तो इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक शांति और समृद्धि का वास होता है। वहीं, अनजाने में की गई गलतियां जीवन में तनाव, क्लेश और आर्थिक समस्याओं का कारण बन सकती हैं।**

# फिट बनाए रखने के लिए कुछ आसान उपाय

**स्लिम और फिट बने रहना हर किसी की चाहत होती है, लेकिन हर बार जिम जाना या एक्सरसाइज करना सभी के लिए पॉसिबल नहीं हो पाता है। ऐसे में आप अपनी डेली रूटीन में छोटे-छोटे बदलाव करके बिना एक्सरसाइज के भी ना सिर्फ अपने शरीर को एक्टिव रख सकते हैं, बल्कि बॉडी की एक्स्ट्रा कैलोरी भी बर्न कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको अपनी दिनचर्या में कुछ मजेदार और हल्की-फुल्की आदतों को शामिल करना होगा। चलिए जानते हैं बिना एक्सरसाइज के भी शरीर को एक्टिव और फिट बनाए रखने के लिए कुछ आसान और मजेदार से उपाय।**



### टहलने से बर्न होगी कैलोरी
कैलोरी बर्न करने का सबसे आसान और असरदार तरीका है पैदल चलना। एक व्यक्ति रोज 30 मिनट की नॉर्मल वॉक से लगभग 133 कैलोरी बर्न कर सकता है। अगर चलने की स्पीड तेज हो तो कैलोरी की मात्रा बढ़ भी सकती है। अगर आप बिना एक्सरसाइज के शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी को बर्न करना चाहते हैं, तो पैदल चलना इसका सबसे आसान तरीका है। आप फोन पर बात करते-करते पैदल चलें। नजदीकी दुकान से सामान लाना हो तो बाइक या कार से जाने के बजाय पैदल जाएं। पैट्स को टहलाने के लिए निकलें या घर में बच्चा हो तो उसे लेकर टहलने निकल जाएं। इस तरह से आप अपने डेली रूटीन में छोटे बदलाव कर के खुद को फिट और एक्टिव रख सकते हैं। अगर आपको मस्ती के साथ कैलोरी बर्न करनी है, तो इसके लिए सबसे आसान और मजेदार तरीका है कि आप खेल-कूद में इंटरेस्ट दिखाएं। आप बच्चों के साथ खेल सकते हैं, पैट्स के पीछे भाग सकते हैं।

***दोस्तों के साथ हल्के-फुल्के गेम खेल सकते हैं। दौड़-भाग वाले खेल खेलने से 30 मिनट में ही आप लगभग 140 कैलोरी बर्न कर सकते हैं।***

**अगर आप बिना एक्सरसाइज के शरीर को फिट रखना चाहते हैं, तो साइकलिंग भी एक मजेदार तरीका है।**

**साइकिल चलाने से कैलोरी तेजी से बर्न होती हैं। जितनी तेजी से आप साइकिल चलाते हैं, उतनी ही ज्यादा कैलोरी बर्न होती हैं। साइकिल चलाने से फुल बॉडी की एक्सरसाइज होती है। इसके अलावा साइक्लिंग पैरों की ताकत बढ़ाती है, स्टैमिना इंप्रूव करती है और हार्ट हेल्थ का भी ख्याल रखती है।**

# टमाटर खाने के बड़े फायदे

**रसोईघर में स जी को चटपटा स्वाद देने से लेकर बर्गर- पिज्जा का टेस्ट बढ़ाने तक के लिए कच्चे टमाटर का यूज़ किया जाता है। लाल रसीले टमाटर का हल्का खट्टा स्वाद हर डिश के स्वाद में जादू घोल देता है। टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन-के, फाइबर, और पोटैशियम के साथ लाइकोपेन की अच्छी मात्रा सेहत से जुड़ी कई परेशानियों को दूर करने में मदद कर सकती है। अगर आप भी आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में अपनी डाइट के लिए एक हेल्दी और नेचुरल ऑप्शन की तलाश में हैं, तो टमाटर को अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बना लें। आइए जानते हैं टमाटर खाने से सेहत को मिलते हैं कौन से 5 गजब के फायदे।**

### इम्यूनिटी बूस्टर
टमाटर में विटामिन सी के साथ कई अन्य विटामिन्स और फोलेट एसिड जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। जो इम्यूनिटी बूस्ट करके सर्दी-जुकाम, वायरल और एलर्जी जैसे कई रोगों से लड़ने में मदद करता है। अगर आप जल्दी-जल्दी बीमार पड़ते हैं तो आपको रोजाना एक टमाटर खाना चाहिए।

### वेट लॉस
जो लोग अपना वेट लॉस करना चाहते हैं, उन्हें अपनी डाइट में टमाटर जरूर शामिल करना चाहिए। टमाटर में मौजूद कैलोरी की कम मात्रा और फाइबर और पानी की अधिकता पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखती है। जिसे व्यक्ति को भूख का अहसास जल्दी नीं होता और वेट लॉस में मद मिलती है। टमाटर में मौजूद पोषक तत्व मेटाबॉलिज्म को एक्टिव करके शरीर में जमा फैट को धीरे-धीरे बर्न करने में भी मदद करते हैं।



### हार्ट रखे हेल्दी
टमाटर का नियमित सेवन दिल को हेल्दी बनाए रखता है। इसमें मौजूद लाइकोपीन, पोटैशियम और फोलेट हार्ट हेल्थ को फायदा पहुंचाते हैं। यह ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखकर ब्लड वेसल्स को डैमेज होने से बचाता है। टमाटर का नियमित सेवन दिल की बीमारियों का खतरा कम करता है।

### ग्लोइंग स्किन
ग्लोइंग स्किन की चाहत रखने वाले लोगों को डाइट में रोजाना एक टमाटर शामिल करना चाहिए। टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स स्किन को फ्री रैडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाकर ग्लोइंग बनाए रखते हैं। कच्चे टमाटर का चेहरे पर नियमित इस्तेमाल करने से भी स्किन जवां और खिली-खिली नजर आती है।

### कैंसर से बचाव
टमामटर में मौजूद लाइकोपेन नाम का एंटी-ऑक्सीडेंट, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। जिससे कई तरह के कैंसर से बचाव में मदद मिलती है। कम लोगों को पता होता है कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के बढ़ने से शरीर में सूजन होने लगती है, जिसकी वजह से बॉडी के सेल डैमेज होने लगते हैं। जिसकी वजह से शरीर में कई तरह के कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है। टमाटर खाने से इस समस्या से बचाव होता है।

# हिंदू परंपरा का त्योहार है हरियाली तीज

**राजस्थानी जन- जागरण सेवा संस्था एवं ओजस नारी फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वाधान में लगातार सोलह वर्षों से आयोजित होने वाला तीज महोत्सव का कार्यक्रम भव्य रूप से भायंदर पश्चिम के माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान रचना पांडे द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें महिलाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया।**




लक्की ड्रा,बेस्ट डांस,बेस्ट ड्रेस आदि विभिन्न प्रतियोगियों को विधायक नरेंद्र मेहता एवं पूर्व नगरसेविका सुधा व्यास के हाथों सम्मानित किया गया। सरंक्षक रवि व्यास एवं सचिव ओम प्रकाश कावड़िया ने सभी कलाकारों का सम्मान किया। ओजस नारी फाउंडेशन की अध्यक्ष गायत्री पचलंगिया , पूजा सोनी , कुसुम शर्मा , मोनिका सोनी आदि सभी कार्यकर्ताओं ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। 3 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम 8 बजे तक चलता रहा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ युवतिओं ने जोर शोर से भाग लिया। युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने के लिये संस्था समय-समय पर लोक पर्व का सामूहिक आयोजन करती रहती हैं। मनोज खेमका,ओम प्रकाश महर्षि,पूर्व नगरसेवक विजय राय,डॉ श्याम सुंदर शर्मा,विट्ठल नवन्धर, मनोज पचलंगिया, राकेश मिश्रा,मनमोहन मिश्रा , ताराचंद टेलर आदि का विशेष सहयोग रहा।

### अग्रवाल समाज भी मनाता है तीज महोत्सव
*अग्रवाल समाज मीरा-भाईंदर द्वारा ब्लूमून क्लब, मीरा-भाईंदर (पूर्व) में नंदू पोद्दार व पुरुषोत्तम कामठिया के मार्गदर्शन में आयोजित भव्य तीज महोत्सव का शुभारंभ दीप-प्रज्ज्वलन कर मारवाड़ी सम्मेलन के ट्रस्टी व सुप्रसिद्ध समाजसेवी कन्हैयालाल घ. सराफ ने किया। सावन की थीम पर अग्रवाल महिलाओं के लिए मेंहदी व लोकनृत्य प्रतियोगिताओं के साथ मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। जादू के खेल, नृत्य-संगीत के मनोरंजन कार्यक्रम तथा चटपटी चाट एवं राजस्थानी व्यंजनों के साथ सिंघारा किया गया। संस्थागत कई वर्षों से निरंतर प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम कर रही है। आयोजन को सफल बनाने में संदीप चिरानीया, नवल सेकसरिया, संतोष अग्रवाल, बी. के. अग्रवाल व मुकेश मेहता की भूमिका सराहनीय रही।*

# टीटीके प्रेस्टिज ने 'क्लीन किचन प्रॉमिस' को किया साकार

**भारत के सबसे भरोसेमंद किचन अप्लायंसेज़ ब्रांड टीटीके प्रेस्टिज ने मुंबई के कार्टर रोड पर अपने प्रतिष्ठित प्रेस्टिज स्वच्छ प्रेशर कुकर के डीप लिड की एक विशाल प्रतिकृति का अनावरण किया। इस इंस्टॉलेशन को उत्पाद की एंटी-स्पिल (गिरने से रोकनेवाली) विशेषता के रूप में डिज़ाइन किया गया है। यह न केवल लोगों का ध्यान आकर्षित करता है, बल्कि एक उपयोगी रेन शेल्टर (बारिश से बचाने वाला आश्रय) के रूप में भी काम करता है, जो इस डीप लिड की असली उपयोगिता को दर्शाता है, रसोई और अब राहगीरों को भी बारिश में सूखा और स्वच्छ रखना।**



भारतीय रसोईघरों में लोगों को सुरक्षित और अधिक स्वच्छ खाना पकाने के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। सभी विज़िटर्स को प्रोत्साहित किया गया कि वे #SvachhNoSpillShelter हैशटैग के साथ सेल्फी और अपनी प्रतिज्ञा सोशल मीडिया पर साझा करें, ताकि 'क्लीन किचन प्रॉमिस'को और व्यापक बनाया जा सके। भाग लेने वाले विज़िटर्स को वाउचर्स भी दिए जाएंगे।

इस पल को और खास बनाने के लिए उद्घाटन के बाद इंडी बैंड सिंफनी रश ने लाइव परफॉर्मेंस दी, जिससे इस स्थान पर जोश और भीड़ दोनों ही बढ़ गए, परिवार, सैर करने वाले और उत्सुक दर्शक बड़ी संख्या में आकर्षित हुए। अकीला चंद्रशेखर, सीनियर जनरल मैनेजर और हेड – मार्केटिंग, टीटीके प्रेस्टिज ने स्वच्छ डीप लिड इनोवेशन के पीछे की सोच साझा करते हुए कहा कि टीटीके प्रेस्टिज में हमारा मानना है कि नवाचार का उद्देश्य केवल उत्पाद तक सीमित नहीं होना चाहिए। SVACHH डीप लिड को भारतीय रसोईघरों में एक वास्तविक समस्या, प्रेशर कुकिंग के दौरान फैलने वाले भोजन और उससे होने वाली असुविधा को हल करने के लिए विकसित किया गया था। यह इंस्टॉलेशन एक सप्ताह तक कार्टर रोड पर आम जनता के लिए खुला रहेगा।



# करुण नायर के नाम दर्ज हुआ हैरतअंगेज रिकॉर्ड



## 3146 दिन बाद अर्धशतक ठोक किया सभी को दंग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 204 रन बना लिए हैं. अब इस टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय पारी का सारा दारोमदार करुण नायर पर रहने वाला है. क्योंकि वो भारत के इकलौते प्रमुख बल्लेबाज है जो क्रीज पर अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद भी नाबाद बने हुए हैं. अब दूसरे दिन उनके ऊपर अपने इस अर्धशतक को बड़े स्कोर में तब्दील करने का जिम्मा होगा। इस पूरी सीरीज में भारत के लिए असफल रहे करुण नायर ने इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी की है. उन्होंने तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर संयम के साथ बल्लेबाजी की और खतरनाक इंग्लिश गेंदबाजों के सामने डटे रहे. ओवल टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक वह 52* रन बनाकर अभी भी क्रीज पर हैं और उन्होंने अपने करियर का पहला अर्धशतक जड़ा है. जी हां ये उनके अंतरराष्ट्रीय कैरियर का पहला अर्धशतक है. करुण नायर ने इससे पहले 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में 303 रन बनाए थे, जो टेस्ट में उनका एकमात्र पचास से अधिक का स्कोर था. अब उन्होंने 3146 दिन बाद टेस्ट मैचों में पचास से अधिक का आंकड़ा पार किया है. यह टेस्ट क्रिकेट में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा दो 50 से अधिक स्कोर के बीच दूसरा सबसे लंबा अंतराल है.भारतीय बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में 54 रन बनाए थे. इसके बाद उन्होंने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक सहित 67 रन बनाए. टेस्ट क्रिकेट में उनके दो अर्धशतकों के बीच 4426 दिनों का अंतर था, जो भारत के लिए सबसे लंबा है. करुण नायर ने 2016 में भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ ट्रिपल सेंचुरी जड़कर सनसनी मचा दी थी।

# 247 पर सिमटी इंग्लैंड

## सिराज-प्रसिद्ध ने झटके 4-4 विकेट



**लंदन।** लंदन के ओवल में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांचवां टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए हैं। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली है। इंग्लैंड की ओर से जैक क्रॉउली ने सर्वाधिक 64 रन बनाए। भारत के लिए मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट चटकाए। दूसरे दिन का पहला सेशन इंग्लैंड के नाम रहा, लेकिन भारत ने दूसरे सेशन में दमदार वापसी की और सेशन को जीता। पहले सेशन में भारतीय टीम ने पहले आधे घंटे में ही अपने चार विकेट खो दिए और टीम 224 पर ऑलआउट हो गई। महज 20 रन ही ओवरनाइट स्कोर में भारत जोड़ सका। पहले दिन के खेल के बाद स्कोर 204/6 था, लेकिन टीम 224 रनों पर ढेर हो गई। भारत के लिए करुण नायर ने अर्धशतक जड़ा, जबकि इंग्लैंड के लिए एस एटकिंसन ने पंजा खोला। इसके बाद इंग्लैंड ने दमदार शुरुआत की, लेकिन फिर भारत ने दमदार वापसी करते हुए इंग्लैंड को 247 रनों पर ऑलआउट किया।

**बेन डकेट-जैक क्राउली ने रचा इतिहास**

भारत और इंग्लैंड के बीच द ओवल में रोमांचक पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से खेला जा रहा है। इस मैच की पहली पारी में टॉस गंवाकर भारतीय टीम ने 224 रन बनाए थे। इसके बाद इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट और जैक क्राउली ने तूफानी शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर तेजी से रन बनाए। पहले विकेट के लिए डकेट और क्राउली ने कुल 92 रन बनाए। अपनी इस साझेदारी के साथ बेन डकेट और जैक क्राउली ने भारत के खिलाफ एक बड़ा रिकॉर्ड बना लिया है।

## AIFF ने किया ऐलान

# खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच





**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) ने खालिद जमील को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया है। शुक्रवार को एआईएफएफ ने इसका एलान किया। खालिद ने 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई-लीग खिताब दिलाया था। 13 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है। अन्य दो दावेदार भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे। स्टीफन पहले स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे। महान स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। जमील स्पेन के मनोलो मार्केज का स्थान लेंगे, जिन्होंने भारत के हालिया संघर्षों के बाद पिछले महीने एआईएफएफ से नाता तोड़ लिया था। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में सेवा देने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जिन्होंने 2011 से 2012 तक यह पद संभाला था। जमील की नई भूमिका में पहला काम सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप होगा, जो 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में खेला जाएगा।

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत



## अंतिम 16 में पहुंचीं, कुदेरमेतोवा को हराया

**मॉन्ट्रियल।** कोको गॉफ को फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रही। पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट और तीसरे सेट के टाईब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफ ने कुदेरमेतोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से पराजित किया। गॉफ का मुकाबला अब कनाडा की 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की की मैरी बोजकोवा को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया। अमेरिका की मैककार्टनी केसलर ने चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा को 7-6 (5), 6-4 से हराकर उलटफेर किया। अगले दौर में केसलर का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोस्त्युक ने ऑस्ट्रेलिया की 15वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 3-6, 6-3, 7-6 (4) से हराया।

# भारतीय पहलवान रचना और अश्विनी अंडर-17 विश्व चैंपियन, मोनी उपविजेता



**एथेंस।** भारतीय पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं, जबकि मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को इसी अंतर से मात दी। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोमल वर्मा ने 49 किग्रा वर्ग में देश को कांस्य पदक दिलाया। उन्होंने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में एनहेलिना बुर्किना को 8-3 से हराया। भारत के कम से कम दो और पदक पक्के हो गए हैं जिसमें यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) खिताबी मुकाबले में उतरेंगी जबकि मनीषा 69 किग्रा में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हालांकि, गुरुवार को सभी भारतीय पहलवान पोडियम तक नहीं पहुंच पाए। प्रीति यादव (40 किग्रा) और कशिश गुर्जर (46 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में क्रमशः मैसी अन्ना क्लेयर इलियट और जैकलिन रोज़ बुज़ाकिस से हारकर बाहर हो गईं। सारिका 53 किग्रा भार वर्ग में जापान की रियोन ओगावा से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

## MCA ने लिया बड़ा फैसला

# वानखेड़े स्टेडियम में बनेगी सुनील गावस्कर की स्टैच्यू



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) ने गुरुवार, 31 जुलाई को एक बड़ा ऐलान किया है, जिससे सभी फैंस काफी खुश हैं. MCA मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को एक बड़ा तोहफा देने जा रहा है। दुनिया भर के गेंदबाजों को परेशान करने वाले लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर को वानखेड़े में एक सम्मान दिया जा रहा है, जिसके वो हकदार भी हैं. उनका स्टैच्यू वानखेड़े स्टेडियम में बनेगा. इसकी पुष्टि MCA ने की है. इसके अलावा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार की भी स्टैच्यू बनेगा. इसी महीने इसका उद्घाटन होने जा रहा है. दरअसल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक क्रिकेट म्यूजियम बनने जा रहा है. इसका नाम MCA शरद पवार क्रिकेट म्यूजियम रखा गया है. इस म्यूजियम का उद्घाटन इसी महीने के दूसरे हाफ में होगा. सुनील गावस्कर का स्टैच्यू इस म्यूजियम में रखा जाएगा.सुनील गावस्कर के अलावा BCCI और MCA के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार का भी स्टैच्यू यहां रखा जाएगा. MCA के इस सम्मान पर सुनील गावस्कर ने बड़ी बात कही है. उन्होंने कहा कि मुझे काफी खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है. मेरी मातृ संस्था मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने फैसला लिया है कि मेरा स्टैच्यू नए MCA शरद पवार क्रिकेट म्यूजियम के प्रवेश द्वार में रखा जाएगा. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का मैं हमेशा से शुक्रगुजार हूं, जिनकी वजह से मैंने क्रिकेट में पहला कदम रखा और फिर मुझे देश के लिए खेलने का मौका मिला. मैं बता नहीं सकता हूं कि इस समय मैं कितना खुश हूं।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 14 रन से हराया





## अयूब का अर्धशतक, नवाज चमके

**लॉडरहिल (अमेरिका)।** बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने एक ओवर में तीन विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने शानदार वापसी करके वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैम अयूब के 38 गेंदों पर 57 रन की बदौलत छह विकेट पर 178 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में अच्छी शुरुआत से बावजूद सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा और तीसरा टी-20 मैच शनिवार और रविवार को लॉडरहिल में ही खेले जाएंगे। सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (35) और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्य कर रहे 18 वर्षीय ज्वेल एंड्रयू (35) ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करते वेस्टइंडीज को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन अपने पहले तीन ओवरों में 20 रन देने वाले नवाज ने नाटकीय ढंग से मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 12वें ओवर की शुरुआत में एंड्रयू को आउट किया और फिर चौथी तथा पांचवीं गेंद पर चार्ल्स और गुडाकेश मोती (00) के विकेट चटकाए, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया। कप्तान शाई होप (02) ने अगले ओवर में अयूब की फुल गेंद पर कैच थमा दिया। इस तरह से वेस्टइंडीज ने पांच रन पर चार विकेट गंवा दिए। नवाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अयूब ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। जेसन होल्डर (12 गेंदों पर नाबाद 30 रन) ने चार छक्के लगाए और शमर जोसेफ ने 12 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। पाकिस्तान की ओर से नवाज के अलावा अयूब ने दो विकेट लिए।

# धोनी ने स्मार्ट बीमा पर जताया भरोसा



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब देश की सबसे तेजी से बढ़ती बीमा कंपनी एको से जुड़ गए हैं। उन्होंने एको में निवेश करने के साथ ही ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभानी शुरू कर दी है। यह साझेदारी दोनों की उस सोच पर आधारित है जो बीमा को हर व्यक्ति के लिए आसान और भरोसेमंद बनाना चाहती है।धोनी ने अपनी फैमिली फर्म मिडाज़ डील्स प्राइवेट लिमिटेड के ज़रिए एको में रणनीतिक निवेश किया है। यह निर्णय इस बात को दर्शाता है कि धोनी को एको के उद्देश्य में दृढ़ आस्था है, एक ऐसा बीमा अनुभव जो सरल हो, आसानी से समझ में आए और आधुनिक भारत के लोगों के लिए सुलभ हो। साझेदारी पर बात करते हुए एम.एस. धोनी ने कहा कि एक ऑटोमोबाइल प्रेमी होने के नाते मुझे हमेशा लगा कि बीमा को बेवजह जटिल बना दिया गया है। एको ने इस उलझन को सुलझाया है। उनकी टेक-फर्स्ट और ग्राहक-केंद्रित सोच वैसी ही है जैसी आज का नया भारत चाहता है। मुझे खुशी है कि मैं एक ऐसे ब्रांड से जुड़ रहा हूं जो भरोसे और बदलाव पर काम कर रहा है। एको की शुरुआत इस उद्देश्य से हुई थी कि बीमा के अनुभव से सभी झंझटों को खत्म किया जा सके। आज एको 7 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है और हर साल 20 लाख से अधिक क्लेम प्रोसेस करता है, मोटर, हेल्थ और ट्रैवल बीमा क्षेत्रों में। तकनीक और डेटा के साथ-साथ इंसानी समझ के संतुलन से एको बीमा को पहले से कहीं ज्यादा आसान और भरोसेमंद बना रहा है। एको के संस्थापक वरुण दुआ ने कहा कि धोनी के साथ यह साझेदारी सिर्फ ब्रांड का नहीं, बल्कि सोच का मेल है।

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर



**लंदन।** टीम इंडिया को जो दर्द मैनचेस्टर टेस्ट में झेलना पड़ा अब वही दर्द इंग्लैंड को ओवल टेस्ट में झेलना होगा. दरअसल इंग्लैंड ने अपने अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को इस मैच के लिए खो दिया है. क्रिस वोक्स को ओवल टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग के दौरान चोट लग गई थी. जिसके बाद उनकी जांच की गई और अब मेडिकल टीम ने उन्हें अनफिट घोषित कर दिया है. मतलब क्रिस वोक्स अब ओवल टेस्ट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे. क्रिस वोक्स का बाहर होना इंग्लैंड के लिए बड़े झटके की तरह है क्योंकि ये टीम सिर्फ चार गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरी है और अब वोक्स की चोट से ये संख्या तीन ही रह गई है. बड़ी बात ये है कि वोक्स ओवल की पिच पर काफी खतरनाक साबित हो रहे थे. उन्होंने केएल राहुल का विकेट भी चटका दिया था लेकिन अब ये खिलाड़ी गेंदबाजी ही नहीं कर पाएगा जिससे इंग्लैंड को बड़ा नुकसान होना तय है. हालांकि वोक्स टीम की जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी करने उतर सकते हैं. जैसे ऋषभ पंत चौथे टेस्ट में चोट के बावजूद बैटिंग करने उतरे थे. क्रिस वोक्स के लिए ये टेस्ट सीरीज बेहद खराब रही. इंग्लैंड में उनकी स्विंग के सामने बड़े-बड़े बल्लेबाज पानी पीते नजर आते थे लेकिन इस बार उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा. क्रिस वोक्स ने इस टेस्ट सीरीज में कुल 11 ही विकेट लिए हैं और उनकी गेंदबाजी एवरेज 50 से ज्यादा की है. वोक्स इस सीरीज में बल्ले से भी कुछ कमाल नहीं कर पाए और अब उन्हें आखिरी मैच में दर्दनाक चोट लग गई.

**सीरीज में शानदार प्रदर्शन**

क्रिस वोक्स इस टेस्ट में 14 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट ले चुके थे। उन्होंने सीरीज के सभी 5 टेस्ट मैच खेले हैं और अब तक 11 विकेट झटके हैं।



# शार्दुल ठाकुर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## दलीप ट्रॉफी में इस टीम की करेंगे कप्तानी

**मुम्बई।** पश्चिम क्षेत्र चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी दलीप ट्रॉफी मैचों के लिए शार्दुल ठाकुर को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बीकेसी स्थित एमसीए की शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी में आज हुई चयन बैठक के बाद शार्दुल ठाकुर को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई। टीम में मुंबई के 7 खिलाड़ी, गुजरात के 4, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के 2-2 खिलाड़ी को जगह दी गई हैं। टीम में ठाकुर के अलावा मुंबई के बड़े नामों में यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान शामिल हैं। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ भी टीम का हिस्सा हैं। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टीम में जगह नहीं मिली है। मुंबई क्रिकेट संघ के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने सात अतिरिक्त खिलाड़ियों की एक विस्तृत सूची भी जारी की है जिसमें महेश पिठिया, शिवालिक शर्मा, मुकेश चौधरी, सिद्धार्थ देसाई, चिंतन गजा, मुशीर खान और उर्विल पटेल शामिल हैं।

# बुमराह को चुनिंदा मैच खेलने का पूरा अधिकार : भारत के सहायक कोच



लंदन। जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट ही खेलने का निर्णय लिया और भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे के अनुसार टीम प्रबंधन को उनके कार्यभार को देखते हुए इस फैसले का सम्मान करना सही लगा। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला लेकिन एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉर्डर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने खेला। निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुमराह पर फैसला लेने के लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने ऐन मौके तक इंतजार किया। पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी को बाहर रखने का फैसला हमेशा कठिन होता है। उन्होंने कहा, 'बुमराह का मसला पेचीदा है। हम चाहते थे कि वह खेले लेकिन उसके कार्यभार को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की।' डोइशे ने आगे कहा, 'लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।' ओवल की हरी भरी पिच पर बुमराह काफी उपयोगी साबित होते। क्या वह चोटों से भरे अतीत के कारण अपनी मर्जी से मैच चुन रहे हैं। यह पूछने पर डोइशे ने कहा, 'यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। हमने स्थिति को संभालने की कोशिश की है, यह आदर्श नहीं है, मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना जरूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों।' उन्होंने कहा, 'उन्हें बताना जरूरी है कि हम सभी फैसले सद्भावना से टीम के सर्वोत्तम हित में ले रहे हैं और इसी वजह से जो खिलाड़ी नहीं खेले हैं, वे शानदार रहे हैं, उन्होंने पूरी टीम को प्रशिक्षित किया है, लेकिन जब उन्हें टीम से बाहर रखा जाता है तो वे निराश होते हैं।'

# अजय की फिल्म हंसाने में हुई सफल

## रवि किशन की परफॉर्मेंस ने जीता दिल



अजय देवगन, मृणाल ठाकुर और रवि किशन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 रिलीज हो गई है। साल 2012 में रिलीज हुई सन ऑफ सरदार के बाद अब इस फिल्म को विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित किया जा रहा है, जिसको लेकर काफी समय से बज है। अजय अपने जस्सी के रूप में वापस आए हैं और इस बार उनके साथ है उनकी पत्नी(नीरू बाजवा) जो उन्हें लंदन बुलाती है और तलाक की बात करती है। जस्सी पंजाब में पत्नी का इंतजार कर रहा था, लेकिन पत्नी तलाक लेने का सोच लेती है।

इसके बाद जस्सी की मुलाकात होती है रबिया(मृणाल ठाकुर) से। रबिया की छोटी बहन है सबा(रोशनी वालिया) जो राजा (रवि किशन) के बेटे से शादी करना चाहती है। राजा को अच्छी ब्रीड का ऑब्सेशन होता है फिर चाहे जानवर को लेकर हो या इंसान को लेकर। वह सबा के पैरेंट्स से मिलने का फैसला करता है जो कि है ही नहीं इसलिए जस्सी उसका पिता बन जाता है और रबिया मां। इसके बाद शुरू




होता है ड्रामा। सन ऑफ सरदार 2 मे पहले पार्ट के जोक नहीं हैं। पहले पार्ट से कोई कनेक्शन नहीं है। स्क्रीनप्ले सिंपल है। फर्स्ट हाफ थोड़ा स्लो है, लेकिन जैसे ही और करेक्टर्स आते हैं ह्यूमर बढ़ने लगता है। जगदीप सिंह सिद्धू और मोहित जैन की राइटिंग थोड़ी लाइट है। फर्स्ट पार्ट हालांकि विनर होता है। सेकेंड हाफ उथल-पुथल से शुरू होता है और कुछ सीन थोड़े कमजोर लगते हैं। क्लाइमेक्स टाइम पर ट्रैक पर आ जाता है। राइटिंग बेतुका नहीं है। सोचिए साल 2025 में, भारत-पाकिस्तान तनाव जैसी किसी घटना को सेल्युलाइड पर दिखाया जाए। अजय देवगन हंसाने में सक्सेसफुल होते हैं और लीड का किरदार अच्छे से निभाया। लेकिन रवि किशन जो गैंगस्टर बनकर आए वह काफी मजेदार था। सन ऑफ सरदार 2 में काफी वन लाइनर्स हैं। दीपक डोबरियाल ने भी महिला बनकर जो काम किया है वो काफी शानदार है। मृणाल इस पागलपन की राइड में फिट बैठीं और उनकी कॉमिक टाइमिंग भी अच्छी थी। रोशनी ने अपना किरदार अच्छा किया। विंदू दारा सिंह और दिवंगत मुकुल देव भी आपके चेहरे पर हंसी लेकर आएंगे। कुब्रा सैत को ज्यादा कुछ करने को नहीं मिला। ओवरऑल सन ऑफ सरदार 2 को आप परिवार और दोस्तों के साथ देख सकते हैं।

# अंकिता लोखंडे ने पति को बांहों में भरकर किया बर्थडे विश



अंकिता लोखंडे के लिए यह एक खास दिन है क्योंकि वह अपने पति विक्की जैन का जन्मदिन मना रही हैं। विक्की को इंडस्ट्री के उनके दोस्तों से ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं, लेकिन इस मौके पर अंकिता की एक खास पोस्ट को देखकर उनके फैंस खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। अंकिता ने विक्की के साथ कई कैंडिड तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, 'जो तुम मेरे हो, तो मैंने कुछ नहीं मांगा दुनिया से... हैप्पी बर्थडे, मेरा विक्की! मैं तुमसे आज, कल, हमेशा-हमेशा के लिए प्यार करती हूं... तुम्हारे होने के लिए, मेरे होने के लिए शुक्रिया... तुम्हारा जन्मदिन मनाना मेरे जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद है।'

अंकिता लोखंडे के लिए यह दोहरा जश्न है क्योंकि आज न केवल विक्की जैन का, बल्कि उनकी मां वंदना लोखंडे का भी जन्मदिन है। अंकिता ने अपनी मां और पति की शादी के दिन की एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'आज मुस्कुराने की दोहरी वजह! मेरे दिल में सबसे खास जगह रखने वाले दो लोगों, मेरी मम्मी और मेरे विक्की को जन्मदिन की शुभकामनाएं- आज और हमेशा आप दोनों के लिए बहुत आभारी हूं।' अंकिता और विक्की ने दिसंबर 2021 में मुंबई के ग्रैंड हयात में शादी की थी। इसके बाद यह जोड़ी सलमान खान के होस्ट किए गए बिग बॉस 17 में नजर आई और इस रियलिटी शो में उनके कठिन सफर ने खूब सुर्खियां बटोरीं। एक्ट्रेस विक्की जैन के साथ कॉमेडी रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स में नजर आईं। शो के खत्म होने पर अंकिता और विक्की ने इसे मजेदार बताया। इस कपल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें विक्की ने उन्हें शो में शामिल करने के लिए चैनल का आभार जताया, अंकिता ने कहा कि उन्हें लाफ्टर शेफ्स की याद आएगी क्योंकि इसने उन्हें एक बड़ा परिवार दिया है।



# आलिया ने थिएटर में जाकर देखी सैयारा



मोहित सूरी की फिल्म सैयारा इन दिनों छाई हुई है। इस फिल्म के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा ने डेब्यू किया है। फिल्म की ना सिर्फ दर्शक और क्रिटिक्स बल्कि सेलेब्स ने भी खूब तारीफ की है जिसमें आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी शामिल हैं। अब मोहित ने बताया कि फिल्म देखने के बाद आलिया और रणबीर ने क्या कहा था।

## मोहित सूरी बोले- रणबीर ने फोन करके कहा-तुझे बहुत...

दरअसल, मोहित सूरी से पूछा गया कि आलिया भट्ट का कैसा रिएक्शन था तो उन्होंने एनडीटीवी से बात करते हुए कहा, 'हां वह थिएटर देखने गई थीं फिल्म। मैंने उन्हें ट्रायल स्क्रीनिंग में बुलाया था, लेकिन उन्होंने ना कहा। वह बोलीं कि थिएटर में जाकर देखेंगी। थिएटर में देखने के बाद उन्होंने बहुत तारीफ की। उन्होंने दोनों एक्टर्स के नंबर भी मांगे और उनसे बात की। इसके अलावा आलिया ने सोशल मीडिया पर भी फिल्म की तारीफ की।' मोहित ने आगे कहा, 'उन्होंने रणबीर को फिल्म दिखाई। आलिया ने इस फिल्म को शुरू से सपोर्ट किया था क्योंकि उन्हें महसूस हुआ कि इसमें वही इमोशनल गहराई है जो मेरी बाकी फिल्मों में होती है। वह मेरे पूरे करियर में काफी सपोर्टिव रही हैं।' रणबीर को लेकर मोहित ने कहा कि रणवीर ने मुझे कॉल किया और खूब तारीफ की फिल्म की। उन्होंने कहा कि अभी तुझे बहुत फिल्में बनानी है। अभी थोड़ा आराम से काम कर। एंजॉय कर। बता दें कि आलिया ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, 2 मैजिकल स्टार्स अनीत पड्डा और अहान पांडे का जन्म हुआ है। मुझे याद नहीं कि लास्ट टाइम मैंने किसी एक्टर को इतने प्यार से देखा है। आप दोनों ने शाइन किया है, सच्चाई के साथ। इस शानदार नाव के कैप्टन मोहित सूरी हैं और उन्होंने क्या फिल्म बनाई है। सैयारा दिल से भरी है।

# जॉन अब्राहम की 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज



जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है जो एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही? इस स्वतंत्रता दिवस पर सच्चाई सामने आ रही है।' ट्रेलर देखकर लोग जॉन की तारीफें कर रहेहैं। एक यूजर ने कहा है- ऐसी फिल्में जंचती हैं जॉन पर। बता दें कि जॉन की ये अपकमिंग फिल्म 'तेहरान' सिनेमाघरों में नहीं बल्कि आप सीधे OTT पर इसका लुत्फ उठा सकते हैं। मजेदार ये कि ये फिल्म स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 14 अगस्त, 2025 को रिलीज हो रही है। इसका प्रीमियर OTT प्लेटफॉर्म ZEE5 पर होने जा रहा है। दिनेश विजान द्वारा प्रड्यूस की गई ये फिल्म लंबे समय से काफी चर्चा में रही है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम के अलावा मानुषी और नीरू बाजवा, एलनाज नौरोजी भी अहम रोल में हैं। ये मैडॉक फिल्म्स और पैसिफिक वर्ल्डवाइड फिल्म्स के बैनर तले बनी है। दिनेश विजान के अलावा ये शोभना यादव और संदीप लेजेल द्वारा निर्मित है। बताते चलें कि ये फिल्म पहले 2023 में गणतंत्र दिवस पर रिलीज होन वाली थी लेकिन किसी न किसी वजह से लगातार फिल्म की रिलीज डेट बदलती गई।

# पर्सनल लाइफ को लेकर अफवाहों से नहीं पड़ता निमरत कौर को फर्क



निमरत कौर बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई सक्सेसफुल फिल्में और वेब सीरीज में काम किया है। निमरत वैसे पर्सनल लाइफ को लेकर कम बात करती हैं। अब उन्होंने अपने से जुड़े फेक अफवाहों को लेकर बात की। उनका यह रिएक्शन पिछले साल रिलीज हुई दसवीं के को-स्टार अभिषेक बच्चन के साथ डेटिंग की अटकलों के बीच आया है।

## कहा- मेरा मकसद सिर्फ...

निमरत ने बताया कि कैसे पर्सनल लाइफ को लेकर उनकी जो अफवाह आती है उसे वह कैसे हैंडल करती हैं। वह बोलीं, 'सोशल मीडिया अपने आप में एक ऐसे अमीबा की तरह, वो कभी भी, कहीं भी उगता है, किसी भी रीजन से- भले कारण है या नहीं है। मेरा फोकस लाइफ में क्या होना चाहिए वो बहुत क्लीयर है। मुंबई शहर में सोशल मीडिया के लिए नहीं आई थी, उस वक्त था भी नहीं। स्मार्ट फोन्स भी नहीं थे।' निमरत ने आगे कहा, 'मेरा लाइफ गोल और मकसद है कि मैं काम की जमा पूंजी बढ़ाऊं ना कि बेफालतू की चीजें, जिन लोगों के पास बहुत समय है। मुझे तो तरस ही आता है कि अपनी लाइफ या अपने समय के साथ कुछ बेहतर ही कर लें। मुझे उनकी परवरिश और परिवार के लिए दुख होता है। निमरत ने आगे कहा, 'मुझे बुरा लगता है उन लोगों के लिए। कोई राह चलता आदमी अगर आपको बेफालतू कुछ बोलेगा तो बुरा लगेगा क्या आपको? उसको तकलीफ हो रही है, मदद की जरूरत है। जिंदगी में बहुत कुछ करना है, बहुत लंबा सफर है। ये सब के लिए फालतू टाइम नहीं है मेरे पास।' निमरत की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट स्काई फोर्स और कुल में नजर आई थीं।

# हुमा ने टैंक टॉप और जीन्स में कराया फोटोशूट


## दोस्त सोनाक्षी सिन्हा बोलीं- चेन खुली है



इंडस्ट्री में कई दोस्तियां ऐसी हैं जो आम लोगों को फ्रेंडशिप गोल्स देती हैं। ऐसी ही एक दोस्ती है सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी की। सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी की कई वीडियोज सोशल मीडिया पर सामने आती हैं जिनमें उनका बॉन्ड साफ नजर आता है। अब सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी दोस्त हुमा कुरैशी की लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों पर एक मजेदार कमेंट किया है। उनके इस कमेंट पर फैंस हंसने वाले इमोजी के साथ रिएक्ट कर रहे हैं। हुमा कुरैशी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वो व्हाइट टैंक टॉप, व्हाइट डेनिम जैकेट और ब्लू डेनिम जीन्स पहने नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में हुमा कुरैशी ने जीन्स की बटन और चेन खोली हुई है। इसी तस्वीरों में हुआ सिंपल इयररिंग्स पहने हैं और उनके बाल खुले हुए हैं। हुमा कुरैशी की इन तस्वीरों पर बहुत से लोगों ने कमेंट किया है। भूमि पेडनेकर ने इन तस्वीरों पर फायर इमोजी बनाया है। विनीत कुमार सिंह ने इन तस्वीरों पर हार्ट और फायर इमोजी बनाकर रिएक्ट किया है। हुमा के फैंस ने भी इन तस्वीरों पर हार्ट और फायर इमोजी बनाकर रिएक्ट किया है। सोनाक्षी सिन्हा की बात करें तो उन्होंने अपने दोस्त की तस्वीरों पर कमेंट करके लिखा- चेन खुली है। सोनाक्षी के इस कमेंट पर कुछ यूजर्स ने हंसी वाला इमोजी बनाकर रिएक्ट किया है।



# फिल्म 'फकिरीयत' का टीजर हुआ रिलीज




एक दिव्य आत्मा एक सनातन गुरु श्री महावतार बाबा जी हजारों सालों से इस दुनिया के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जो योग मानवता को दिया, वह एक दिव्य वरदान है, क्रिया योग। इस योग का अभ्यास करके कोई भी व्यक्ति कम समय में आध्यात्मिक उन्नति कर सकता है, अपने जीवन को सुधार सकता है और आत्मबोध की दिशा में बढ़ सकता है। आने वाली हिंदी फिल्म 'फकिरीयत' इसी रहस्यमयी हिमालयी योगी के जीवन की झलक दिखाएगी, जिनके बारे में माना जाता है कि वे हजारों सालों से हिमालय में रह रहे हैं। यह फिल्म 19 सितम्बर 2025 को रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म का आधिकारिक टीज़र लॉन्च किया गया है। भद्रबाहु डिवाइन क्रिएशन्स एलएलपी के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन संतोष मांजरेकर जी ने किया है, जो मराठी सिनेमा में अपने सराहनीय काम के लिए जाने जाते हैं। फकिरीयत की कहानी अनुजा जानवलेकर की दो पुस्तकों पर आधारित है, "चिरुट जलती है" और "अध्यात्म: एक विद्रोह, एक क्रांति"। स्क्रीनप्ले अनिल पवार ने लिखा है और संवाद अनुजा जानवलेकर के साथ मिलकर तैयार किए हैं। निर्देशक संतोष मांजरेकर का कहना है कि फकिरीयत का टीज़र दर्शकों को फिल्म की आध्यात्मिक यात्रा की झलक देता है। यह एक ऐसा प्रयास है जो बाबाजी के शिष्य की कहानी के माध्यम से उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाना चाहता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीज़र दर्शकों को पसंद आएगा और वे फिल्म देखने के लिए थिएटर जरूर पहुंचेंगे। कलाकारों की बात करें तो, फिल्म में मुख्य भूमिका में मराठी अभिनेत्री दीपा परब हिंदी फिल्मों में अपनी वापसी कर रही हैं। दीपा परब के साथ फिल्म में विनीत शर्मा, उदय टिकेकर, अक्षय वर्तक, नयन जाधव, संदेश जाधव और अनिशा सबनीस नजर आएंगे। अभिनेता संतोष जुवेकर फिल्म में गेस्ट अपीयरेंस में दिखेंगे। गीत समृद्धि पवार ने लिखे हैं, जिन्हें प्रवीण कुंवर ने संगीतबद्ध किया है और मनीष राजगीरे, मनोज मिश्रा, जसराज जोशी और नेहा राजपाल ने गाया है।

# 9 अगस्त को होगा 'रेड लेटर' का ओटीटी प्रीमियर

फिल्ममेकर अजीत अरोरा की चर्चित मिनी-फीचर फिल्म 'रेड लेटर' अब ओटीटी के कश्मीर की हसीन वादियों में फिल्माई गई इस थ्रिलर ड्रामा को न सिर्फ फिल्म समीक्षकों की सराहना मिली, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दर्शकों ने भी इसकी कहानी, निर्देशन और प्रस्तुति की खुलकर तारीफ की है। 'रेड लेटर' एक ऐसे सामाजिक सच को उजागर करती है, एक ऐसे मुद्दे पर बात करती है, जिसे आज भी हम नज़रअंदाज़ करते आ रहे हैं।

9 अगस्त से शेमारू मी पर मिनी फ़ीचर फ़िल्म रेड लेटर रिलीज होगी। मनोरंजन के साथ ही यह फ़िल्म दर्शकों अहम सामाजिक बुराई के प्रति सोचने पर मजबूर कर देगी। अजीत अरोरा, जो इस फिल्म के लेखक, निर्देशक और मुख्य कलाकार भी हैं, ने इसे सामाजिक तौर पर एक बेहद जरूरी कहानी बताया, जिसे उन्होंने पूरी संवेदनशीलता और शिद्दत से पर्दे पर उतारने का प्रयास किया है। अरोरा कहते हैं, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक अनुभव है। हर सीन, हर फ्रेम, को बड़ी बारीकी से गढ़ा गया है जो दर्शकों के दिल को छू जाएगी। फिल्म की एक शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका सामना उसके अतीत के एक ऐसे राज़ से होता है जो समाज में आज भी ज़िंदा है। खामोशी, पीड़ा, घुटन और न्याय पाने की जद्दोजहद के बीच यह कहानी एक ज़रूरी सवाल उठाती है। फिल्म में म्यूज़िक का भी अहम रोल है। खासकर जावेद अली की आवाज़ में फिल्माया गया एक गीत जो इस फिल्म के इमोशनल टोन को और गहराई देता है। बताते चलें कि 'रेड लेटर' को अब तक सात से ज़्यादा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में ऑफिशियल सेलेक्शन, नॉमिनेशन या अवॉर्ड मिल चुके हैं।

